चैत्र शुक्ल पक्ष 13
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
11 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-174
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

₹83100 10 ग्राम

₹96000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
| --- | --- |
| 73,847.15 | 86.262 |
| -379.93 | -0.388 |

## एसएनएमएमसीएच में मरीज की हुई मौत पर लोगों ने कर दी सीनियर रेजिडेंट की पिटाई

- विरोध में आठ-नौ घंटे हड़ताल पर रहे डॉक्टर
- ठप रही अस्पताल की इमरजेंसी सेवा

नवीन मेल डेस्क

**धनबाद।** धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में बुधवार की देर रात एक मरीज की मौत के बाद उत्तेजित लोगों ने एक सीनियर रेजिडेंट की पिटाई कर दी। इससे नाराज होकर हॉस्पिटल के तमाम डॉक्टरों ने रात दो बजे से हड़ताल कर दी। इसके बाद करीब आठ-नौ घंटे तक अस्पताल में इमरजेंसी सेवा ठप रही। इस दौरान गंभीर मरीजों को भी हॉस्पिटल में दाखिला नहीं मिला। बाद में मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डीके गिंदौरियां के समझाने-बुझाने पर डॉक्टर काम पर लौटे। दोपहर बाद हॉस्पिटल में सभी विभागों में सामान्य स्थिति बहाल हो गई है।



जानकारी के अनुसार, बुधवार को सर्पदंश की शिकार एक बच्ची को हॉस्पिटल के शिशु रोग विभाग में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान रात में बच्ची की मौत हो गई। इस पर उसके परिजनों ने हॉस्पिटल के डॉक्टरों और कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कई लोग मौके पर जुट आए और डिपार्टमेंट के एक सीनियर रेजिडेंट से बहस करते हुए उनकी पिटाई कर दी गई। इसकी सूचना पाकर सरायढेला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया गया। इधर, जब अस्पताल के डॉक्टरों को सीनियर रेजिडेंट के साथ मारपीट की जानकारी मिली, तो उन्होंने रात दो बजे से अपनी सेवाएं बंद कर दीं। हड़ताल पर डॉक्टर मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि आए रोज डॉक्टरों के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में जब तक उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी जाती, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। इधर, हड़ताल सुबह करीब 11 बजे तक जारी रही। इस कारण बड़ी संख्या में मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा। वहीं, हॉस्पिटल की ओपीडी सेवा भी कुछ घंटे तक बाधित हुई।

## बारिश व ओलावृष्टि से बढ़ी किसानों की चिंता

- तेज हवाओं से पेड़ गिरे, फसलों को भारी नुकसान की आशंका

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय में गुरुवार शाम फिर से तेज बारिश और ओलावृष्टि ने लोगों को परेशान कर दिया। करीब 3:10 बजे शुरू हुई बारिश आधे घंटे तक तेज गति से होती रही, जिसके साथ चली 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार वाली तेज हवा ने कई पेड़ों को गिरा दिया और मकानों को भी नुकसान पहुंचाया।

सदर थाना क्षेत्र के कई हिस्सों में ओलावृष्टि से खेतों में लगी फसलों को नुकसान हुआ है। इससे पहले बुधवार को भी बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों को प्रभावित किया था। दो दिनों की लगातार बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज हवा और बारिश के कारण जनकपुरी के पास एक बाइक सवार फिसल कर गिर गया, हालांकि उसे हल्की चोटें आईं। दोपहर में ही आसमान में घने बादल छा गए और अंधेरा हो गया, जिससे राहगीरों को जगह-जगह रुकना पड़ा। बाजार में खरीदारी कर रहे लोग भी अचानक बारिश से परेशान हो गए।



मौसम विभाग के अनुसार, ओलावृष्टि का आकार 0.8 से 1.5 सेंटीमीटर तक रहा। मुख्यालय में कुल 26.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण अधिकतम तापमान दो डिग्री घटकर 38.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.1 से गिरकर 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## गोवा से भूटान जा रही शराब जब्त, यूपी का तस्कर पकड़ा गया

**मेदिनीनगर।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को गुरुवार की देर रात बड़ी सफलता मिली। जिले में पहली बार अंतरराष्ट्रीय शराब तस्करी रैकेट का पदार्फाश हुआ है। गोवा से भूटान भेजी जा रही लाखों रुपये की शराब की खेप पकड़ी गई है। यह शराब एक ट्रक से पलामू के रास्ते भूटान भेजी जा रही थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यूपी के एक तस्कर को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गोपनीय सूचना मिली थी कि शराब की एक बड़ी खेप पलामू होकर तस्करी के लिए भेजी जाने वाली है। इसी सूचना के आधार पर चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। तलाशी के क्रम में एक ट्रक को रोका गया, जिसमें 1200 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। इन पेटियों में कुल 14,400 बोतलें भरी हुई थीं। जब्त ट्रक उत्तर प्रदेश नंबर का है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ है कि यह शराब गोवा से भूटान ले जाई जा रही थी। हिरासत में लिया गया व्यक्ति उत्तर प्रदेश का निवासी है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## 'परंपरा और प्रयोग' पुस्तक का लोकार्पण आज

**रांची (हि.स.)।** विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत द्वारा लिखित पुस्तक 'परंपरा और प्रयोग' का लोकार्पण ग्रामायतन, आरोग्य भवन बरियातू रोड में शुक्रवार (11 अप्रैल) को संध्या 4:15 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जोशी होंगे।

## टाटीसिलवे में गड्ढे में मिला गुमला के दो युवकों का शव

**रांची।** राजधानी रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक गड्ढे से दो युवकों का शव मिला। दोनों युवकों का शव सड़क निर्माण के लिए बनाए गए गड्ढे से बरामद किया गया। मामला हत्या का है या हादसे का, फिलहाल अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। दोनों ही बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। मामला संदेहास्पद मौत का इसलिए भी है, क्योंकि मौके से एक हथियार भी बरामद किया गया है। दोनों मृतक झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले बताए जाते हैं। पुलिस को सूचना मिली कि सड़क निर्माण के लिए बनाए गए एक गड्ढे में बाइक सहित दो युवक मृत पड़े हुए हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों को गड्ढे से बाहर निकाला।

### मुख्यमंत्री से युवा इंडिया की टीम ने ओरमांझी की गरीब बच्चियों के साथ की मुलाकात

# ऊंची उड़ान भरनी है, तो सपने जरूर देखें : सीएम

**बोले सीएम**

- हर कदम पर सहयोग करने के लिए खड़ी है सरकार
- खेलों के प्रति बेहतर वातावरण बनाने का जारी है प्रयास
- फुटबॉल की बड़ी प्रतियोगिता आयोजित करने की है योजना



**चुनौतियों के बीच स्वयं को करना है स्थापित**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बच्चियों से कहा कि हर किसी के लिए जिंदगी चुनौतीपूर्ण होती है। इन्हीं चुनौतियों के बीच हमें अपने को स्थापित भी करना होता है। इसमें कोई आपका मददगार साबित होगा, तो कोई आपको पीछे धकेलने की भी कोशिश करेगा। आपके पास जरूरी संसाधनों का भी अभाव होगा, लेकिन इसके बाद भी आपको ना तो निराश होना है और ना ही हतोत्साहित। आप सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करें। उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। किसी भी परिस्थिति में घबराएं नहीं। अपने मनोबल को हमेशा बनाए रखें, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने रांची जिले के ओरमांझी में गरीब बच्चियों की शिक्षा, लाइफ स्किल प्रोग्राम और फुटबाल प्रशिक्षण को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए कई योजनाएं चला रही है। यहां की बच्चियां आगे बढ़ें, वे एक मुकाम हासिल करें, इसके लिए सरकार हर कदम पर सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने ओरमांझी जैसे छोटे इलाके में रहने वाली बच्चियों की खेल प्रतिभा की पहचान कर उन्हें तराशने के लिए ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चियों से कहा, अगर आपको ऊंची उड़ान भरनी है, तो सपने जरूर देखें।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड की ताकत खेल है। यहां के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन से राज्य को गौरवान्वित किया है। हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। आज हर पंचायत में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों को नौकरी देने के साथ सम्मानित करने की परंपरा शुरू की गई है। राज्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि यहां खेलों के प्रति एक बेहतर वातावरण बनने के साथ खिलाड़ियों को **शेष पेज 11 पर**

### अनिल टाइगर हत्याकांड का एसएसपी ने किया खुलासा

## 10 एकड़ जमीन के कारण हुई हत्या

- जमीन पर कब्जे का विरोध कर रहे थे अनिल टाइगर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने गुरुवार को अनिल महतो हत्याकांड का खुलासा किया। हत्या 10 एकड़ जमीन को लेकर हुई थी। पुलिस के अनुसार, उनकी हत्या की वजह पहले जमीन पर कब्जे का विरोध करना और फिर कब्जा करने वालों से प्रति डिसमिल 50 हजार रुपए की मांग करना था। बता दें कि विगत 26 मार्च को कांके थाना क्षेत्र स्थित कांके चौक पर इंद्रजीत कुमार अनिल उर्फ अनिल महतो उर्फ अनिल टाइगर की अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी लता देवी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ कांके थाना में मामला दर्ज किया गया था। इस घटना के विरोध में 27 मार्च को रांची केव्यवसायियों, भाजपा और आजसू ने रांची बंद का आह्वान भी किया था।

डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए एसआईटी का गठन कर जांच शुरू की गई थी। चंदन कुमार सिन्हा ने खुलासा करते हुए बताया कि इस घटना में मृतक अनिल महतो मूल रूप से साकिन-गागी खटगा गांव के निवासी थे, जो राजनीतिक कार्यकर्ता भी थे। मृतक अनिल महतो ने चामगुरु मौजा में आने वाले कुल रकबा-10 एकड़ विवादित भूमि के संबंध में गागी खंटगा गांव के ग्रामीणों के सहयोग से देवव्रत नाथ शाहदेव द्वारा किए जा रहे कब्जे का विरोध किया था। इस दौरान कई बार देवव्रत नाथ शाहदेव और अनिल महतो के बीच बातचीत विफल रही थी।

बातचीत के दौरान ही वर्ष 2023 के अगस्त महीने में देवव्रत नाथ शाहदेव विवादित जमीन पर चारदीवारी का बना कर जबरन कब्जा कर रहा था। इस दौरान अनिल महतो ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से देवव्रत नाथ शाहदेव द्वारा किए जा रहे कब्जे का विरोध किया था। इसके बाद देवव्रत नाथ शाहदेव ने विवादित भूमि के केयर टेकर दिलीप कुमार मुंडा के जरिए कांके थाना में अनिल महतो सहित 08 नामजद और 40-50 अन्य के खिलाफ मारपीट और तोडफोड़ करने के साथ रंगदारी की मांग करने के आरोप में कांके थाना में मामला दर्ज करवाया था, जिस पर जांच चल रही थी। बताया गया कि घटना के बाद कई बार देवव्रत नाथ शाहदेव ने अपने सहयोगियों के माध्यम **शेष पेज 11 पर**

## पत्नी की गला दबाकर हत्या कर फरार हुआ शराबी पति

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड अंतर्गत हिसरा बरवाडीह पंचायत के मटपुरही टोला में घरेलू विवाद के बाद नशे की हालत में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति घटना के बाद से फरार है। मृतका की पहचान 40 वर्षीय सरिता देवी के रूप में हुई है, जो मटपुरही टोला निवासी मनोज भुइयां की पत्नी थीं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था और दोनों शराब का सेवन भी करते थे। बुधवार रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद मनोज ने गला दबाकर सरिता की हत्या कर दी। सरिता का 12 वर्षीय पुत्र विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके पिता नियमित रूप से शराब पीते थे और कोई कामधंधा नहीं करते थे। परिवार की जिम्मेदारी उसकी मां ही उठाती थी। विकास के अनुसार, बुधवार शाम जब वह गांव से काम कर लौटा तो दोनों माता-पिता नशे की हालत में थे, लेकिन उस समय कोई झगड़ा नहीं हो रहा था। रात करीब 10 बजे तक दोनों बाहर बालू पर बैठकर मोबाइल देख रहे थे। इसके बाद वह सो गया। गुरुवार सुबह जब वह जगा तो देखा कि उसकी मां का शव बालू पर पड़ा है और पिता वहां से गायब है। विकास को पूरा यकीन है कि उसकी मां की हत्या उसके पिता ने ही की है। घटना की सूचना पर पाटन थाना से एएसआई अमेंद्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सिंह और विष्णु कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की गहन जांच की और सभी पहलुओं पर तहकीकात शुरू कर दी है। पुलिस को देखते ही आरोपी मनोज भुइयां घर छोड़कर भाग गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



## महावीर जयंती पर भी खुली रही मांस-मछली की दुकानें, सरकारी आदेश की उड़ाई गई धज्जियां

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती पर राज्य सरकार द्वारा जारी सख्त निर्देश के बावजूद मेदिनीनगर नगर क्षेत्र में मांस, मछली और मुर्गा की दुकानें खुली रहीं। सरकारी आदेश की अनदेखी करते हुए कई दुकानदारों ने न सिर्फ दुकानें खोलीं, बल्कि बिक्री भी की।

झारखंड सरकार ने 10 अप्रैल को महावीर जयंती के अवसर पर पूरे राज्य में मांस, मछली और मुर्गा की बिक्री व क्रय पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। आदेश में स्पष्ट उल्लेख था कि उल्लंघन की स्थिति में संबंधित दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इसके बावजूद मेदिनीनगर के कई मोहल्लों और प्रमुख बाजारों में मांस-मछली की दुकानें बेधड़क खुली रहीं। कुछ स्थानों पर ग्राहकों की आवाजाही भी देखी गई, जिससे यह साफ है कि सरकारी निदेर्शों का पालन नहीं किया गया। स्थानीय नागरिकों और धार्मिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि इस आदेश के उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे धार्मिक अवसरों की गरिमा बनी रहे।

**इंडिया**

## भाषा की राजनीतिक सीढ़ी कहीं हिंसक न हो जाए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अलग-अलग क्षेत्रों में जनता से जुड़े भावनात्मक मुद्दों राजनीति का खेल संसार की सबसे पुराने प्रजातांत्रिक व्यवस्था के समय से चल रहा है। आम आदमी इस मृग मरीचिका को सत्य मानकर खून खराबे पर उतर जाता है और सत्ता प्राप्त करते ही बहुत ही चतुराई से इसे हाशिए पर डाल दिया जाता है। महाराष्ट्र के मराठी मानुष, दक्षिण के हिंदी विरोध से लेकर झारखंड की भाषा और पहचान की राजनीति कुछ इसी प्रकार की है।

देश इन दिनों दो तरह के भाषा विमर्श से जूझ रहा है। एक तरफ स्थानीय राजनीतिक विरोध के बहाने राजभाषा को निशाना बनाया जा रहा है, तो दूसरी तरफ राजभाषा का विरोध तो नहीं हो रहा, लेकिन स्थानीय भाषा बोध को स्थापित करने के बहाने उसे बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। तमिलनाडु की भाषाई राजनीति में प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की अपनी हालिया यात्रा के दौरान हस्तक्षेप भी किया है, लेकिन महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों के साथ हो रही बदसलूकी की घटनाओं पर अब तक न तो राज्य और न ही केंद्र की ओर से कोई निर्णायक हस्तक्षेप होता दिख रहा है। महाराष्ट्र में राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता उन लोगों को जबर्दस्ती मराठी बोलने को मजबूर कर रहे हैं, जो गैर-मराठी भाषी हैं। इनमें ज्यादातर हिंदी भाषी हैं। ऐसे लोग ज्यादातर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों, सार्वजनिक उपक्रमों और केंद्रीय सेवाओं में कार्यरत हैं। राज ठाकरे के कार्यकताओं के निशाने पर दुकानों और डिपार्टमेंटल स्टोर में?काम करने वाले गैर-मराठी भाषी भी हैं।महाराष्ट्र में बीती तीन फरवरी को राज्य सरकार के दफ्तरों में मराठी में काम करना, बोलना, कंप्यूटर की-बोर्ड आदि का उपयोग जरूरी कर दिया गया था। बड़ा हिंदी क्षेत्र इसके समर्थन में नजर आया। लेकिन हिंदी भाषियों को इस बात का इल्म नहीं था कि जिस मराठी भाषाबोध की प्रशंसा में वे खड़े हैं, वही भाषाबोध उनके ही लोगों को निशाने पर लेने का जरिया बन जाएगा।केंद्रीय सेवाओं की भर्ती परीक्षाएं देने महाराष्ट्र पहुंचे लोगों पर भी पूर्व में खूब हमला हुआ। चूंकि सरकारी नौकरियों की चाहत और मजबूरी सबसे ज्यादा पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्यों के नागरिकों की रही है, लिहाजा इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार यहीं के नौजवान रहे। मुंबई की सड़कों पर ऑटो और टैक्सियां दौड़ाने वाले ज्यादातर लोग पूर्वी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। शुक्र है कि अभी उन्हें निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। मुंबई में शिवसेना के उभार के पीछे मलयाली लोगों के खिलाफ चलाए गए आंदोलन की भी भूमिका मानी जाती है, लेकिन मलयाली लोगों के विरोध से शुरू उसकी यह राजनीतिक स्टाइल उसकी पहचान बन गई और अब हिंदी भाषियों के विरोध की तरफ बढ़ चुकी है। मराठी भाषाबोध का सम्मान होना चाहिए। लोग मराठी बोलना सीखें और लिखें, इस पर भी किसी को एतराज नहीं होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बल प्रयोग और बदसलूकी हो, इसे सभ्य समाज में कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता।

महाराष्ट्र राजभाषा कानून के तहत मराठी की अनिवार्यता सिर्फ राज्य सरकार के दफ्तरों और राज्य की सार्वजनिक इकाइयों पर ही लागू होती है। केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आदि के लिए ऐसी अनिवार्यता नहीं है। वैसे भी केंद्र सरकार के दफ्तर पूरे देश में हैं और उसके अधिकारियों- कर्मचारियों का स्थानांतरण पूरे देश में होता रहता है। अगर मराठी भाषी इन आंदोलनकारियों जैसा भाषाबोध हर राज्य के स्थानीय भाषा-भाषियों में विकसित हो जाए, तो केंद्रीय कर्मचारियों के लिए मुश्किलें अनंत होंगी।

तमिलनाडु की अपनी हालिया यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलभाषी और तमिल नेताओं से मांग रखी कि वे अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी के बजाय तमिल में करें। तमिलनाडु में हिंदी भाषा का विरोध महाराष्ट्र से अलग है। वहां हिंदी का विरोध तो है, लेकिन हिंदी भाषियों का नहीं। बहरहाल अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन से तमिल भाषा में मेडिकल की पढ़ाई शुरू कराने की मांग करके भाषा विरोधी इस विमर्श को नई गति दे दी है। विदेशी भाषा अंग्रेजी से मोहब्बत और देश की भाषा का राजनीति के नाम पर विरोध, स्थानीय भारतीय भाषाबोध के पाखंड को ही उजागर करता है। तमिल भाषाबोध के संदर्भ में देखें, तो महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों को निशाने पर लेने से एक तरह से हिंदी का अपमान हो रहा है। उस हिंदी का, जिसे समूचे देश को एक सूत्र में बांधने वाली भाषा के तौर पर महाराष्ट्र के तेज पुरुष बाल गंगाधर तिलक ने 120 साल पहले स्वीकार किया था। स्थानीय भाषाएं फलें-फूलें, इससे कोई भी भाषाप्रेमी इन्कार नहीं कर सकता। मराठी हो या तमिल या हिंदी, ये हम भारतीयों की माताएं हैं। किसी एक क्षेत्र की भाषाई मां के ममत्व में दूसरी भाषा बाधा नहीं बनती। मराठी भाषी राजनीति को इसे समझना होगा। भाषाओं के लिए हिंसा कानून और व्यवस्था का भी मामला है। इसे राजनीति को भी देखना होगा और हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाने होंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो दूसरी भाषाओं के लोगों में प्रतिहिंसक भाषाबोध जाग सकता है। इस भाषाई खतरे की तरफ जिम्मेदार लोगों का ध्यान नहीं है, जो न तो भाषाओं के हित में है, और न ही देशहित में।



## डीवीसी बोकारो थर्मल प्लांट में ठेका मजदूर की हुई मौत

**बोकारो।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) के बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर गुरुवार की सुबह 45 वर्षीय ठेका मजदूर अशोक भुईयां की मौत हो गई। वह मरम्मत कार्य कर रहा था। अशोक भुईयां की मौत से आक्रोशित लोगों ने 25 लाख रुपए मुआवजे और नियोजन की मांग को लेकर शव के साथ बोकारो थर्मल प्लांट के गेट को जाम कर दिया। मृतक मजदूर बोकारो थर्मल जारवा बस्ती गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, अशोक भुईयां गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे प्लांट के अंदर कार्य करने गया था। कार्य के दौरान भारी समान उठाने के क्रम में अचेत होकर गिर गया। आनन-फानन में बोकारो थर्मल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर प्लांट के अंदर केआर कंस्ट्रक्शन के अधीन कार्य कर रहा था। मृतक मजदूर का एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं।

## एक नजर

### पीडीएस दुकानदार का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता संजय कुमार सिन्हा का आकस्मिक निधन पर गुरुवार को गईंता पोखरा पर स्थित परिसर में राजद नेता रामजनम सिंह के नेतृत्व में शोक सभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। राजद नेता ने कहा कि इनके निधन से क्षेत्र के लोगों के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। शोक व्यक्त करने वालों में डिलर संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, प्रवीण कुमार, उदय यादव, उमेश पासी,सूर्य नाथ राम, मिथिलेश राम,रमेश कुमार, लल्लू कश्यप, अजीत चौधरी, अरबिंद सिंह सहित हुसैनाबाद के कई जन वितरण विक्रेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

# ज्वेलर्स की दुकान से दिनदहाड़े 3.5 लाख की चोरी

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

- व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज
- भीड़-भाड़ वाले बाजार में हुई वारदात



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मेन बाजार हैदरनगर स्थित जितेन्द्र सोनी के मां गायत्री ज्वेलर्स की दुकान से अनजान ग्राहक बन करीब साढ़े तीन लाख के गहने की चोरी कर चलता बना। जितेन्द्र सोनी ने बताया कि इससे पूर्व उक्त अज्ञात व्यक्ति उनके दुकान में मंगलवार को पायल खरीदने को लेकर पांच सौ रुपए अग्रिम दिया था। दूसरे दिन बुधवार को उक्त व्यक्ति ने आकर शेष पैसा देकर पायल ले लिया। इस दौरान अन्य दूसरे गहने खरीदने की बात कर उन्हें दो हजार रुपये अग्रिम पुनः गहना लेने के नाम देकर आने को बोला था, किन्तु उसी समय मौका पाकर गहना से भरा एक डब्बा को अपने पॉकेट में चुपके से रख लिया। दुकानदार से यह बोलकर निकला कि शेष जेवरात अगला दिन ले जायेंगे। भुक्तभोगी ने थाना में दिये गए लिखित आवेदन में बताया है कि करीब साढ़े तीन लाख रुपए के गहना की चोरी हो गई है। जितेन्द्र सोनी को कुछ अंदेशा होने पर उस डब्बा की खोजबीन करने पर कहीं नहीं मिला। उन्होंने अपना सीसीटीवी कैमरा से जांच किया तो पता चला कि उक्त अज्ञात व्यक्ति ही गहने के डब्बा की चोरी की है। इस संबंध में तत्काल उन्होंने हैदरनगर थाना में लिखित आवेदन गुरुवार को दी है। जिसमें 45 से 50 ग्राम की गहना चोरी किए जाने की बात कही है। इसकी जानकारी मिलते ही हैदरनगर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला उक्त दुकान पर पहुंचकर घटना का जांच पड़ताल शुरू किया है। प्राप्त फुटेज के आधार पर उन्होंने कहा कि उक्त अज्ञात व्यक्ति की पहचान छतरपुर में घटना का अंजाम देने वाला व्यक्ति जैसा ही लग रहा है। जिसने छतरपुर में 80 लाख रुपए के गहना की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों घटना में मिले फुटेज में एक समान व्यक्ति ही सीसीटीवी कैमरा में दिख रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल में तेजी से जुटी है।

## छुट्टी के बावजूद पोषण पखवाड़ा में जल सहियाओं ने जारी रखा गोष्ठी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पोषण पखवाड़ा के तहत गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में जल सहिया गीता देवी की सक्रियता से स्थानीय मंदिर परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के सभी गांव टोलों को गंदगी मुक्त व स्वच्छ हर हाल में रखने की रणनीति बनाई गई। उन्होंने इसके लिये अधिकांश गंदगी वाले क्षेत्र के सभी घरों तक जाकर स्वच्छता रखने के प्रति जागरुकता लाने का संकल्प लिया है। वहीं खरगाड़ा व मोकहर कला पंचायत में जलसहिया रीना देवी व शगुफ्ता सुल्ताना ने ग्रामीण महिलाओं संग बैठक में कहा कि उन्हें सहित समस्त गांवों के ग्रामीणों को स्वस्थ रखने के लिये तेजी से स्वच्छता अभियान जारी रखने व सरकार से मिली शौचालय का शत प्रतिशत उपयोग कराने के प्रति प्रेरित करना होगा। जिससे आसपास के लोगों को भी खुले में शौच व दुर्गंध से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लगातार क्रियाशील कराने में जल एवं स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि योगदान व सहयोग मिल रहा है। प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने कहा कि गुरुवार को महाबीर जयंती की छुट्टी के बावजूद विभिन्न पंचायतों में जल सहियाओं की पोषण पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान के प्रति जागरुकता कार्य में बहुमूल्य समय दिया है। निश्चित ही ऐसे जलसहिया को सम्मानित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि विभागीय दिशा निर्देश के तहत 8 से 22 अप्रैल तक जारी पोषण पखवाड़ा में इनकी भूमिका सक्रिय रखने का पूरा प्रयास होगा। उसमें आंगनबाड़ी व ग्राम स्तर पर हाथ धुलाई, शौचालय का शत प्रतिशत उपयोग के अलावे कुपोषण के बचाव का मुख्य विषय रखा गया है।

### जन समस्याओं व वक्फ बिल के विरोध में आंदोलन करेगी भाकपा

**हुसैनाबाद।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक आवश्यक बैठक पार्टी के सचिव गणेश राम की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। यह बैठक हुसैनाबाद शहर के हैदरनगर रोड स्थित बलराम सिंह के आवास पर हुई। बैठक में पार्टी का नवीकरण शाखा सम्मेलन, नई सदस्यता और अंचल सम्मेलन करने पर विचार विमर्श किया गया। उपरोक्त कार्यों को मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जन समस्याओं पर आंदोलन करने पर चर्चा की। साथ ही साथ केंद्र सरकार द्वारा वक्फ (संशोधन) कानून 2025 को आधिकारिक रूप से लागू करने पर विरोध जताया गया और बिल वापस नहीं होने पर आंदोलन का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से भोला सिंह, बलराम सिंह, बंशी ठाकुर,सुदामा ठाकुर,जय राम चौधरी,राम प्रवेश राम,नन्द किशोर ठाकुर,छोटू खान, अभिषेक कुमार समेत पार्टी के कई अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 22 दिनों के बाद भी रात्रि प्रहरी हत्याकांड का खुलासा नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बीआरसी कार्यालय हुसैनाबाद के रात्रि प्रहरी रामदेव ठाकुर हत्याकांड का 22 दिनों के बाद भी इस हत्याकांड का खुलासा नहीं हो पाया है। इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले अपराधी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। रामदेव ठाकुर की हत्या किस कारणों से की गयी थी, इस पर से भी अब तक पर्दा नहीं उठ सका है। फिलहाल यह हत्याकांड रहस्यमय बना हुआ है। इस वारदात को किसने अंजाम दिया, इसका उद्भेदन पुलिस के लिए चुनौती सी बन गयी हैं, हालांकि हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस इस हत्याकांड के खुलासा करने को लेकर कई बिंदुओं गहनता से जांच कर रही है। मालूम हो 18 मार्च 2025 को बीआरसी कार्यालय में ऑन ड्यूटी रात्रि प्रहरी रामदेव ठाकुर( 55 ) की अपरधियों ने तेजधार हथियार हत्या की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने कार्यालय के छत से उसके शव को बरामद किया था। मृतक रामदेव ठाकुर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सदाजल गांव का रहने वाला था। वह पिछले 20 वर्षों से दैनिक मानदेय पर बीआरसी कार्यालय में काम कर रहा था। इस मामले में मृतक के पुत्र गौतम कुमार ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस संबंध में हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब ने बताया कि सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही हैं। साथ ही समय -समय पर वरीय पुलिस अधिकारीयों के निर्देश पर इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम गहनता से जांच में लगी हुई है। इस हत्याकांड में संलिप्त अपरधियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।



18 मार्च को बीआरसी कार्यालय के छत पर पुलिस ने किया था शव बरामद

## शहरी स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** मेन रोड स्थित पुरानी सीएचसी भवन में गुरुवार से शहरी स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू कर दिया गया है। पलामू सिविल सर्जन के निर्देश पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद ने फीता काट कर स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा,ब्लाक एकाउंट मैनेजर राजकुमार सिंह, लिपिक विभा कुमारी, स्वास्थ्यकर्मी राजेश कुमार, महबूब आलम, सुरेन्द्र प्रजापति, एएनएम रंजू कुमारी के अलावे कमलेश कुमार यादव, अनिल शौंडिक, कामेश्वर पासवान, सतेंद्र पासवान, शिव पासवान, रामेश्वर चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे। मालूम हो कि 15 नवंबर 2022 को सीएचसी का नया भवन में शिफ्ट होने के बाद से ही कई जनप्रतिनिधियों व लोगों द्वारा सीएचसी के पुरानी भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की जाती रही है। इसे लेकर गत 10 मार्च को सपा नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव द्वारा पुरानी सीएचसी परिसर में अनशन किया गया था। बाद में सीएस पलामू ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने का आश्वासन देते हुए अनशन समाप्त कराया था। सीएस ने अपने आश्वासन के अनुरूप शहरी स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शहरी स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है।

## स्वास्थ्य कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद में ई-आईएमएनसीआई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीएचओ, एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षक के तौर पर प्रशिक्षण राज्य प्रतिनिधि आरिफ हुसैन उपस्थित थे। उन्होंने दो दिवसीय प्रशिक्षण में बताया कि ई-आईएमएनसीआई, एप्लीकेशन में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर और बिमारियों को कम करने के उद्देश्य से यूनीसेफ व विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बनाए गए दिशा निर्देश दिए गए हैं। ई-आईएमएनसीआई के मुख्य चरणों के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों को गाईड करता है। यह एप्लीकेशन स्वचालित रुप से बीमारियों को आंकलन करने में, वगीकृत करने में, उपचार की पहचान करने में, ईलाज और समुचित परामर्श सेवा देने में, टीकाकरण ओर पोषण संबंधित स्थिति की जांच करने में व अन्य उचित कारवाई करने में मदद करता है। साथ ही फालो अप करना सुनिश्चित करता है। उसका उद्देश्य नवजात व बाल्यावस्था रोग के भारतीय एकीकृत प्रबंधन आईएमएनसीआई कार्यक्रम का मूल्यांकन करना है, जो नवजात शिशु की देखभाल के लिए घर पर जाकर बच्चों की बीमारी के बेहतर उपचार को एकीकृत करता है, जिससे इसके विस्तार के बारे में जानकारी मिल सके। नवजात शिशु और बचपन की बीमारी का एकीकृत प्रबंधन) एक व्यापक स्वास्थ्य ऐप है। जिसे माता- पिता और देखभाल करने वालों को अपने नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रबंधन में सशक्त बनाने के लिए डिजाइन है। भारत ने भी आईएमएनसीआई को अपनाया था।यह बच्चों के दो समूहों का प्रबंधन करता है। 0 से 2 महीने एवं 2 महीने से 5 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। एप में बताया गया है कि बच्चे का डिटेल्स अंकित करने पर अगर इंडिकेटर गुलाबी बताता है तो बच्चे को तत्काल अस्पताल परामर्श या प्रवेश की आवश्यकता है। पीला बताता है तो विशिष्ट चिकित्सा उपचार या सलाह की आवश्यकता है। जबकि हरा बताने पर घर पर प्रबंधित किया जा सकता है। प्रशिक्षण के समापन के मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनेश कुमार , प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक रणजीत कुमार, एमपीडब्ल्यू अशोक कुमार के अलावा सीएचओ, एएनएम समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी के बच्चों की हाथ धुलाई कराया




पोषण पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा (8-22 अप्रैल) के तहत गुरुवार को शिलापर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके उपस्थित सेविकाओं और जल सहियाओं को इस पखवाड़ा के तहत संतुलित आहार और पोषण के महत्व को लेकर लोगों खासकर, बच्चों व महिलाओं के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाने की हिदायत ब्लॉक वाश कॉडिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने दी। उन्होंने इसकी वकालत करते हुए सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का उद्देश्य पोषण पखवाड़ा के दौरान जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करना और इसके महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। खाने की स्वस्थ आदतों को बढावा देना है। इस दौरान स्वच्छता संदेश भी प्रसारित किया गया।कार्यक्रम में किरण, शशि बाला, सोना,अजंता, लालमती, मीना, गुंजा, मंजु, पुष्पा, देवंती, कांती, प्रमीला,संगीता, सुनीता, प्रभा,पुनम, कविता और रीना उपस्थित थे। सभी ने पोषण पखवाड़ा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के प्रति प्रतिबद्धता का प्रकटीकरण किया।

### दो नंबर टिकट काउंटर पर यात्रियों से भयादोहन करने का लगाया आरोप

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन के दो नंबर टिकट काउंटर पर खुदरा पैसे के नाम पर यात्रियों के साथ भयादोहन करने का आरोप जपला धरहरा निवासी शिवपूजन प्रसाद गुप्ता ने लगाया है। उन्होंने रेलवे शिकायत पंजी में भी शिकायत दर्ज कराई है। इसकी सूचना डीआरएम को देने की बात कही है। उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे शटल सवारी ट्रेन से डालटनगंज जाने के लिए टिकट खरीदा। जहां काउंटर पर कर्मचारी ने टिकट देने के बाद कहा कि खुदरा पैसे नहीं है। 25 रुपये की जगह30 रुपये ले लिया गया, जबकि एक यात्री ने खुदरा पैसे दिया था, इसके बाद भी दोनों में बहस व कहा सुनी होने लगी। वहां अन्य यात्रियों ने भी पांच रुपये अधिक लेने की शिकायत की है। इस दौरान अन्य दो गवाहों के सामने क्रमशः नीरज सिंह व ध्रुव प्रसाद गुप्ता के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिवपूजन ने डीआरएम से शिकायत की बात कही।

## हजरत दाता पीर बख्श शाह का सालाना उर्स 9 व 10 मई को

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बख्श रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स धूमधाम के साथ मनाने को लेकर शहर के पठान टोली मुहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास पर गणमान्य लोगों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की। संचालन जमील अहमद ने किया। बैठक में सलाना उर्स कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। उर्स के मौके पर जलसा का कार्यक्रम 9 व कव्वाली कार्यक्रम 10 मई को कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक कादिर खान व अमीन खान को बनाया गया। इसके अलावा कमेटी के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सचिव आरजू खान, संयोजक सेठ इब्राहिम को चुना गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि कमेटी में उपस्थित सभी लोग कार्यकारिणी के सदस्य रहेंगे। मीडिया प्रभारी जफर हुसैन एवं सैयद नौशाद को चुना गया। यह भी निर्णय लिया गया कि कमेटी के पदाधिकारी कव्वाल और कव्वाला से संपर्क कर उनके साथ इकरारनामा करेंगे। वहीं जलसा के लिए कमेटी के पदाधिकारी मौलाना व नात खानो से संपर्क कर उनसे तिथि पर पहुंचने की बात करेंगे। साथ ही गत वर्षों के मुकाबले इस वर्ष कार्यक्रम शानदार होगा। इसके लिए देश के बेहतरीन कव्वाल व कव्वाला को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन किसके द्वारा किसके द्वारा कराया जाएगा, इसका निर्णय कमेटी की अगली बैठक में लिया जाएगा।

**तापमान में गिरावट** | 30 मिनट की आंधी बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं व मौसमी फलों को नुकसान

# तापमान में गिरावट, गर्मी से मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** तापमान में वृद्धि की वजह से अब तक असहज स्थिति का सामना कर रहे लोगों के लिए गुरुवार का दिन राहत लेकर आया। सुबह तेज धूप के बाद दोपहर होते ही आसमान का रंग बदल गया। तेज आंधी चली। आसमान में गरज के साथ बारिश और इसी के साथ चप्पे चप्पे पर ओलावृष्टि से पूरी जमीन पट गई। करीब आधे घंटे तक असहज स्थिति बनी रही। इसके बाद गिरावट के साथ तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे कई दिनों से गर्मी से बेहाल लोगों ने सुकूनदायक महसूस किया। मगर बताया गया कि इस प्राकृतिक आपदा से गेहूं की तैयार खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। कटनी कर रखे गए इसके बोझे के मुलायम पड़ जाने से इसकी दौनी भी प्रभावित हो जाएगी। अव्वल, तो इससे मैदानी और जंगली इलाकों में आम, जामून, महुआ और चिरौंजी के टिकोरे भारी मात्रा में गिर पड़े हैं। ऐसे में इनके उत्पादन में भारी गिरावट आ जाएगी। लोगों ने इस आपदा को किसानों को प्रभावित करने वाला बताया है। साथ ही मौसम के सामान्य होते ही मौसमी बीमारियों के बढने की संभावना जताई है। मगर पशुपालकों के लिए फायदेमंद बताया है। उन्होंने बताया कि बारिश से मैदानी और जंगली इलाकों में घास और पेड़ पौधों में हरियाली बरकरार रहने से मवेशियों के लिए चारा की कमी कुछ दिनों तक नहीं हो सकता है।उन्होंने मूंग की खेती के लिए भी इसे अनुकूल बताया है।

### आपदा से क्षति के विरुद्ध मुआवजा देने की मांग

सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गेहूं की फसल को भारी क्षति पहुंची है। जबकि पंसस ममता देवी और युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने कहा जबरदस्त तरीके से पत्थर गिरे हैं। इससे खपड़ैल घरों भारी नुकसान पहुंचा है। इनके साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम और उपप्रमुख नगीना सिंह ने इस आपदा से हुए नुकसान का आंकलन कराते हुए इससे प्रभावित लोगों को मुआवजा भुगतान कराने की मांग सरकार से की है।

### बेमौसम बारिश से रबी फसल बर्बाद

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को आंधी तूफान के साथ बेमौसम जोरदार वर्षा हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। आंधी व पानी से प्रखंड व आस पास के क्षेत्रों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सरसों, तीसी, गेहूं व चना की फसल बर्बाद हो गई है। इससे किसान आर्थिक व मानसिक रुप से परेशान दिख रहे है। सरकार की ओर से मिलने वाले लाभ भी किसानों को नहीं मिल पाता है। बेमौसम हुई बरसात व आंधी तुफान में आम के लगे मंजर भी झड़ गये। पोंची के किसान संजय मेहता ने बताया कि आंधी-तूफान से कई किसानों के रबी फसल, गेंहू,चना,तीसी, सरसों, अरहर को भारी नुकसान हुआ।



# महावीर जयंती पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा, जैन धर्मावलंबियों ने दिया समरस व शांतिपूर्ण समाज का संदेश

## धार्मिक आयोजन, रथ यात्रा, भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से किया गया भगवान महावीर के सिद्धांतों का प्रसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर मेदिनीनगर में जैन समाज द्वारा विशेष धार्मिक आयोजनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः कालीन प्रभात फेरी से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात जैन मंदिर में शांतिधारा, अभिषेक एवं बधाई गीतों का आयोजन हुआ।

भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर थाना रोड, हॉस्पिटल चौक, कनीराम चौक, आढ़त रोड, बाटा रोड, पोस्ट ऑफिस चौक, छहमुहान, जिला स्कूल चौक, जय भवानी संघ चौक होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा में रथ पर भगवान महावीर स्वामी की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी, जिसकी आरती और भक्ति श्रद्धालुओं ने रास्ते भर की। शोभायात्रा मार्ग में कई श्रद्धालु व स्थानीय नागरिकों ने रथ का स्वागत किया और जल, फल, चॉकलेट व अन्य सामग्री का वितरण कर धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

### धार्मिक उत्साह व सेवा भावना की मिसाल

इस शोभायात्रा में कई सेवाभावी लोगों ने अपनी भूमिका निभाई। भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ पर विराजमान करने का सौभाग्य विमल, प्रियांश और काशलीवाल को प्राप्त हुआ। रथ के सारथी धर्मचंद और पंकज कुमार पाटनी रहे। शोभायात्रा में सौधर्म इंद्र के रूप में शकमल कुमार और गौरव कुमार काशलीवाल, कुबेर के रूप में सरस कुमार, विजय कुमार और विवेक कुमार छाबड़ा शामिल हुए।

इस अवसर पर जैन धर्मावलंबियों ने सामूहिक रूप से यह संदेश दिया कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाकर ही एक शांतिपूर्ण, समरस और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना संभव है।



### महावीर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक

शोभायात्रा के समापन पर जैन समाज के वक्ताओं ने भगवान महावीर के सिद्धांतों–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह–को आज की सामाजिक परिस्थितियों में भी अत्यंत प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि यदि समाज इन मूल्यों को आत्मसात करे, तो शांति और समरसता स्वतः ही स्थापित हो सकती है। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रात्रि में जैन मंदिर परिसर में जैन महिला मंडल द्वारा धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों और महिलाओं द्वारा भक्ति गीत, नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पूरे आयोजन का सफल संचालन जैन समाज के अध्यक्ष सरस जैन एवं सचिव सागर जैन के नेतृत्व में जिनेंद्र भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया।

# ऑक्सफोर्ड के 22 छात्र बने नेशनल टॉपर, ब्लूम ओलम्पियाड में चमका नाम

● **प्राचार्य ने दी बधाई, एक शिक्षक भी हुए सम्मानित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के 22 छात्र ब्लूम स्कूल ओलम्पियाड में राष्ट्रीय स्तर पर टॉपर बने हैं। यह प्रतियोगिता अरिहन्त प्रकाशन द्वारा हर साल देशभर के प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। बीते दिसंबर माह में स्कूल स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में ऑक्सफोर्ड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

जानकारी के अनुसार, लक्ष्य मौर्या और अनमोल कुमार को स्वर्ण पदक मिला। वहीं अयांश कुमार, तेजस राज, आकर्ष कुमार, दिव्यांश सिन्हा, अनमोल सिद्धार्थ, आशीष रंजन, रौशन प्रसाद और आर्यन राज को रजत पदक तथा नेहा कुमारी, रिशांक सराफ, अभिनव राज, गुनगुन सिंह, सृजल, भास्कर दुबे, साक्षी कुमारी, पल्लवी रानी, प्रांजल रंजन, सृष्टि पाठक, प्रतीक्षा प्रभात और कृष कुमार को कांस्य पदक प्रदान किया गया।

इन 22 राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं के साथ-साथ 172 अन्य छात्रों को भी स्कूल के प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों के मार्गदर्शन हेतु शिक्षक राजीव मिश्रा को भी सम्मानित किया गया।

प्राचार्य डॉ. सिंह ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय और अभिभावकों के लिए गर्व की बात है। स्कूल आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर छात्रों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# फोटो जर्नलिज्म प्रतियोगिता में पलामू के सैकत चटर्जी प्रथम

● **झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिला सम्मान, कहा- यह पुरस्कार पलामू को समर्पित**





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची में आयोजित राज्य स्तरीय फोटो जर्नलिज्म प्रतियोगिता में पलामू के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर सैकत चटर्जी ने पहला स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया था। जर्नलिज्म कैटेगरी में सैकत चटर्जी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि बोकारो के सागर परमार द्वितीय और धनबाद के राजकुमार सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रांची के वरीय प्रेस छायाकार मानिक बोस एवं जगदीश सिंह शामिल थे।

एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य फोटोग्राफी के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें मंच प्रदान करना है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए उनके कौशल और समर्पण की सराहना की। पुरस्कार की घोषणा के बाद सैकत चटर्जी ने इसे पलामू की जनता को समर्पित करते हुए कहा, 'यह मेरी नहीं, उन सभी की जीत है जिन्होंने मुझे प्यार और सहयोग दिया।

यह पुरस्कार उन वरिष्ठ पत्रकारों और सहयोगियों को भी समर्पित है जिनसे मुझे मार्गदर्शन मिला।' उन्होंने बताया कि लोहरदगा के वरीय छायाकार विनोद सोनी के प्रोत्साहन से ही उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि सैकत चटर्जी पिछले 38 वर्षों से पलामू से देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं और समाचार माध्यमों के लिए कार्य कर रहे हैं। वे धनबाद कैमरा क्लब के सचिव भी रह चुके हैं। सैकत की इस उपलब्धि पर धनबाद कैमरा क्लब के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, पलामू के वरिष्ठ प्रेस छायाकार राजेश कुमार, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर आयुष सिंह, पलामू फोटो एसोसिएशन के विजय कश्यप, विनय सिन्हा, प्रेम प्रकाश, करुणा करण, विश्वजीत मेहता, राजा गुप्ता एवं अनुज कुमार सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# वरदान ट्रस्ट ने डीजे की तेज आवाज पर जताई चिंता

● **रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन पर महावीर नवयुवक दल के अध्यक्ष को दी बधाई, ध्वनि सीमित रखने की अपील**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने शुक्रवार की शाम महावीर नवयुवक दल (जेनरल) के अध्यक्ष युगल किशोर से मुलाकात की और रामनवमी के सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए उन्हें बधाई दी। टीम ने बुके और श्रीराम पट्टा भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही ट्रस्ट ने जनहित को ध्यान में रखते हुए भविष्य में डीजे की ध्वनि सीमा तय करने की अपील भी की।

संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि शहर में कई अस्पताल, छोटे बच्चे, बुजुर्ग और जानवर हैं, जिन्हें अत्यधिक तेज आवाज से गंभीर असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि त्योहार पारंपरिक ढंग से मनाए जाने चाहिए ताकि सभी वर्गों को शांति मिले। टीम सदस्य मयूरेश द्विवेदी ने सुझाव दिया कि त्योहारों के दौरान ह्लएक शाम राम के नामह्व जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ना चाहिए। स्नेहा ओझा ने कहा कि मेरी छोटी बच्ची दो रातों तक तेज डीजे साउंड के कारण सो नहीं सकी, हमें बहुत परेशानी हुई। अगर ऐसा ही रहा तो त्योहारों में शहर छोड़ना पड़ेगा। खुशबू वर्मा और संध्या अग्रवाल ने कहा कि डीजे की तेज आवाज के कारण वे परिवार समेत रामनवमी की झांकी अधूरी छोड़कर लौट आईं। उन्होंने कहा कि डीजे की बढ़ती ध्वनि और कंपन हर नागरिक के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। सरहुल जैसे पर्व अभी भी शांति और परंपरा के साथ मनाए जाते हैं, यही आदर्श होना चाहिए। अध्यक्ष युगल किशोर ने आश्वस्त किया कि वे वर्तमान या भविष्य में जो भी अध्यक्ष रहें, उनसे आग्रह करेंगे कि डीजे की ध्वनि एक निश्चित सीमा में रहे और त्योहार भक्ति संगीत के साथ मनाया जाए। टीम वरदान ने उनके इस आश्वासन पर आभार जताया और उम्मीद जताई कि आगे शहर में डीजे की अत्यधिक आवाज से बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को परेशानी नहीं होगी।

इस अवसर पर गीता देवी और चंद्र प्रकाश ओझा भी उपस्थित रहे।

# डॉ. रंजन कुमार की असामयिक निधन से जीएलए कॉलेज की विद्वत परंपरा को गहरा आघात

● **थॉमस हार्डी के प्रशंसक, अंग्रेजी साहित्य के मर्मज्ञ व प्रेरणादायी शिक्षक थे डॉ. रंजन कुमार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज, डालटनगंज के अंग्रेजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रंजन कुमार की असामयिक निधन ने कॉलेज की मजबूत विद्वत परंपरा में एक अपूरणीय शून्य उत्पन्न कर दिया है। वे अत्यंत प्रतिभाशाली विद्वान और थॉमस हार्डी के गहरे प्रशंसक थे। डॉ. रंजन कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिले कॉलेज की अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह ने कहा कि वे कभी हार न मानने वाले व्यक्तित्व के धनी और ऊर्जा से भरपूर शिक्षक थे। उनमें शालीन अभिरुचि, सौंदर्यबोध, अद्वितीय बौद्धिकता थी और वे अंग्रेजी साहित्य पर पुस्तक लेखन की परंपरा में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते थे। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि डॉ. रंजन कुमार जैसे महान शिक्षक हमारे विभागाध्यक्ष रहे। उनका जाना न केवल एक शिक्षक का जाना है, बल्कि एक चिर जलती लौ का बुझ जाना है। मौत चाहे कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, लेकिन उनकी लेखनी की स्पष्टता और भाषा की शक्ति यह सिद्ध करती है कि महान लोग अपने पीछे 'समय की रेत पर पदचिह्न' छोड़ जाते हैं। डॉ सिंह ने शोक-संतप्त परिवार को इस गहरे दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने अंत में डॉ. रंजन की स्मृति में ये पंक्तियाँ समर्पित की है।

**खैर हो खुद्दारों के उस कारवां का**
**जिसे कोई खाक में नहीं मिला सकता**
**खुदा खुद ही बैठा हो जिसके सीने में**
**उसे तू तो क्या, तूफान भी नहीं हिला सकता!**

# विद्यार्थी परिषद ने जीएलए कॉलेज इकाई का किया पुनर्गठन, किसलय दुबे बने अध्यक्ष



**नव नियुक्त पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियां**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर इकाई द्वारा गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय की कॉलेज इकाई का सत्र 2025-26 के लिए पुनर्गठन गुरुवार को गणपति धर्मशाला में किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से किसलय दुबे को कॉलेज अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर मधुमिता कुमारी, प्रियांशु दुबे, विशाल कुमार और उमेश कुमार की नियुक्ति हुई, जबकि चितेश पांडे को कॉलेज मंत्री बनाया गया। सह मंत्री पद की जिम्मेदारी हर्ष राज पांडे, सचिन उपाध्याय एवं सूरज उपाध्याय को दी गई। विभागीय प्रमुखों में राजनीतिक विज्ञान से शैलू कुमार, जीवविज्ञान से पिंटू दुबे, इतिहास से सत्येंद्र यादव तथा भौतिकी विभाग से हिमांशु तिवारी का चयन किया गया। प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने चुनाव प्रभारी के रूप में उपस्थित होकर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और दायित्वों के कुशल निर्वहन की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर प्रदेश छात्रावास प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जीएलए कॉलेज प्रशासन की निष्क्रियता के कारण कॉलेज गर्त की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्राचार्य केवल कार्यकाल समाप्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं और छात्रों से अनावश्यक उगाही पर आंख मूंदे हुए हैं। पासवान ने चेतावनी दी कि अब एबीवीपी के छात्र कार्यकर्ता प्रशासन को ह्यनींद से जगानेह्ण का काम करेंगे। कार्यक्रम में जिला संयोजक नितीश दुबे, नगर मंत्री विपिन यादव, सह मंत्री कौशल मिश्रा, राहुल चेरो, गोविंद मेहता एवं कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहर में निकाली गई श्याम निशान सह शोभायात्रा

# बालाजी-हनुमान महोत्सव का हुआ भव्य आगाज, श्रद्धा से सराबोर दिखे भक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तीन दिवसीय बालाजी सह हनुमान महोत्सव की शुरूआत गुरुवार को पुलिस लाइन रोड स्थित सुरेका परिवार की ओर से श्याम निशान सह शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा में रथ पर श्री श्याम बाबा की तस्वीर और हनुमान रूपी कलाकार को विराजमान किया गया।

पारंपरिक वेशभूषा में सजे भक्तों ने हाथों में श्याम निशान लेकर जयघोष करते हुए शहर भ्रमण किया। शोभायात्रा साहित्य समाज चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सत्तार सेठ चौक, कनीराम चौक, निमार्णाधीन श्याम मंदिर, जय भवानी चौक होते हुए महावीर मंदिर पहुंची।

बारिश के कारण शोभायात्रा निर्धारित समय से विलंब से शाम पांच बजे निकाली गई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर मारवाड़ी समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा, आरती और स्वागत कर भक्तों की श्रद्धा को और भी प्रबल किया।

आयोजक अशोक सुरेका ने बताया कि शुक्रवार को रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें वाराणसी से आईं पायल अग्रवाल भाग लेंगी। शनिवार को सुबह अखंड ज्योति, सुंदरकांड पाठ और दोपहर में प्रसाद वितरण होगा।

इस अवसर पर रामअवतार सुरेका, राकेश सुरेका, निरंजन सुरेका, अमित, रोहित, संजू सुरेका सहित दर्जनों लोग आयोजन में सक्रिय रहे।

## न्यूज बॉक्स

### वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ जनजागरण यात्रा पर निकले काशिफ राजा, दुबियाखाड़ में किया जन संवाद



**मेदिनीनगर।** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ राजा गुरुवार को पलामू प्रमंडल के दौरे पर पहुंचे। दुबियाखाड़ में उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने महाराजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके ऐतिहासिक योगदान को नमन किया और वहां आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

### चैनपुर नेवरा रोड की मरम्मत की मांग को लेकर हुआ चक्का जाम



**मेदिनीनगर।** चैनपुर नेवरा रोड की बदहाल स्थिति को लेकर आज स्थानीय नागरिकों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस आंदोलन को शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, वार्ड पार्षद विजय प्रमुख, चेंबर सदस्य बीनेश कमलापुरी, समाजसेवी दिनेश प्रधान, निरंजन कमलापुरी, चंदू कमलापुरी सहित सैकड़ों लोगों ने समर्थन दिया।

अरुणा शंकर ने बताया कि इस सड़क की जर्जरता की जानकारी उन्होंने स्वयं सभी जनप्रतिनिधियों को दी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने तत्काल 4 करोड़ रुपये की मरम्मति स्वीकृत भी कर दी, लेकिन अब तक काम शुरू न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस सड़क से होकर गुजरने वाले व्यापारियों को धूल फांकनी पड़ रही है, जबकि बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों को ऑटो पलटने के डर से स्कूल नहीं भेजा जा रहा। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे अधिक कष्ट प्रसव पीड़ित महिलाओं को उठाना पड़ रहा है, जो इस मार्ग से आने के बजाय तीन किलोमीटर लंबा रास्ता तय कर अस्पताल पहुंच रही हैं। अरुणा शंकर ने चेतावनी दी कि यदि इस सड़क की मरम्मति शीघ्र शुरू नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे जरूरतमंद




**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की यातायात सुविधा के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। पलामू जिले में फिलहाल इस योजना के तहत केवल नौ बसें संचालित हो रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव और प्रशासनिक उदासीनता के कारण इनका उपयोग न्यूनतम स्तर पर है।

2024 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत झारखंड आंदोलनकारी, छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग और एचआईवी संक्रमित लोगों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जानी थी। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन वर्गों के लोग भी बसों में पूरा किराया देकर यात्रा कर रहे हैं। इससे योजना की सफलता सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है।

जिला परिवहन विभाग द्वारा संचालित इन बसों की समय-सारणी और रूट की जानकारी अधिकांश ग्रामीणों को नहीं है। नतीजतन, अधिकतर बसें या तो खाली चलती हैं या उनमें गिने-चुने यात्री ही सवार होते हैं। ऑटो और ई-रिक्शा के बढ़ते विकल्पों के कारण भी बसों की उपयोगिता प्रभावित हुई है।

वन विभाग द्वारा संचालित इन बसों का परिचालन समय तय न होने के कारण यात्री इंतजार नहीं कर पाते। लोगों की मांग है कि इन बसों का संचालन सुबह और शाम के समय नियमित रूप से किया जाए ताकि लोग मुख्यालय जाकर अपने जरूरी कार्य आसानी से निपटा सकें।

सरकार द्वारा इन बसों को 10 रुपए प्रति किलोमीटर की सब्सिडी दी जाती है, जिससे आम यात्रियों को सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। हालांकि परिवहन विभाग का दावा है कि योजना के प्रचार-प्रसार का हर संभव प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसका असर फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है।

इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी से संपर्क करने की कई कोशिशें की गईं, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# विद्युत तार की चिंगारी से खलिहान में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत जंगीपुर गांव वार्ड संख्या 5 में गुरुवार को बभनीखाड़ डैम जाने वाले मार्ग के पास खेत में आग लगने की घटना हुई। खेत के ऊपर से गुजर रहे 33 हजार वोल्ट के विद्युत तार से निकली चिंगारी से खेत में रखा 150 बोझा गेहूं व 50 बांस जलकर राख हो गए। घटना दोपहर करीब दो बजे की है। तेज हवा के कारण हाई वोल्टेज तार एक पेड़ से टकरा गया। उससे निकली चिंगारी खेत में रखे राम खेलावन उरांव के गेहूं के बोझों पर गिर गई। देखते ही देखते आग ने तेजी से आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। पास में रखे रामप्रवेश उरांव के बांस के ढेर में भी आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना तुरंत दमकल को दी। दमकल वाहन समय पर पहुंच गया, जिससे आग पर काबू पाया जा सका। यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो सैकड़ों बांस और अन्य संपत्ति भी जल सकती थी।

# देसी कट्टा, मोटर व चोरी का माल बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार

## आठ मोटर, 50 किलो सरिया और एक बोरा चावल जब्त

### स्कूल से चावल और घरों से मोटर चुराते थे आरोपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमकंडा।** पुलिस ने मोटर चोरी के एक मामले का उद्भेदन करते हुए पांच चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक के पास से एक देशी कट्टा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आठ मोटर पंप, 50 किलो लोहे का सरिया और एक बोरा चावल भी जब्त किया है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने गुरुवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रमकंडा प्रखंड मुख्यालय के ऊपर टोला निवासी बाबूलाल मोची का 20 वर्षीय पुत्र अंगरेश कुमार, उमेश राम का पुत्र देवनाथ कुमार, स्व. सुदामा मोची का पुत्र रामबली कुमार, कृष्णा राम का 18 वर्षीय पुत्र अमरेश कुमार और गणेश राम का 25 वर्षीय पुत्र विरेन्द्र कुमार शामिल हैं। डीएसपी ने बताया कि बुधवार को रमकंडा निवासी रहमत अली की शिकायत पर थाना में मोटर चोरी की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अमरेश कुमार के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया, जिसके आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज किया है। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने नव प्राथमिक विद्यालय, ऊपर टोला से मध्याह्न भोजन के लिए रखा गया चावल चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। इस कार्रवाई में रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटिया, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार पटेल, सतीश कुमार राम, सहायक अवर निरीक्षक सुरेंद्र कुमार और अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### 10 बेड का स्वास्थ्य केंद्र भवन देखरेख के अभाव में वीरान

**केतार।** प्रखंड में निवास कर रही लगभग एक लाख की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2019 में बना 10 बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। काफी जद्दोजहद के बाद यहां डॉक्टर की पदस्थापना तो की गई है ,लेकिन देखरेख के अभाव में बीरान पड़ा अस्पताल भवन में मूलभूत सुविधा आज तक बहाल नहीं हुई। अस्पताल भवन में बिजली, पानी, मेडिकल स्टॉफ, रात्रि प्रहरी, मेडिकल कीट महिला चिकित्सक नहीं रहने से लोगों में शासन के प्रति गहरी नाराजगी है। अस्पताल भवन में पदस्थापित डॉक्टर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बैठ कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। वहां उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों में इस बात की नाराजगी है कि अगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया जाता तो यहां के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उन्हें मिलता। साथ ही पैसे और समय की बचत होती। प्रखंड के लोगों ने प्रशासन से अविलंब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा अस्पताल को अविलंब शुरू कराने की मांग प्रशासन से की है, ताकि प्रखंडवासियों को सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उन्हें भी मिले।

### प्राण प्रतिष्ठा सह अनुष्ठान यज्ञ के अध्यक्ष बने देवनारायण दुबे

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बलियारी में गुरुवार को महावीर जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर बजरंग बली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह अनुष्ठान यज्ञ के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। कठित कमेटी में अध्यक्ष देव नारायण दुबे, देवेंद्र नाथ दुबे उपाध्यक्ष, बृज राज दुबे सचिव, विकास दुबे कोषाध्यक्ष, बैजू पासवान, रामप्यारे पासवान, मनदीप पासवान, राम प्रसाद पासवान, प्रवीण दुबे, नीरज दुबे, राम प्रमोद दुबे, मनोरंजन दुबे, योगेन्द्र नाथ दुबे, मुकेश दुबे, प्रदीप दुबे को कमेटी में शामिल किया गया है। मंदिर निर्माण सह आयोजनकर्ता भक्त रामचंद्र राम ने कहा कि लगातार 20 सालों का मेरा त्याग, तपस्या, समर्पण व समस्त ग्रामीण भक्त जानो का सहयोग से सपना पूरा हो गया। बजरंग बली की प्राण प्रतिष्ठा की विधिवत तैयारी की गई है, जिसमें शुक्रवार को वेदी पूजन जलाभिषेक, 12 से 15 अप्रैल तक शाम पांच बजे से हलचल महाराज का प्रवचन, 13को नगर भ्रमण, 14को प्राण प्रतिष्ठा, एकांकी रामचरित मानस पाठ के साथ 15 को हवन, प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### मालवाहक ट्रक के आमने-सामने की टक्कर में दो चालक घायल

**रंका।** एनएच 343 पर भौंरी में दो मालवाहक ट्रक के आमने-सामने की टक्कर में दोनों ट्रक के चालक घायल हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड के एनएच 343 भौंरी मुख्य सड़क पर गोदरमाना की ओर से जा रहे, व गढ़वा की ओर से आ रहे मालवाहक ट्रक का आमने-सामने से टक्कर हो गई। दोनों घायलों का आनन-फानन में रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया। वहां पर दोनों का इलाज चल रहा। दुर्घटना की सूचना मिलने पर रंका थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों वाहनों को रोड से हटाकर यातायात शुरू कराया।

### स्कूल ने वार्षिक मूल्यांकन परीक्षाफल जारी किया

**रंका।** इन्वेंशन पब्लिक स्कूल का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षाफल का रिजल्ट गुरुवार को जारी किया गया। थाना मोड़ स्थित इन्वेंशन पब्लिक स्कूल का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा का रिजल्ट विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद आदिल, समाज सेवी रमेश राम, अमरेंद्र कुमार, इबरान अंसारी, अकबर अंसारी,खुर्शीद अंसारी संयुक्त रूप से जारी किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए बच्चों को मुख्य अतिथि प्रोत्साहित किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय काफी अच्छा है। विद्यालय के शिक्षक व डायरेक्टर काफी सुलझे हुए हैं। इस कारण इस विद्यालय में काफी संख्या में बच्चों पढ़ रहे हैं। मौके पर विद्यालय में बच्चों के साथ उनके माता-पिता उपस्थित थे।

### तीर्थंकर महावीर ने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह का मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया : प्राचार्य

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर महावीर का जयंती मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सगमा एसबीआई के जनार्दन प्रसाद व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ओम, मां शारदे, भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उन्होंने हमें अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह का मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उनका संदेश है कि हमें सभी जीवों के प्रति दया और प्रेम रखना चाहिए। उनके उपदेश हमें सिखाते हैं कि सादा जीवन जीकर सच्चे सुख की प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर अर्णव पांडेय ने भी भगवान महावीर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों जानकारी दिया। आचार्य नीति कुमारी ने अपने बौद्धिक में बताया कि यह दिन भगवान महावीर को श्रद्धांजलि देने और उनकी शिक्षाओं को याद करने का है। भगवान महावीर को जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर के रूप में पूजा जाता है। उनका जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडग्राम में हुआ था। उन्होंने 30 साल की उम्र में संन्यास ले लिया और 12 साल की कठोर तपस्या के बाद उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई। वह शांति, अहिंसा और सत्य के प्रतीक माने जाते हैं उनके जीवन और उपदेशों ने समाज में सच्चे धर्म और सद्गुणों को फैलाया है। जैन मुनि पाँच मुख्य व्रत लेते हैः अहिंसा (अहिंसा), सत्य (सत्य), अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (पवित्रता), और अपरिग्रह (अपरिग्रह)। इस अवसर पर जनार्दन प्रसाद ने कहा कि यहां आकर जयंती में भाग लेकर बहुत अच्छा लगा हम सभी को भी भगवान महावीर के आदर्शों पर चलना चाहिए और अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्यव दीदी उपस्थित थे।

### बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर अंतर्गत सीरिया टोंगर में गुरुवार को बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व उनके सर्वांगीण विकास के लिये एक अच्छे शिक्षण संस्थान का होना आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपनी सुविधा के अनुसार अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों का अधिकार है। सब डिविजनल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की स्थापना बच्चों के शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्राचार्य रवीश प्रजापति ने अभिभावकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को विद्यालय की विशेषताओं की जानकारी दी। कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए इस विद्यालय में सभी सुविधा उपलब्ध है। बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल कॉरपोरेट टीम के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह,ऑपरेशंस मैनेजर ने भी विद्यालय के विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के दृष्टिकोण और मिशन से लोगों को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के समग्र विकास की दिशा में विद्यालय प्रतिबद्ध है और बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है इस समारोह को पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, रमना प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी,समाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज,बहियार पंचायत की मुखिया सोनी देवी,आशुतोष सिंह,पत्रकार धीरेंद्र चौबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।मौके पर विद्यालय प्रबंधन टीम के चेयरमैन बिरेन्द्र सिंह,निदेशक मनीष कुमार सिंह,युवराज सिंह,विनोद सिंह,आशुतोष शरण सिंह,विद्या सिंह,अनुज सिंह,लक्ष्मण राम,शैलेश चौबे,ओमप्रकाश चौबे,ओमप्रकाश गुप्ता,विभूति भूषण चौबे, शिवकुमार पांडेय,सेवानिवृत्त शिक्षक गदाधर पांडेय, शिवनारायण चौबे सीता राम जायसवाल, अर्जून राम,रामवृक्ष पासवान,अलीम अंसारी,उमेश सिंह,संजय सिंह, शिक्षक कमलेश पांडेय,सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अनुज सिंह ने किया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-नगर ऊंटारी मार्ग एनएच 75 पर गुरुवार को परसवान गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रमना थाना क्षेत्र के पतिहारी गांव निवासी इशहाक अंसारी का पुत्र सलाहुद्दीन अंसारी व उसकी पत्नी जोहरा बीवी शामिल हैं। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में सलाहुद्दीन ने बताया कि दोनों पति-पत्नी मोटरसाइकिल रंका किसी काम से गए थे। वापस लौटने के क्रम में परसवान के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने दोनों घायलों को उठाकर रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उसके बाद उन्हें सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गढ़वा।** नगर ऊंटारी थानांतर्गत कोलझिंकी गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार को टेंपो और बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कोलझिंकी गांव निवासी मानिक प्रजापति की पत्नी कुंती देवी, उसका पुत्र बुद्धि नारायण प्रजापति और पोता चार वर्षीय नित्यांश कुमार शामिल हैं। कुंती देवी और नित्यांश कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि बुद्धि नारायण प्रजापति अपनी मां और बेटे को लेकर नगर ऊंटारी जा रहे थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही टेंपो ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव के मुखिया ने उन्हें उठाकर नगर ऊंटारी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। नित्यांश कुमार और कुंती देवी की गंभीर स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दो गैस गोदाम शहर से ग्रामीण क्षेत्र में किया गया शिफ्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहरी क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से चल रहे तीन एलपीजी गैस गोदामों में दो गैस गोदाम ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट कर दिया गया है। एसडीओ संजय कुमार ने गुरुवार को गढ़वा नगर परिषद के प्रशासक सुशील कुमार व संबंधित कर्मियों को साथ लेकर उक्त तीनों गैस गोदाम परिसरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जो तथ्य सामने आए उसके अनुसार कचहरी रोड स्थित भारद्वाज भारत गैस एजेंसी के गोदाम को पूरी तरह खाली कराकर ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट करा दिया गया है। ओबरा के पते पर पंजीकृत ग्रामीण गैस वितरक मां दुर्गा एचपी एजेंसी के गोदाम को ओबरा में ही शिफ्ट कर दिया गया है। पहले यह गैस गोदाम रंका मोड़ और टंडवा पुल के बीच घने वाणिज्यिक क्षेत्र में अवस्थित था। दोनों एजेंसियों के संचालकों ने बताया कि एसडीओ का दूसरा नोटिस मिलने के तुरंत बाद उन्होंने स्थानांतरण की उक्त कार्रवाई कर ली थी। उल्लेखनीय है कि अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने पिछले माह गढ़वा शहरी क्षेत्र स्थित गैस एजेंसियों के औचक निरीक्षण के क्रम में प्रथम दृष्टया अनियमितताएं मिलने पर तीन गैस एजेंसियों के संचालकों को एक सप्ताह का समय देते हुए नोटिस दिया था। शहरी क्षेत्र अंतर्गत तीन गैस एजेंसियों के गोदाम शहरी क्षेत्र में होने की पुष्टि हुई थी। जिनको ग्रामीण वितरक का लाइसेंस प्राप्त है, किंतु इनके द्वारा शहरी क्षेत्र में सेवा प्रदाता का काम करते हुए उनके अवैध गैस गोदाम शहरी क्षेत्र अंतर्गत पाए गए थे। एसडीओ ने कचहरी रोड स्थित आर्यन एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी,मेराल, भारद्वाज भारत गैस एजेंसी कल्याणपुर व मां दुर्गा एचपी गैस एजेंसी ओबरा के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर शहरी क्षेत्र से इन खतरनाक गोदामों को हटाने का निर्देश दिया गया था। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया था कि क्यों नहीं उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जाए। तीन हफ्ते बीत जाने के बाद पुनः दूसरा और अंतिम नोटिस देते हुए दो दिन का समय दिया गया था।

# पुलिस ने सीएसपी संचालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** पुलिस ने फर्जी अंगुठे का निशान बनाकर ग्रामीणों के बैंक खाता से पैसा निकालने वाले सीएसपी संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। यह जानकारी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया की थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव निवासी जगनरायण साव का बेटा निरंजन कुमार अपने गांव मे रेपी पे, फिनो पेमेंट व स्पाइस मनी का सीएसपी केंद्र का संचालक है। बताया जाता है कि टाटीदीरी गांव की तीन महिलाएं टाटीदीर के सीएसपी संचालक दिनेश गुप्ता के पास पैसा निकासी के लिए गयी थी। वहां पैसा नहीं मिलने के कारण जब वापस आ रही थी तो निरंजन ने उक्त महिलाओं को रोक कर कहा कि मेरे सीएसपी से पैसा निकाल लीजिए। टाटीदीरी गांव निवासी महिला फुल कुमारी सीएसपी केंद्र में 27 मार्च को अपने अंगुठे का फिंगर प्रिंट देकर पैसा निकासी कर रही थी, तभी सीएसपी संचालक निरंजन अपनी चालाकी से एमसील, फेवीकॉल और बोरो प्लस एंटीसेप्टिक क्रीम के माध्यम से महिला के अंगुठे का निशान लेकर फर्जी तरिके से महिला के अंगुठे के निशान और रेखा को कॉपी कर लिया। बाद निशान बनाकर गलत तरिके से लैपटॉप और अंगूठा लगाने वाले मशीन में महिला के डुप्लीकेट अंगुठे के निशान के प्रिंट से बैंक खाता से सात हजार पांच सौ रुपए निकासी कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया की इसी तरह सफीना खातुन के खाते से नौ हजार पांच सौ रुपए और रेशमी देवी के खाते से डुप्लीकेट अंगुठे के निशान से चार हजार पांच सौ रुपए निकासी कर लिया। सरस्वती देवी के खाते से दस हजार सहित कुल 31500 रुपये की निकासी कर लिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि 28 मार्च को भुक्तभोगी महिलाओं ने निरंजन कुमार के खिलाफ धुरकी थाना में आवेदन दिया था। थाना प्रभारी ने एसपी और डीएसपी के मार्गदर्शन के बाद फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी सीएसपी संचालक निरंजन कुमार को सोनेहारा से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया आरोपी के गिरफ्तारी के साथ लैपटॉप, फिंगर प्रिंट मशीन, बोरोप्लस एंटीसेप्टिक क्रीम व फेवीकॉल भी बरामद कर लिया है। आरोपी निरंजन ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया। मौके पर सब इंस्पेक्टर बिक्कु कुमार, सुनील राम, सहायक अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, सुभाष कुमार अकेला, कंप्यूटर ऑपरेटर फुलेंद्र कुमार बैठा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** चिनियां थानांतर्गत चरका पत्थर टोला निवासी अरविंद तुरी की पत्नी ममता देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हुई थी। उसी बात से आक्रोशित होकर ममता ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

# अगलगी की घटना में दो भाईयों का 600 बोझा गेंहू जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के रारो गांव स्थित पथलाही टोला में गुरुवार सुबह 7 बजे गेहूं के बोझा रखे खलिहान में आग लगने से दिनेश यादव और लालमोहन यादव (पिता स्व खीरू यादव) दोनों भाइयों का लगभग 600 गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। आग की लपट इतनी तेज थी कि लोग आग के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। स्थानीय ग्रामीण बिजली मोटर पाइप व डीजल पंप के माध्यम से आग पर काबू पाने का हर संभव प्रयास किए, लेकिन खलिहान में आग की लपट इतनी तेज थी कि सारा गेहूं का बोझा जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवारों का रो रोकर बुरा हाल है। भुक्तभोगी किसान दिनेश यादव व लालमोहन यादव ने बताया की गेहूं की फसल काटकर अपने घर से कुछ दूरी पर खलिहान में रखे थे। गेहूं की थ्रेसर से कटाई होनी थी। इस दौरान गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे खलिहान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गेहूं का फसल इतना अच्छा था कि उसे देखने के बाद मन खुश हो गया था। फसल को लेकर काफी उम्मीदें थी। उन्होंने बताया कि उनका साल भर का मेहनत बर्बाद हो गई। अब खाने के लिए भी अनाज नहीं बचा है। अब परिवार में अनाज के लिए भी आफत हो जाएगा। अगलगी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान होने की उम्मीद है। भुक्तभोगी ने प्रशासन से मुआवजा की गुहार लगाई है। बीडीओ सह सीओ देवलाल करमाली ने बताया कि रारो गांव में अगलगी की सूचना मिली है। किसान का जो भी नुकसान हुआ है फोटो के साथ आवेदन प्रखंड कार्यालय को समर्पित करें। नुकसान हुए फसलों का आकलन कर उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाया जायेगा।



# अगलगी से 25 हजार का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** बुल्का पंचायत के मुखलाल प्रजापति पिता स्व. बनवारी प्रजापति के खपरैल घर में आग लगने से घर में रखे गेहूं घर का सामान जलकर राख हो गया। घटना में करीब 25 हजार रुपए की सम्पति का नुकसान पीड़ित परिवार ने होने की उम्मीद जतायी है। जानकारी के अनुसार रात्री में सभी परिवार के सदस्य खाना खाकर सो गए थे। आग कब और कैसे लगी किसी को पता नहीं चला। जब आग विकराल रूप ले लिया व घर में सोये लोगों को अत्यधिक गर्मी का आभास होने लगा। तब घर में आग की लपट देखा। इसके बाद हो हल्ला मचाना शुरू किया। इसके बाद अगल बगल के लोगों के जमा होकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किए। जब तक आग पर काबू पाया जाता घर में रखे गेहूं, गेहूं का भूसा, नकद रुपया, कपड़ा जलकर राख हो गया। घर जल जाने से इस घर के आठ लोगों को रहने का आश्रय छीन गया। इस संबंध में पीड़ित ने बताया की प्रखंड कार्यालय में अवकाश होने के वजह से आवेदन नहीं दें पाए हैं।

### भाजपा नेता का निधन, शोक

**चिनियां।** प्रखंड के राजबांस गांव निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाज सेवी राम सकल कोरवा आकस्मिक निधन हो गया। एक सप्ताह पूर्व उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव राजावास के देवी धाम पीपल ढोढा में किया गया। अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। अंतिम संस्कार में भाजपा विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, संजय तिवारी, चिनिया प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि चंद्रिका सिंह सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

# सड़क दुर्घटना में ऑटो चालक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मेलवान गांव में एक ऑटो तीखा मोड़ पर पलटने से ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे परिजनों इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में ऑटो चालक बुरी तरह जख्मी हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मेलवान गांव निवासी नंदलाल विश्वकर्मा पिता राजमुनी विश्वकर्मा ऑटो लेकर गुरुवार के दोपहर मेलवान से भवनाथपुर आ रहा था। इस बीच गांव के कुछ दूरी पर ऑटो तीखा मोड़ पर पलट गया, जिससे नंदलाला ऑटो के नीचे दब गया। आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से उसे भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां डॉ. रंजन दास ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली।

**आफत** | किसान चिंतित, प्रशासन से मुआवजे की मांग

# ओलावृष्टि से गेंहू, आम व सब्जी को नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के विभिन्न भागों में गुरुवार को बरिश,आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। हेंठार क्षेत्र में ओलावृष्टि से गेंहू, सब्जी व आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। प्रखंड के बलियारी, गड़ाखुर्द पंचायत में ओलावृष्टि व आंधी तूफान से कुछ अधिक नुकसान हुआ है। पहाड़ी क्षेत्र में ओलावृष्टि का प्रभाव नहीं है। किसान भोला मेहता, वीरेंद्र मेहता, गोपाल चंद्रवंशी, सर्जक मेहता, शंकर यादव, विनोद मेहता,मुकेश मेहता, बबलू कुमार,रणजीत मेहता,प्रवेश मेहता ने बताया कि ओलावृष्टि से गेंहू की तैयार फसल को नुकसान पहुंचा है। अभी भी लगभग 50 प्रतिशत गेंहू की फसल खेतों में ही लगा हुआ है। खेत में काटकर गेंहू का पांजा रखा हुआ था जो तेज हवा में उड़ गया। गेंहू के अलावा खेतों में लगे सब्जी कद्दू ,भिंडी,करेला, बैगन सहित अन्य सब्जी के फसल को नुकसान पहुंचा है। साथ ही आंधी तूफान से आम के फसल को भी नुकसान हुआ है। आम के छोटे छोटे फल टूटकर गिर गए। किसानों द्वारा खेतों में लगाया गया हजारों एकड़ में रवि फसले गेहूं, चना, जौ, सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाने से प्रखंड के सभी किसानों की कमर टूट गई। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

## 14 को लोजपा मनाएगी बाबा साहब की जयंती



**लातेहार।** आगामी 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस संबंध में लोजपा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने कहा कि समाजिक क्रांति के महानायक सह संविधान निमार्ता व भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को पूर्वाहन 11 बजे लोक जनशक्ति पार्टी के जिला कार्यालय बानपुर में मनाया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है।

## मानव तस्करी व सीनियर सिटीजन एक्ट की दी गई जानकारी



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के आमीन गांव में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।ग्रामीणों व महिलाओं को अधिकार मित्र कुमारी शारदा भारती ने विभिन्न कानून की जानकारी दी। शिविर में पोक्सो एक्ट,डायन प्रताड़ना, मानव तस्करी,महिला हिंसा व सीनियर सिटीजन सहित अन्य भारतीय दंड अधिनिय के बारे में जानकारी दिया। साथ ही नालसा के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दिया गया। ग्रामीण व महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दिया गया।

# चोरी की घटना के विरोध में स्वर्णकारों ने पुलिस अधिकारियों से की मुलाकात, गिरफ्तारी की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ पुल के पास स्थित मां आदि शक्ति ज्वेलर्स में चारों द्वारा बुधवार को दिन दहाड़े दुकान में रखे सोना व चांदी से भरे एक बैग को ले कर चंपत हो जाने के विरोध में गुरुवार को स्वर्णकार संघ ने सदर थाना प्रभारी से मुलाकत कर चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। यह प्रतिष्ठान सदर थाना से महज 400 मीटर की दूरी पर है। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर कन्हाई कुमार सोनी ने इस संबंध में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए एक आवेदन दिया है। घटना के विरोध में गुरुवार को स्वर्णकार संघ केअध्यक्ष नारायण सोनी के नेतृत्व में स्वर्णकार पुलिस उपाधीक्षक व सदर थाना प्रभारी से मुलाकात कर चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। स्वर्णकार संघ के उमेश सोनी ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने शीघ्र ही चोरों को पकड़ लेने को कहा है। अगर पुलिस द्वारा शीघ्र चोरों को नहीं पकड़ा गया तो स्वर्णकार विरोध में थाना घेराव करेगें। उन्होंने स्वर्णकारों को सुरक्षा देने की मांग की। मौके पर आशीष सोनी,अमरेंद्र सोनी, गुप्तेश्वर सोनी, मनोज सोनी, संजय सोनी, गणेश सोनी, बलराम सोनी, सुनील सोनी, अमीत सोनी, प्रेम सोनी, सुनील सोनी, वीरेंद्र सोनी, रामदयाल सोनी, पिंटू सोनी मौजूद थे।




### चोरों ने ऐसे दिया घटना को अंजाम

बुधवार को कन्हाई कुमार सोनी दोपहर 12 बजे अपनी दुकान खोल कर दुकान के बर्तनों को दुकान के बाहर लगा रहे थे। इस दौरान एक युवक दुकान के बाहर खड़ा उसकी सब गतिविधियों को देख रहा था। इसके बाद वह किसी को इशारा किया। इशारा करने के बाद एक युवक उसके पास आया और उसे अपनी बातों में उलझा कर मनिका जाने का रास्ता पूछने लगा। कन्हाई उसे मनिका जाने का रास्ता बताने लगे। उसे बातों में उलझा देख कर वह युवक दुकान में घुस गया और दुकान में रखा एक बैग ले कर भाग गया। कन्हाई ने बताया कि बैग में तीन लाख रुपए के जेवर, एक लैपटॉप और तिजोरी का चाबी था। बता कि इससे पहले चार अप्रैल की रात्रि भी कन्हाई कुमार सोनी के करकट ग्राम स्थित गोदाम में आग लग गयी थी और इसमें उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ था।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात से किसान घायल, सीएचसी में उपचार

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बारियातू प्रखंड के नवाटोला के पास गुरुवार शाम को हल्की बारिश के साथ वज्रपात होने से एक किसान घायल हो गया। जिसकी पहचान डाढ़ा के नवाटोला निवासी गनु यादव उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर के समीप खेत से अपने मवेशी को चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बारिश में अचानक वज्रपात हो गई। जिससे गनु यादव घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई।

### शिशु विद्या मंदिर में भगवान महावीर की जयंती मनी

**लातेहार।** चैत्र मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशीसी तिथि को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर में गुरुवार को वंदना सभागार में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जन्म जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ओमकार नाथ सहाय ने दीप प्रज्विलित व पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने भगवान महावीर की जीवनी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया। विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक ने भगवान महावीर के जीवनी पर प्रकाश डाला। उनकी शिक्षाओं के बारे में भैया बहनों के बीच रखा। उन्होंने जैन धर्म की पांच प्रमुख शिक्षाओं अहिंसा ,सत्य,अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह को समझने का प्रयास किया। भगवान महावीर की जन्म जयंती के अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने भी अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी की गरिमा पूर्ण उपस्थिति रही।

### रक्सी गांव में ट्रांसफार्मर जला, सैकड़ों घरों में छाया अंधेरा




**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के धनगड़ा पंचायत के रक्सी गांव में लगा ट्रांसफार्मर पिछले एक पखवाड़े से जल जाने से सैकड़ो उपभोक्ताओं के घर बिजली बाधित है।

बताया गया है कि मिश्रोल पीएसएस अंतगर्त धनगड़ा फीडर के रक्सी गांव में तालाब स्थित लगा दोनों ट्रांसफार्मर 15 दिनों से खराब है। बताया गया कि विभाग द्वारा 25 केवीए का दो ट्रांसफार्मर लगाया गया है। एक ट्रांसफार्मर एक माह पूर्व ही खराब हो गया। इसके उपरांत विभाग कर्मियों ने दूसरे ट्रांसफार्मर से सभी उपभोक्ताओं को बिजली बहाल कर दी गई, लेकिन दूसरा ट्रांसफार्मर भी दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उपभोक्ता अत्याधिक होने के कारण बार बार ट्रांसफार्मर जल रहा है। विभाग से 100 या केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।उपभोक्ताओं ने विधायक,सांसद व पंचायत जनप्रतिनिधियों समेत विभागीय अधिकारी को सूचना दिया, लेकिन ट्रांसफार्मर नही बदला जा सका है, जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### एक सप्ताह से गायब दोनों बच्चों को पुलिस ने किया बरामद



**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत चतरीमौव टोला से शाम को टहलने गए दो बच्चे 2 अप्रैल से लापता थे। परिवार वाले किसी अनहोनी की आंशका से काफी चिंतित थे। परिवार ने थाना में गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था। जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए दोनों छात्रों को हंटरगंज के भोजपुर गांव स्थित उनके रिश्तेदार घर से सकुशल बरामद कर लिया। गायब छात्रों में राजेश भुइयां का 14 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार, बाबूलाल भुइयां का 16 वर्षीय पुत्र रामबीरबल भुइयां था। सुभाष सातवीं, जबकि रामबीरबल नौवीं कक्षा का छात्र है। दोनों बच्चों को पुलिस उनके अभिभावकों को सौंप दिया है। परिजनों में हर्ष का माहौल है।

### भाजपा मंडल की रायशुमारी में सामने आए चार नाम

**बालूमाथ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष के लिए रायशुमारी में उपस्थित हुए जिला मंत्री व बालूमाथ मंडल प्रभारी शंभू प्रसाद की उपस्थिती में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता ने किया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मौके पर सभी अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया गया कि मंडल अध्यक्ष की रायशुमारी के लिए कार्यकर्ता अपना-अपना उम्मीदवार का प्रस्ताव रखें व दूसरे कार्यकर्ता उम्मीदवार का समर्थन करें। इसके बाद मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता,मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा,मंडल महामंत्री विजय यादव का नाम मंडल अध्यक्ष के लिए रखा गया। महिला मोर्चा से भी एक नाम मंडल कोषाध्यक्ष मंजू देवी का नाम जिला व प्रदेश को भेजा जाएगा, जिस पर जिला व प्रदेश द्वारा इन नामों पर मंडल अध्यक्ष के लिए किसी एक पर मोहर लगेगी। बैठक में गिरधारी यादव, रामजी सिंह, प्रेम प्रसाद गुप्ता, त्रिवेणी साहू, रविंद्र प्रसाद सिन्हा, सुनील पांडेय सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खेलने से स्वस्थ जीवन की शुरूआत होती है : प्रवीण

**जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुभारंभ**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला स्तरीय महिला पुरुष लीग कम नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। मुख्य अतिथि आईटीडीए प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण कुमार गगराई, विशिष्ट अतिथि मेजर राजकुमार लकड़ा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव व अन्य अतिथियों ने बॉल को सर्विस कर खेल प्रारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने आयोजन में भाग लेने वाले पुरुष व महिला टीम के खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। साथ ही खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने के लिए आगे आने की अपील की। मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार गहराई ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल एक बहुत उच्च स्तरीय माध्यम है। खेलने से स्वस्थ जीवन की शुरूआत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपना सौ प्रतिशत योगदान देने की बात कही। मेजर राजकुमार लकड़ा ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल बहुत जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ खेल बहुत जरूरी है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार में कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से जिले में छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। खिलाड़ी छोटे-छोटे अवसर अवसरों का लाभ उठाकर बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। मौके परलातेहार जिला बॉलीबॉल संघ के सचिव प्रवीण मिश्रा, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार छोटू, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, आलोक कुमार सिंह, दिलेश्वर यादव, साजन कुमार, कामिल अंसारी, संतोष कुमार, शुभम साव, कमलेश उरांव, विशाल कुमार, रिंकू कच्छप, विवेक कुमार आदि उपस्थित थे।

# एनपीयू के कुलपति ने किया संत जेवियर्स महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ को स्थायी संबद्धता प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को कॉलेज का अवलोकन किए। मौके पर सभागार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत वेलकम डांस, कॉलेज एंथम, नागपुरी नृत्य, साउथ इंडियन नृत्य, शास्त्रीय नृत्य पेश किया। बतौर विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य नेआमंत्रण पत्र भेजा था। विशेष अतिथि कुलपति का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश, आइक्यूएसी संचालक शशि शेखर, असिस्टेंट प्रोफेसर सिस्टर चंद्रोदय, डॉ. फादर समीर टोप्पो, डॉ. फादर राजीप तिर्की, फादर लियो, शिक्षक प्रतिनिधि जफर इकबाल, डॉ. प्यारी कुजूर, रोस एलिस बारला, ने गुलदस्ता व शॉल प्रदान किया। मौके पर कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि अब महाविद्यालय में सभी परीक्षाएं समय पर कराई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों के भविष्य को संवारा जा सके।

महाविद्यालय के उपलब्धियों व सफलताओं को देखते हुए कुलपति ने कहा कि स्थाई संबद्धता और ऑटोनॉमस स्टेट्स प्राप्त करने के लिए यह महाविद्यालय पूर्ण रूप से योग्य है। जल्द यूनिवर्सिटी द्वारा इस कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यहां के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शेफाली प्रकाश, ऑगेनाईजिंग कमेटी के कोऑर्डिनेटर शालिनी बारा, अंशु अंकिता, मंच संचालक रोनित मार्सल जेस, शिल्पी होरो, मनीषा बाखला, राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष अविनाश यादव का विशेष योगदान रहा।

# छह माह से मानदेय नहीं मिलने के विरोध में शराब दुकान बंद, समाहरणालय के समक्ष धरना दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सरकारी शराब दुकान के दुकान प्रभारी व सहायकों को मानदेय नहीं मिलने व मांगने पर नौकरी से निकालने की धमकी के विरोध में बुधवार को जिले के सभी सरकारी शराब दुकानों को बंद कर विरोध प्रकट किया गया। दुकान प्रभारी व सहायक समाहरणालय पहुंच कर विरोध में धरना दिए। धरना के बाद उपायुक्त ज्ञापान सौंपा गया। ज्ञापन में दुकान प्रभारी व सहायकों ने बताया कि उन्हें मानव प्रदाता कंपनी केएस मल्टीफैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सरकारी शराब दुकानों में दुकान प्रभारी व सहायक के रूप में नियोजित किया गया है। कंपनी द्वारा पिछले अक्टूबर माह से उन्हें मानदेय नहीं दिया जा रहा है। इस कारण उन्हें आजीविका चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूलों मे नया सत्र शुरू होने के कारण बच्चों कस पठन पाठन सामग्री खरीदने में मुश्किलें आ रही है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इसके अलावा अपनी अन्य बातों से उपायुक्त को अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि मानदेय भुगतान के बारे में जब मुख्य कोऑर्डिनेटर मनोज यादव से बातचीत की जाती है तो उनके द्वारा मानदेय नहीं देने और नौकरी से निकाल दिये जाने की धमकी मिलती है। लातेहार जिला के कोऑर्डिनेटर रंजीत यादव भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक दुकानें बंद रहेंगी। मौके पर आयुष कुमार, भीष्म राम, दीपक कुमार, रोशन कुमार, नागेंद्र प्रसाद, शशि कुमार, अमित कुमार, राहुल कुमार, कन्हाई प्रसाद, विकेंद्र कुमार, सूरज कुमार, सरदार प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, सतीश प्रसाद, शशिभूषण कुमार, अजीत कुमार, हीरानंद प्रसाद, संजय कुमार मन्टू पाठक, राहुल कुमार समेत 50 से अधिक कर्मी शामिल थे।

**जिले के शराब दूकानों में लटका ताला :** शराब दुकान में कार्य करने वाले कर्मियों के मांगों के समर्थन में दुकान को बंद कर देने से जिले के सभी शराब दुकानों में ताला लटक गया है। कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती व वेतन नहीं दिया जाता, तब तक दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है कि इन्हें पिछले छह माह से वेतन नहीं दिया गया है। इस मामले पर मुख्यालय को जिला से अवगत करा दिया गया है। सैलरी देने का कार्य केएस मल्टीफैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड का है, जब वह मानवकर्मियों का वेतन भुगतान कर देगी, इसके बाद सरकार कंपनी को भुगतान करेगी।

# कलाकार को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी के अवसर पर विभिन्न झांकी में शामिल कलाकारों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलाकारों व झांकी के निदेशक को अंग वस्त्र देकर क्लब के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया गया। सम्मान समारोह विवेकानंद क्लब हेट टोला,भास्कर स्वालंबन क्लब,सार्वजनिक नव युवक विकास संघ के द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के पश्चात कलाकारों व क्लब के सदस्यों ने वन भोज का भी भरपूर आनंद उठाया। मौके पर सार्वजनिक नव युवक विकास संघ के झांकी प्रस्तुति के डायरेक्टर जितेंद्र कुमार जीतू,अध्यक्ष कार्तिक राणा,विवेकानंद क्लब हेट टोला के डायरेक्टर शिक्षक नरेश राम,अर्जुन दांगी,अध्यक्ष मुकुटधारी दांगी,भास्कर स्वालंबन क्लब के निर्देशक अनिल कुमार,मुकेश कुमार,अध्यक्ष प्रयाग मुकेश कुमार,मुखिया निर्मला देवी,उपेंद्र दांगी,राजूलाल वर्मा, सेवानिवृत शिक्षक श्यामसुंदर दांगी के अलावे अन्य सदस्य थे।

## दादी रतन मोहनी का मना स्मृति दिवस



**लातेहार।** सदर प्रखंड के बाइपास रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सोन भवन में गुरुवार को दादी रतन मोहनी का स्मृति दिवस मनाया गया। जयंती के अवसर पर मुख्य रूप से आशीष भाई, बीके नवीन भाई, बीके विनोद भाई, बीके अनिल भाई, सुनीता बहन, ज्योति माता, संध्या बहन, कंचन माता,बीके गुलाब भाई, अवधेश भाई, बीके बनारसी भाई, बीके पूनम बहन, ममता बहन, एवीएन अन्या भाई बहनों ने भाग लिया और उन्हें चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में 112 छात्र पर एक भी शिक्षक नहीं, छात्रों का भविष्य अंधकारमय

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंउ में राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में 112 छात्र नामांकित छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षक के नाम पर एक भी शिक्षक मौजूद नहीं है। स्कूल का देखरेख किरानी लक्ष्मण उरांव,नाइट गार्ड अशोक बड़ाइक के भरोसे होता है। सभी बच्चे हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। सभी के मां-बाप यहां नामांकन कराएं हैं ताकि बच्चे पढ़ाई कर पाए और उनके उज्जवल भविष्य हो सके। स्कूल में बच्चे तो हैं लेकिन शिक्षक एक भी नहीं है। इस कारण बच्चों का पढ़ाई नहीं हो पा रहा है। इस स्कूल में 7 से लेकर 10 तक क्लास तक की पढ़ाई होती है। अगर स्कूल का हालात ऐसा ही रहा तो बच्चे का भविष्य खतरे में नजर आ रहा है।



### घंटी टीचर के कार्यरत तीन शिक्षिका बैठे मिले

स्कूल में घंटी टीचर के तौर पर तीन शिक्षिका को अनुबंध पर रखा गया है। इस संबंध में तीनों शिक्षिकाओं से बात करने पर बताया गया कि वे सभी अनुबंध पर हैं। उनका अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो चुका है। आगे रखा जाएगा या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। दिसंबर माह तक हम लोगों का वेतन मिला है। दिसंबर के बाद अभी तक वेतन नहीं मिला। रसोइया के तौर पर विवेकानंद बृजिया कार्यरत हैं। विद्यालय के प्राचार्य गिरजा राम को इन सभी बातों को लेकर दूरभाष से बात करने की कोशिश करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

# हनुमत महायज्ञ मे उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड के नगड़ा ग्राम में आयोजित पांच दिवसीय हनुमत महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखी जा रही है। श्रद्धालु प्रातः 5 से ही यज्ञ शाला मंडप की परिक्रमा करते देखा जा रहे हैं। कोई संध्या बेला में भी 5 बजे से कई श्रद्धालुओं को सुबह तक अपनी मनोकामना को लेकर परिक्रमा करते देखे जा रहे हैं। कई श्रद्धालुओं द्वारा लगातार 12 घंटे तक परिक्रमा की गई। किसी ने 2100 तो किसी ने 5100 बार की चक्कर लगाते हुए अपनी परिक्रमा पूरा की। ज्यादा देर तक परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति के सदस्य भी काफी सक्रिय रहें। महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। संध्या बेला में प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मालूम हो कि यह यज्ञ 7 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 11 अप्रैल तक चलेगी। महायज्ञ में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के करीब 5000 श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा की। महायज्ञ को लेकर गुरुवार को वेदी पूजन, हवन, आरती, शुक्रवार को विधि पूजन पूर्णाहुति, विदाई और विसर्जन के साथ-साथ भंडारा का आयोजन किया गया है।



परिवहन विभाग की धांधली के खिलाफ एसोसिएशन गोलबंद, विभागीय अधिकारियों से मिलकर सौपा ज्ञापन

# शीघ्र परमिट नहीं मिलने की स्थिति में जोरदार आंदोलन होगा : ट्रक एसोसिएशन




**एसोसिएशन ने अधिकारियों को बताया कि लोहरदगा एवं गुमला, लातेहार जिले में बॉक्साइड ही एकमात्र व्यवसाय है। जिसमें लगभग 1500 से 2000 छह चक्का ट्रक चलते हैं। परमिट नहीं मिलने के कारण यहां के लाखो लोगों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के परिवहन विभाग सचिव विप्रा भाल एवं झारखंड सरकार के परिवहन संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, झारखंड सरकार के उप परिवहन आयुक्त सह सचिव आरटीए ,रांची हरिवंश पंडित से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह बताया गया कि पिछले कई महीनो से दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक प्राधिकार, रांची,आरटीए ऑफिस एवं हजारीबाग प्रमंडल के द्वारा 15 वर्षों से पुराने व्यावसायिक वाहनों को रोड परमिट नहीं दिया जा रहा है। जबकि उन्हीं गाड़ियों से टैक्स भी वसूला जा रहा है। फिटनेस और तमाम कागजातों के पैसे भी लिए जा रहे हैं। परमिट नहीं देने का कारण पूछने पर कोई स्पष्ट जवाब भी नहीं दिया जाता है। एसोसिएशन ने अधिकारियों को बताया कि लोहरदगा एवं गुमला, लातेहार जिले में बॉक्साइड ही एकमात्र व्यवसाय है। जिसमें लगभग 1500 से 2000 छह चक्का ट्रक चलते हैं। परमिट नहीं मिलने के कारण यहां के लाखो लोगों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। ट्रक व्यवसाय से प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से तीनों जिलों के लाखों लोगों की रोजी-रोटी चलती है। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल एवं हजारीबाग प्रमंडल छोड़कर अन्य प्रमंडलो में झारखंड में ही रोड परमिट निर्गत किया जा रहा है व अन्य राज्यों में भी 15 वर्षों से पुराने व्यावसायिक वाहनों को परमिट दिया जा रहा है। कहीं ना कहीं परिवहन विभाग दक्षिण छोटानागपुर एवं हजारीबाग प्रमंडल के परिवहन अधिकारी धांधली पर उतर आए हैं एवं बड़ी कंपनी और बड़े व्यवसायियों से मिलकर एक साजिश रच कर परमिट नहीं दे रहे हैं। एसोसिएशन ने इस पर कड़ा एतराज जताते हुए आग्रह किया है कि शीघ्र परमिट दिया जाए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा है शीघ्र परमिट नहीं मिलने की स्थिति में जोरदार आंदोलन होगा। सभी ट्रकों को ले जाकर परिवहन आयुक्त के कार्यालय के बाहर खड़ा कर दिया जाएगा और न्यायालय की भी शरण ली जाएगी। इस मामले को लेकर दक्षिण छोटानागपुर आयुक्त को भी ज्ञापन सौपा गया है। प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष बरज सिंह , सह सचिव अभय सिंह, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव ,नीरज कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

# आत्म निर्भरता के साथ निरन्तर विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है भारत : बालमुकुंद

## भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि 2014 में एनडीए के प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक देश का चहुमुखी विकास हुआ है। भारत आत्मनिर्भरता के साथ विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है।प्रधान मत्री राजीव गांधी के समय केंद्र से चला हुआ एक रुपया गरीबो तक 15 पैसे पहुचता था आज पूरे एक रुपया उस गरीब को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है । अंतिम व्यक्ति का विकास ही भाजपा का विकास का पैमाना है। कहा कि 11 वर्षो के शासन काल मे भाजपा ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया। कहा कि हमे अपना अतीत और इतिहास हमेशा याद रखना चाहिये। कुछ पार्टियों के कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ने के कुछ ही समय बाद महंगी गाड़ी एवम आलीशन बंगलो के मालिक बन जाते है उसे देख कर हमें विचलित नही होना है। कहा कि जो कार्यकर्ता लाभ हानि के आधार पर पार्टी से जुड़ते है वह कभी समाज और देश का भला नही कर सकते और जो पार्टी के सिद्धांतों के आधार पर जुड़ते है वही पार्टी और देश के लिये कुछ कर गुजरते है। कार्यकर्ताओ से जिम्मेवारी पूर्वक पार्टी एवम समाज हित मे काम करने की बात कही। ओम सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास ,उपलब्धि एवम स्थापना की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि पार्टी स्थापना माह में प्रदेश द्वारा निर्देशित 6 अप्रेल से 25 अप्रेल तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमे प्रत्येक घर मे पार्टी झंडा लगाना,जलाशयों, धार्मिक स्थलों,गलियों में सफाई अभियान,गांवो बस्तियों में जा कर लोगो की समस्याओं को सुन उसका समाधान हेतु पहल करना,प्रधानमंत्री जन कल्याण योजनाओ के लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करना,तथा भाजपा के नीव रखने वाले ऐसे वरिष्ठ कार्यकताओ को सम्मानित करना शामिल है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पशुपति नाथ पारस एवम धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अनिल उराँव ने किया। कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद त्रिवेणी दास, देवाशीष कार, साहू, टीपू खान, विमल कांत सिंह, रामकिशोर खेरवार समेत कई सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

# महावीर स्वामी ने संसार को अंधकार से प्रकाश में लाया : प्रीति गुप्ता

## इंटर महाविद्यालय में महावीर जयंती मनाई गई




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में महावीर जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गयो इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता के द्वारा महावीर स्वामी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और महावीर स्वामी के पांच व्रतों का पालन करने को कहा गया जिसमें है - सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, आस्तेय और अपरिग्रहे जैन धर्म सनातन धर्म से अलग नहीं है और महावीर स्वामी ने संसार को अंधकार से प्रकाश में लाने का काम कियो कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, नीतू कुमारी, सनोज कुमार साहू, यूगेश कुमार साव, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# रामगढ ने सरायकेला खरसावां को 196 रनों से किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूनामेंट के ग्रुप बी के मैच में रामगढ ने सरायकेला खरसावां को 196 रनों से पराजित कर दिया। स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ की टीम ने 46.5 ओवर में 277 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम की ओर से देवेश गोयल ने 73 गेंद पर 111 रन अंतरिक्ष कुमार ने 28 गेंद पर 25 रन और सचिन कुमार ने 34 गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। सरायकेला खरसावां की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम प्रसाद ने तीन विकेट, आदर्श ने तीन विकेट और मोहित दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए सरायकेला खरसावां की टीम 18.3 ओवर में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सचिन ने 16 रन, प्रतीक ने 15 रन और मोहित 11 रनों का योगदान दिया। रामगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए शशांक ने तीन विकेट, समीर ने तीन विकेट और शिवम ने तीन विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार रामगढ़ के देवेश गोयल को दिया गया। उन्होंने 73 गेंद पर 111 रनों की शानदार पारी खेली। पुरस्कार वितरण समारोह में जेएससीए द्वारा प्रति नियुक्त टीम.आर.डी.ओ राजेश कुमार झा ने उन्हें 5000 का नगद पुरस्कार तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंपायर राजेश्वर सिंह, संजय कुमार सिंह, स्कोरर सूरज कुमार, शुभम मेहता जिला क्रिकेट एसोसिएशन के भास्कर दास गुप्ता, आलोक राय,नियाज मलिक आदि उपस्थित थे।

## धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि ने प्रशासनिक पदधिकारियों से मिलकर उन्हें सम्मानित किया

**लोहरदगा।** विगत 30 मार्च से आरम्भ हुई रामनवमी पूजनोत्सव तथा चैत्र दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित दुर्गा पूजा तथा रामनवमी शोभायात्रा के साथ साथ विभिन्न अखाड़ों में आयोजित अस्त्र शस्त्र चालन तथा बाजा प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में विभिन्न धार्मिक संगठनों, मीडियाकर्मी, आम सनातन जनता का सहयोग के साथ साथ प्रशासन का सहयोग भी बहुत बहुत सराहनीय रहा। अतः प्रशासन की सराहनीय भूमिका को साधुवाद देने हेतु आज केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेंड़ा के अगुवाई में विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा तथा सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें प्रसाद देकर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मनित किया गया।

# जीईएम पोर्टल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**लोहरदगा।** जिला परिषद सभागार में जीईएम पोर्टल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद सभागार में सरकारी उत्पादों और सेवाओं की खरीदारी जीईएम जीईएम पोर्टल से करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण -सह-कार्यशाला में संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर्स शामिल हुए। जीईएम से आए प्रतिनिधि सुबोध कांत ने पोर्टल पर यूजर आईडी बनाने, प्रोफाइल अपडेट करने, टेंडर अपलोड करने, सीआरसी और पेमेंट अपडेट करने की प्रक्रिया विस्तार से बताया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के लिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर्स एवं कर्मी मौजूद रहे।

## कचहरी मोड़ से शिक्षक की बाइक चोरी

**लोहरदगा।** गुरुवार की सुबह कचहरी मोड़ क्षेत्र से एक शिक्षक की बाइक अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई। शिक्षक विजय उरांव सुबह करीब 10:30 बजे अपने निजी कार्य से कचहरी मोड़ पहुंचे थे। उन्होंने अपनी यामाहा बाइक रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 08 ई 8882 मुख्य मार्ग के किनारे खड़ी की और कुछ देर के लिए वहां से चले गए। कार्य पूरा करने के बाद जब वे लौटे तो उनकी बाइक वहां मौजूद नहीं थी। उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ की और बाइक की खोजबीन की, लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद वे लोहरदगा सदर थाना पहुंचे और मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन ने जांच की प्रक्रिया आरंभ कर दी। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जिससे बाइक चोरों की पहचान की जा सके।

# सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश देता है भगवान महावीर का जीवन : प्रधानाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

सेन्हा-लोहरदगाः प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या प्रतिभा देवी ने कहा की महावीर स्वामी का पांच सिद्धांत को बताते हुए कहा जिस प्रकार धागे से बंधी सुई खो जाने से सुरक्षित है। ठीक उसी प्रकार अध्ययन में लगा व्यक्ति खो नहीं सकता है। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। कहा कि महापुरुषों का जीवनी से प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा बताये गये सत्यकर्म, ईमानदारी, न्याय और देशभक्ति तथा समाज सेवा को आत्मसात करना चाहिये। वही विद्यालय के छात्राएं पल्लवी,तेजस्वी और काजल द्वारा भी भगवान महावीर का जयंती पर प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रतिभा देवी, मालती कुमारी ,संध्या कुमारी,रिंकी कुमारी,अनुबाला देवी,अंजनी देवी,सुधीर उरांव ,जयप्रकाश सिंह समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

# भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का विस्तार अरविंद अध्यक्ष, राधेश्याम सचिव नियुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ की बैठक स्थानीय होटल नॉवेल्टी में रखी गई। जिसमें ग्रामीण डाकसेवकों से जुड़ी समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। डाक सेवको की समस्याओं के समाधान को लेकर पहल करने की बात कही गई। मौके पर कई ग्रामीण डाक सेवको ने भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का विस्तार किया गया। जिसमें गुमला डिवीजन के लिए अरविंद उरांव को अध्यक्ष, राधेश्याम प्रजापति को सचिव, अर्जुन यादव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमे ग्रामीण डाक सेवकों की सैलरी और पे-स्केल, मिलने वाले भत्ते और भत्तों की दर, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भत्ता शामिल है। बताया गया कि ग्रामीण डाक सेवक संघ ग्रामीण डाक सेवकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करता है। मौके पर सर्किल अध्यक्ष कालेश्वर सिंह ने कहा कि डाक सेवको के उत्थान और विकास के लिए डाक कर्मचारी संघ तत्पर है। कहा कि डाक सेवको की हर समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व है। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद मेहता, सर्किल अध्यक्ष रांची कालेश्वर सिंह, सचिव रामेश्वर गोप, शाखा सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह,गुमला लोहरदगा डिवीजन के संयोजक सचिव राधेश्याम प्रजापति, एमएम मिश्र, संतोष कुमार, अरविंद उरांव, कहरु उरांव, जीवन भगत, समष्टि एक्का, शिल्पा कुमारी, प्रवीण लकड़ा, रामविलास साहू, भावना सूत्रकार, बलबीर कुजूर, संजय सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# महावीर स्वामी सत्य एवं अहिंसा के पुजारी थे : सुरेश चंद्र पांडे




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में महावीर स्वामी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी जी की चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। भैया बहनों को प्रॉजेक्टर द्वारा स्वामी जी के जीवन गाथा को दिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहन आद्या पाठक व आस्था उरांव ने भगवान महावीर स्वामी जी का जीवन के बारे में बताई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भैया बहनों से प्रश्नोत्तरी भी किए। सत्य,अहिंसा, अस्तेय(ब्रह्मचर्य), अपरिग्रह, अनेकांतवाद पंच महाव्रत के बारे में प्रधानाचार्य द्वारा भैया बहनों को अर्थ सहित बताया गया। बताया गया कि श्वेत वस्त्र धारण करने वाले श्वेताम्बर एवं जो वस्त्र को धारण नहीं करते उन्हें दिगंबर कहते हैं। कहा कि महावीर स्वामी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। विद्यालय की आचार्या सुनिता कुमारी द्वारा स्वामी जी से जुड़ी कहानियों से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम में गणेश प्रसाद साहू, जगदीश पांडे त्रिलोचन साहू, महेंद्र कु. मिश्रा, अशोक सिंह सुनिता कुमारी रवि रंजन कुमार सहित विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी व भैया बहन उपस्थित थे।

लाखों शत्रुओं पर विजय पाने से बेहतर है खुद पर विजय प्राप्त करना

# अहिंसा का प्रचार, सत्य का विचार, यही है भगवान महावीर का जीवन सार : बिपिन कुमार




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में महावीर जयंती मनाई गई। महावीर जयंती का पावन पर्व बड़े ही हर्षो-उल्लास के साथ मनाया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, अनीता देवी, मुकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया।भगवान महावीर जैन धर्म के अंतिम आध्यात्मिक तीर्थंकर थे। हिंदी आचार्या ने कहा कि महावीर कहते हैं खुद पर विजय प्राप्त करना शत्रुओं पर विजय प्राप्त करना है। कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया - बहनों ने महावीर जैन पर भाषण प्रस्तुत किया।जिसमें भैया- बहनों ने महावीर जैन की जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अध्ययनरत भैया शिवम कुमार साहू कक्षा 9 ने 57 वां नेशनल खो-खो चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 -2025 पुरी उड़ीसा सीनियर में दिनांक 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित थी, जिसमें भैया शिवम कुमार साहू ने झारखंड की टीम का प्रतिनिधित्व किया।

यह पूरे विद्यालय परिवार एवं लोहरदगा जिला के लिए हर्ष के साथ साथ गौरव का विषय है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि पर हर्षोल्लास का वातावरण है,इस उपलब्धि के लिए भैया शिवम कुमार साहू को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भैया शिवम को वंदना सभा में सम्मानित किया गया साथ ही संरक्षक शारीरिक आचार्य जोधान सिंह को मधुमिता शर्मा के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया । भैया शिवम कुमार साहू को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भैया शिवम को वंदना सभा में सम्मानित किया गया साथ ही संरक्षक शारीरिक आचार्य जोधन सिंह को मधुमिता शर्मा के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया ।

# डा. संजय कुमार ने उदरंगी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** प्रखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने उदरंगी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रोजाना इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में साफ-सफाई, योगा कक्ष, पेयजल की व्यवस्था, परिवार नियोजन के तहत संचालित कार्यक्रम से संबंधित पंजी सहित कई बिंदुओं पर जांच कर सीएचओ का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने कहा कि प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मॉडल के रुप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के मरीजों को हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देना उद्देश्यहै। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को प्रभावी रुप से लागू किया जा रहा है। साथ ही निरोग रहने के लिए ग्रामीणों को योगाभ्यास से जोड़ने के लिए सीएचओ को निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने आरोग्य मंदिर उदरंगी में पेयजल संकट को दूर करने को लेकर वरीय अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही है।



# मनरेगा का कुआं ध्वस्त, सरकारी लापरवाही उजागर

## कुआं ध्वस्त होने से सरकारी पैसा की हुई बबार्दी, लाभुक चिंतित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के तूईमू पंचायत के चापरोंग गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत बीते वर्ष कुआं का निर्माण हो रहा था। लेकिन आधा अधूरा काम होने की वजह से बरसात के दिनों में मनरेगा योजना के लाभूक कृष्णा सिंह का कुआं पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया। जिससे लाभुक काफी चिंतित है। कुआं ध्वस्त हो जाने से ना सिर्फ सरकारी राशि की बबार्दी हुयी बल्कि, लाभुक द्वारा लगाया गया खेतों पर फसल की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो गया है। चापरोंग गांव के मनरेगा योजना के लाभुक सहाबीर खेरवार का भी कुआं निर्माण आधा अधूरा होने से कुआं ध्वस्त होने की संभावना बनी हुई है। जिसे लेकर लाभुक काफी चिंतित है। बताया गया कि, कुआँ निर्माण के योजना स्थल में योजना का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। प्रभावित दोनों लाभुक ने तूईमू पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिव विश्वनाथ प्रजापति के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि, पंचायत सचिव के द्वारा कुआ निर्माण सामग्री और मजदूरों को समय से पैसा का भुगतान नहीं होने की वजह से मनरेगा योजना का कुआं पूर्ण रूप से निर्माण कार्य नहीं हुआ। जिससे बरसात के दिनों में कुआं ध्वस्त हो गया है। इधर, दोनों लाभुक कुआं का पुनः निर्माण करने की मांग कर रहे हैं। कुआं ध्वस्त हो जाने से लाभुक काफी चिंतित है। इस संदर्भ में पेशरार प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की ने कहा कि, मामला संज्ञान में आया है। कुआँ निर्माण स्थल का जांच पड़ताल किया जाएगा। दोषी पंचायत सचिव के ऊपर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

# अवैध बांग्ला ईंट भट्टों पर प्रशासन की कार्रवाई शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है, परंतु चैनपुर अंचल क्षेत्र में अवैध उत्खनन और बांग्ला ईंट भट्टों का कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्थानीय गांवों में धड़ल्ले से चल रहे ये ईंट भट्टे न केवल सरकार के राजस्व को चूना लगा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण और श्रम कानूनों का भी उल्लंघन कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार, बांग्ला ईंट भट्टों को निजी निर्माण कार्यों के लिए अनुमति दी जाती है, लेकिन इनके व्यवसायिक उपयोग से सरकार को भारी राजस्व की हानि हो रही है। इन भट्टों का संचालन बिना किसी रोक-टोक के हो रहा है, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है और स्थानीय आबादी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।चौंकाने वाली बात यह है कि इन बांग्ला ईंट भट्टों के संचालकों के पास न तो पर्यावरण विभाग की एनओसी है और न ही ईंट भट्टे के लिए आवश्यक लाइसेंस।





इस अव्यवस्था के चलते, ईंट भट्टों पर काम करने वाले मजदूर भी जानलेवा स्थिति का सामना कर रहे हैं। इन्हें उचित सुरक्षा मानकों के बिना काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो कि न केवल उनका स्वास्थ्य बल्कि जीवन के लिए भी खतरा बनता जा रहा है।

ईंट भट्ठा संचालकों का दावा है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के तहत ईंटें उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि वे ट्रैक्टरों में भरकर ईंटें बेचने में व्यस्त हैं। यह स्थिति इस बात का संकेत देती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किस तरह का खेल चल रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए और इस समस्या का समाधान निकाला जाए।

अब यह देखना है कि क्या स्थानीय प्रशासन इस गंभीर मुद्दे की ओर ध्यान देगा या फिर केवल खानापूर्ति करते हुए इसे अनदेखा करेगा। अगर प्रशासन जल्द कुछ ठोस कदम नहीं उठाता है, तो यह समस्या स्थानीय आबादी और पर्यावरण के लिए गंभीर बनती जा रही है।

## पद्मश्री अशोक भगत की नई पुस्तक 'परंपरा और प्रयोग' का लोकार्पण आज रांची में

**गुमला।** विकास भारती के सचिव एवं पद्मश्री से सम्मानित अशोक भगत की नई पुस्तक 'परंपरा और प्रयोग' का भव्य लोकार्पण समारोह शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 को रांची में आयोजित किया जाएगा। इस पुस्तक के माध्यम से श्री भगत ने परंपरागत जीवन मूल्यों और उनके आधुनिक प्रयोगों पर गहन विचार प्रस्तुत किए हैं। यह लोकार्पण समारोह प्रभात प्रकाशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले शामिल होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) प्रदीप जोशी एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा मंच साझा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शाम 4 बजे ग्रामायतन, आरोग्य भवन-1, बरियातू रोड, रांची में होगा। आयोजन समिति ने सभी गणमान्य व्यक्तियों से 3:45 बजे तक सभा स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

# आंधी-तूफान से मची अफरा-तफरी, विशाल पीपल की डाली गिरने से बाल-बाल बचे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो बस्ती स्थित बाजार टांड़ में गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी और बूंदाबांदी के साथ आए तूफान ने बाजार में आए दुकानदारों और ग्राहकों को संभलने का मौका तक नहीं दिया।

तेज हवाओं के चलते बाजार में लगे तिरपाल उड़ने लगे, जिससे दुकानदारों को अपनी दुकानें समेटने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी दौरान बाजार टांड़ के बीचोबीच वर्षों से खड़े एक विशाल पीपल पेड़ की भारी डाली तेज तूफान की वजह से टूटकर नीचे गिर गई। सौभाग्यवश, डाली गिरने की आहट से होटल और अन्य दुकान संचालक समय रहते सतर्क हो गए और जान बचाकर भाग निकले, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

डाली गिरने से पीपल के नीचे खड़ी एक स्कूटी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि हेटटोली निवासी सुकरा उरांव की झोपड़ीनुमा होटल को नुकसान पहुंचा और उसका सामान बर्बाद हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, आंधी-तूफान के कारण भरनो क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी नुकसान की खबरें सामने आई हैं।

प्रशासन से प्रभावितों ने मुआवजा व मदद की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे हादसों से बचने के लिए पुराने और जर्जर पेड़ों की समय पर छंटाई जरूरी है।



### चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में बदला मौसम, किसानों के चेहरे पर चिंताओं की छाया

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में कल बुधवार के रात से बारिश ने दस्तक दी है, जो कि गरज के साथ शुरू हुई। गुरुवार को दोपहर से मौसम ने एक बार फिर करवट ली और गर्मी के मौसम में अचानक से बदल गए हालात ने लोगों को चौंका दिया। गर्मी के बाद जब बादल छाए, तो माहौल में ठंडक आ गई, लेकिन यह बदलाव किसानों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

### गुमला में अवैध बॉक्साइट खनन पर जिला प्रशासन का शिकंजा

# कई क्षेत्रों में हुई छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के सख्त निर्देश पर चैनपुर एवं बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्रों में अवैध बॉक्साइट खनन के खिलाफ जिला टास्क फोर्स समिति द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व जिला खनन पदाधिकारी एवं प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा (आईएफएस) पदाधिकारी आदर्श शरण ने किया। छापामारी के दौरान लोहरदगा वन प्रमंडल अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के लुपुंगपट, अंबाकोना और बीजापाट गांवों तथा गुमला वन प्रमंडल क्षेत्र के बिशुनपुर प्रखंड स्थित चौरापाट, नवाटोली, कुजाम, बारपाट और लोडापाट क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान कई ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई जो अवैध उत्खनन में संलिप्त पाए गए हैं। इन पर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।





**खनन विभाग पर भी उठे सवाल:** पिछले कुछ समय से अवैध खनन के पीछे खनन विभाग की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं और आम जनता द्वारा विभाग पर मिलीभगत के आरोप भी लगाए जाते रहे हैं। इन्हीं आरोपों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सख्त निर्देश जारी किए थे कि किसी भी सूरत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी निर्देश के आलोक में यह छापामारी की गई।

**आम लोगों में खुशी की लहर:** प्रशासन की इस त्वरित और ठोस कार्रवाई से आम जनता में हर्ष का माहौल है। लोगों का कहना है कि वर्षों से खुलेआम हो रहे अवैध उत्खनन पर पहली बार प्रशासन ने गंभीरता से कदम उठाया है, जिससे ऐसे कृत्यों में संलिप्त लोगों में भय और आम नागरिकों में विश्वास बढ़ा है।

इस अभियान में जिला पुलिस बल एवं वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे और संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी सख्त निगरानी व कार्रवाई जारी रहेगी।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर केरसई में हुई बैठक

**केरसई।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक नगर भवन में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर वे अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाएं एवं सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा करें।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू उपस्थित थे। उन्होंने भाजपा की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा पर प्रकाश डाला और पार्टी की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत नहीं हारते, बल्कि तन, मन, धन से संगठन के कार्यों में लगे रहते हैं।भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप केसरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की विचारधारा के साथ कार्य करती है। पार्टी का उद्देश्य भारत के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना हैभाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### गुमला जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक संपन्न

# सदस्यता शुल्क में वृद्धि का निर्णय, कोषागार पदाधिकारी प्रदीप टोप्पो हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

गुमला झ जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक बुधवार को समाज के अध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के आरंभ में संगठन की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चर्चा की गई। इस अवसर पर सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने कहा कि किसी भी संगठन के सुचारु संचालन हेतु आर्थिक संबल आवश्यक है। विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी माह से सदस्यता शुल्क में मामूली वृद्धि की जाएगी, जिससे समाज की आर्थिक सुदृढ़ता सुनिश्चित हो सके।

बैठक की विशेष बात यह रही कि समाज के आमंत्रण पर गुमला कोषागार पदाधिकारी प्रदीप कुमार टोप्पो विशेष रूप से उपस्थित हुए। समाज के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पारंपरिक अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री टोप्पो ने पेंशनर समाज की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि जिले का पेंशनर समाज अनुशासित, संगठित और सदैव जागरूक है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि कोषागार से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर पेंशनधारीगण बेझिझक उनसे संपर्क कर सकते हैं। वे स्वयं व्यक्तिगत रूप से समाधान का प्रयास करेंगे।



कोषागार पदाधिकारी की उपस्थिति से बैठक में विशेष उत्साह देखा गया और पेंशनधारकों के चेहरे पर संतोष की झलक मिली। इसी अवसर पर शिव प्रसाद चौधरी, कर्मा खड़िया, वृंदावन मिश्र एवं बैद्यनाथ सिंह ने पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य गौरी प्रसाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर महेश प्रसाद गुप्ता, डोमन राम, सुरेंद्र खड़िया, श्यामा नंदन महतो, गुलाब सिंह एवं मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र 'सुमन' सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# भक्ति-भाव के साथ मनाई गई महावीर जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** वृहस्पतिवार को रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई में महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इसमें विद्यालय के भैया / बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया ।प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने आचार्यों तथा बाल भारती-कन्या भारती के अधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन करते हुए महावीर स्वामी की स्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किए । उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी के संकल्प,दृढ़ इच्छाशक्ति तथा मानसिक शांति का ही परिणाम था। कि उन्होंने समाज में हो रहे तीव्र आर्थिक परिवर्तन के बीच लोगों को शांत रहना सिखाया। सत्य अहिंसा और शांति के साथ विश्व को जीना सिखाया। इसी तरह अगर ठान लें तो हमारे विद्यार्थी भी हर एक लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं । कार्यक्रम में कक्षा दशम के भैया सुमन तथा बहन श्रेया ,कक्षा नवम से बहन कात्यायनी , कक्षा अष्टम व अन्य कक्षाएं सप्तम एवं षष्ठी से अनेक भैया बहनों ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवम के भैया गौरव ने किया ।



धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जयंती प्रमुख मृत्यंजय कुमार मिश्र ने भगवान महावीर की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में हो रहे तीव्र आर्थिक परिवर्तन के कारण हो रहे अव्यवस्थाओं के कारण महावीर स्वामी का उदय उस काल में अत्यंत ही आवश्यक था। आचार्य ने सभी भैया बहनों की सभ्य उपस्थिति तथा कौशल्या कुमारी की वैचारिक उद्बोधन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की ।

# गुमला के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन




### गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में बड़ी उपलब्धि

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाई मिली है। फोरी, तेलगांव और उमड़ा के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि इन स्वास्थ्य केंद्रों की रोगी-केन्द्रित सेवाओं, स्वच्छता, आपातकालीन तैयारी, दस्तावेज प्रबंधन और संक्रमण नियंत्रण जैसे मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।

स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित इस प्रक्रिया में बाह्य मूल्यांकनकताओं की टीम ने इन केंद्रों का निरीक्षण कर मूल्यांकन किया। फोरी ने 90%, तेलगांव ने 89% और उमड़ा ने 87% अंक हासिल कर प्रमाणन प्राप्त किया। 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले संस्थानों को यह प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह सफलता स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत, सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग और सुधारात्मक प्रयासों का सशक्त परिणाम है। विभाग की योजना है कि अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी प्रमाणन की दिशा में प्रशिक्षित किया जाए, ताकि पूरे जिले में गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान

# दर्जनों वाहन रोके गए, बिना हेलमेट वालों का कटा चालान



**भरनो (गुमला)।** गुमला एसपी के निर्देश पर भरनो थाना क्षेत्र के एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार शाम को पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान थाना क्षेत्र के पलमा डीपा मोड़ के पास सघन रूप से संचालित किया गया। भरनो थाना पुलिस ने पुलिस बल के साथ मिलकर दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोका और उनके हेलमेट, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की। कार चालकों के सीट बेल्ट और दस्तावेजों की भी सख्ती से जांच की गई। इस दौरान कई बाइक चालकों को बिना हेलमेट पकड़ा गया, जिन पर ऑन द स्पॉट चालान काटा गया। अभियान के दौरान भरनो थाना के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान भी मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि इस तरह की वाहन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को मजबूत किया जा सके।

## भक्ति-भाव के साथ मनाई गई महावीर जयंती

**भरनो (गुमला)।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो में गुरुवार को भगवान महावीर जयंती पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने भगवान महावीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा, अहिंसा का डंका बजाया था वीर ने, धर्म पर बलिदान उठाया था वीर ने, अज्ञान अंधकार मिटाया था वीर ने, जियो और जीने दो का पाठ सिखाया था वीर ने।

## 13 अप्रैल को भव्य सत्संग का आयोजन



**गुमला।** गुमला नगरवासियों के लिए एक अवसर– 13 अप्रैल 2025, दिन रविवार को गुमला के पर्यटक भवन पार्क के बगल स्थित प्रांगण में एक भव्य सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। यह सत्संग उच्च कोटि के ब्रह्मज्ञानी संतों की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। सत्संग का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित है। इसमें भाग लेकर श्रद्धालु आध्यात्मिक ज्ञान, शांति और दिव्यता की अनुभूति कर सकेंगे। सत्संग आयोजकों की ओर से सभी धर्मप्रेमियों, श्रद्धालुओं, सज्जनों, माताओं एवं बहनों से सादर निवेदन किया गया है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस दिव्य अवसर का लाभ उठाएं और आत्मिक उन्नति की ओर एक कदम आगे बढ़ाएं।

## आपूर्ति विभाग के जमशेदपुर एडीएम ने सिमडेगा के दो जेएसएफसी गोदाम का किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के दिशा निर्देश पर एडीएम सप्लाई जमशेदपुर राहुल आनंद सिमडेगा दो दिवसीय दौरा पर पहुंचे। इस दौरान सिमडेगा सहित प्रखंड स्थित जेएसएफसी गोदाम में आवंटित खाद्यान्न का निरीक्षण किया गया। साथ ही गोदाम में आधुनिकीकरण और सुधार के लिए एजीएम के साथ बैठक भी किये। निरीक्षण के क्रम में आवंटित चावल, गेहूं, नमक व चीनी का निरीक्षण कर भंडार पंजी से मिलान किया। सभी डोर स्टेप डिलीवरी संवेदक को निर्धारित मात्रा में ही त्रिपाल से ढककर अनाज ले जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ साफ-सफाई एवं अनाज के रखरखाव को और बेहतर करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए अनाज का वितरण किया जा रहा है, जिसका सही तरीके से रख-रखाव करें।

# रांची-गुमला एनएच पर ट्रक और कार की टक्कर में झामुमो कार्यकर्ता की मां की मौत, बहू गंभीर घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला) ।** रांची-गुमला एनएच-23 पर भरनो बॉर्डर के बेड़ों थाना क्षेत्र अंतर्गत लामकाना के पास बीती देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर में ट्रक पलट गया और कार के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में भरनो थाना क्षेत्र के बूढ़ीपाठ गांव निवासी झामुमो कार्यकर्ता शकील खान की 65 वर्षीय मां हुस्ना बीबी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी रजिया बेगम (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनका इलाज रांची के सेवा सदन अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिमडेगा से शकील खान की मां अपने दो रिश्तेदारों के साथ एक चचेरी बहन के इंतकाल में शामिल होने के लिए उलिहातू गई थीं। लौटते वक्त देर रात लामकाना के पास यह भीषण हादसा हुआ। हादसे में सिमडेगा के दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। इस हादसे की खबर मिलते ही बूढ़ीपाठ गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका के घर में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक तरफ सास की मौत, दूसरी ओर बहू अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है।





# खेल के दौरान गिरा पहली कक्षा का छात्र, सिर में लगी गंभीर चोट



**भरनो (गुमला )।** भरनो प्रखंड के उत्तरी भरनो पंचायत अंतर्गत पंडरानी गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पंडरानी में बुधवार को एमडीएम (मिड डे मील) के बाद खेलते समय पहली कक्षा का छात्र राहुल गोप (5 वर्ष) अचानक गिरकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, राहुल अपने से सीनियर छात्र को गोद में उठाने की कोशिश कर रहा था, तभी असंतुलित होकर दीवार से टकरा गया, जिससे उसके सिर में गहरी चोट लग गई। स्कूल के सहायक शिक्षक भदया उरांव ने तत्परता दिखाते हुए घायल छात्र को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसके सिर में तीन टांके लगाए। इलाज के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने स्कूल में बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की मांग की है।

## मां को स्कूटर पर 95,625 किमी घुमाकर पहुंचे गुमला, मिला सम्मान

**गुमला।** आधुनिक युग में मातृभक्ति की मिसाल बन चुके कर्नाटक के मैसूर निवासी डॉ. कृष्ण कुमार ने अपने 75 वर्षीय माँ चूड़ा रत्नम्मा के साथ देशभर की यात्रा करते हुए गुमला पहुँचकर सबका दिल जीत लिया। 20 साल पुराने स्कूटर पर सवार माँ-बेटे की यह यात्रा रांची होते हुए गुमला पहुंची, जहां समाजसेवियों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके पिता के निधन के बाद उनकी माँ घर के कामों में इतनी व्यस्त रहती थीं कि मंदिर तक जाना मुश्किल था।

माँ की इच्छा घूमने की थी, और इस भावना को साकार करने के लिए उन्होंने 16 जनवरी 2018 को नौकरी से इस्तीफा देकर अपने पुराने स्कूटर पर माँ को लेकर भारत दर्शन यात्रा शुरू की।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

अंतरात्मा की वाणी, जो कि ईश्वर की वाणी है, का सदा अनुसरण करके आप एक सच्चे चरित्रवान व्यक्ति, एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक व्यक्ति, शांति के एक मसीहा बन सकते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### बड़े लक्ष्य और बड़ी सोच

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य की तीखी आलोचना की, जिसमें उन्होंने खाद्य वितरण, सट्टेबाजी और फैंटेसी स्पोर्ट्स एप पर काफी चर्चा की, और इसकी तुलना चीन में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), बैटरी प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की प्रगति से की। स्टार्टअप महाकुंभ में बोलते हुए गोयल ने सवाल किया कि क्या देश तकनीकी नवाचार के लिए प्रयास करने के बजाय कम वेतन वाली गिग नौकरियों से संतुष्ट है। 'हम आइसक्रीम बनाना चाहते हैं या सिलिकॉन चिप? क्या हम सिर्फ खुदरा व्यापार के लिए यहां हैं?' उन्होंने स्टार्टअप से सार्थक नवाचार करने का आग्रह करते हुए ये सवाल पूछे। केंद्रीय मंत्री गोयल की इस टिप्पणी की आलोचना हुई, लेकिन उन्होंने अपनी बात बहुत ही सटीक और उचित तरीके से कही। उनकी चिंता को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की जरूरत है। उनकी टिप्पणी में कहीं कोई अपमानजनक बात नहीं थी। वह सही हैं और स्टार्टअप/नवोन्मेषकों की अगली पीढ़ी को प्रोत्साहित करना उनका काम है। आलोचकों को उनकी टिप्पणी के मंतव्य को समझना चाहिए। इसे आलोचना के बजाय रचनात्मक सुझाव के रूप में लेना चाहिए। ठीक है कि शुरू में आप नीचे लटके फलों को तोड़ते हैं, फिर जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, पेड़ की ऊंची शाखाओं तक पहुंचने के लिए थोड़ी ऊंची कूद लगानी ही पड़ती है। केंद्रीय मंत्री एकदम से छलांग लगाने के लिए नहीं कह रहे हैं, बल्कि वह जितनी जल्दी संभव हो सके, कंफर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए कह रहे हैं। याद रखिए, भारत को अपने गंवाए हुए समय की भरपाई करनी है और हमारे पास गंवाने के लिए समय नहीं है। मनुष्य ने जब पहली बार एक लकड़ी को पहाड़ी से लुढ़कते देखा, तो उसने पहिए के बारे में सोचा! और फिर बैलगाड़ी एवं रथ के लिए पहिए का आविष्कार किया गया। उसके बाद से लगातार उसमें सुधार होते रहे और 1950 के दशक तक, ट्यूबलेस टायर, जो तार की वैकल्पिक परतों से मजबूत किए जाते थे, नए ऑटोमोबाइल में मानक उपकरण बन गए। पश्चिम में लोग एकसाथ अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में विचारों का अनुकूलन हो सकता है। हमें भी ऐसा करना चाहिए। हमें व्यवस्था, इकोसिस्टम या देश को दोष नहीं देना चाहिए। बहुत से लोगों ने बहुत कुछ किया, बहुत कुछ बनाया, बहुत कुछ कमाया और अकेले ही बहुत सारे रोजगार पैदा किए, उन्होंने मुश्किलों के बावजूद काम किया। समस्याएं थीं, लेकिन उन्होंने कभी दूसरों को दोष नहीं दिया। वे ऐसे लोग थे, जो 'साहसिक तरीके से सोचते थे।' उदाहरण के लिए, स्ट्रिंग ट्रिमर, एके-47, रॉलिंग सूटकेस, ऑटोमेटिक टेलीफोन एक्सचेंज, होंडा मोटर्स, शॉपिंग मॉल आदि को देख सकते हैं, जिनके पीछे वन मैन आर्मी काम कर रही थी। हमारे देश में इस साहसिक सोच की कमी है। जरूरत पैसों की नहीं, नए विचार की है। आइडिया से आप पैसे कमा सकते हैं। धन अच्छे विचारों के पीछे भागता है। हम पूरे स्टार्टअप के साथ उद्यमी एवं नवाचार श्रृंखला को एक ही बार में नहीं साध सकते। यह गलत होगा। बेशक उन्हें सह-अस्तित्व की आवश्यकता है, लेकिन उनके निवेश और निवेश पर रिटर्न में परस्पर अनन्यता होनी चाहिए।

*स्टार्टअप/नवोन्मेषकों की अगली पीढ़ी को प्रोत्साहित करना उनका काम है। आलोचकों को उनकी टिप्पणी के मंतव्य को समझना चाहिए।*

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती : समानता और शिक्षा का संकल्प दिवस

# जब शिक्षा बनी हथियार, और नारी बनी प्रहरी—फुले की क्रांति का सार



"जब तक शिक्षा का प्रकाश समाज के हर कोने तक नहीं पहुँचेगा, तब तक अंधेरे में डूबी यह व्यवस्था हमें गुलामी की बेड़ियों से मुक्त नहीं होने देगी।" यह शब्द उस महान समाज सुधारक के हैं, जिन्होंने भारत के सामाजिक ढांचे को जड़ से हिलाकर एक नई चेतना का संचार किया। महात्मा ज्योतिबा फुले—एक नाम, एक विचार, एक क्रांति—जिन्होंने जातिवाद के जंजीरों को तोड़ने, अंधविश्वास के कुहासे को हटाने और महिलाओं को उनके हक की रोशनी दिखाने का बीड़ा उठाया। उनकी जयंती, जो हर साल 11 अप्रैल को मनाई जाती है, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि समता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के उस संकल्प का प्रतीक है, जिसे उन्होंने अपने जीवन का आधार बनाया। आइए, उनके जीवन, कार्यों और विचारों को करीब से देखें और समझें कि आज के दौर में भी वे क्यों प्रासंगिक हैं।

महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल, 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में एक माली परिवार में हुआ। उस समय का समाज जाति और वर्ण के आधार पर बँटा हुआ था। ऊँच-नीच की भावना, छूआछूत और महिलाओं की दयनीय स्थिति सामाजिक जीवन का हिस्सा थी। ज्योतिबा का परिवार निम्न मानी जाने वाली शूद्र जाति से था, और इसीलिए उन्हें भी बचपन से सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। लेकिन यह भेदभाव उनके लिए हताशा का कारण नहीं, बल्कि बदलाव की प्रेरणा बना। छोटी उम्र में ही उनके मन में सवाल उठने लगे—क्यों कुछ लोग दूसरों से ऊँचे माने जाते हैं? क्यों महिलाओं को शिक्षा और सम्मान से वंचित रखा जाता है? इन सवालों ने उनके जीवन की दिशा तय की। उनकी शिक्षा का सफर भी आसान नहीं था। पारंपरिक व्यवस्था में निम्न जातियों के लिए शिक्षा का कोई स्थान नहीं था। लेकिन उनके पिता ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पढ़ने का अवसर दिया। स्कॉटिश मिशनरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान ज्योतिबा पश्चिमी विचारकों जैसे थॉमस पेन से प्रभावित हुए, जिनके विचारों ने उनकी सोच को और व्यापक बनाया। यहीं से उनके भीतर वह चिंगारी जली, जो आगे चलकर सामाजिक क्रांति की मशाल बनी।

महात्मा फुले का सबसे बड़ा योगदान था शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का प्रयास। उनका मानना था कि अज्ञानता ही सामाजिक कुरीतियों की जड़ है। उस दौर में जब लड़कियों को पढ़ाना पाप माना जाता था, तब फुले ने 1848 में पुणे में भारत की पहली कन्या पाठशाला की स्थापना की। यह कदम उस समय की रूढ़िवादी सोच के खिलाफ एक खुला विद्रोह था। इस स्कूल को चलाने की जिम्मेदारी उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को दी, जिन्होंने न केवल शिक्षिका की भूमिका निभाई, बल्कि महिलाओं के अधिकारों के लिए एक प्रतीक बनकर उभरीं। सावित्रीबाई को स्कूल जाते समय पत्थरों और कीचड़ से हमले झेलने पड़े, लेकिन ज्योतिबा और सावित्रीबाई का संकल्प अडिग रहा।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

फुले ने शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा। उनके लिए शिक्षा का मतलब था चेतना का जागरण, आत्मसम्मान का विकास और सामाजिक बराबरी की नींव। उन्होंने दलितों और शोषित वर्गों के लिए भी स्कूल खोले, ताकि वे भी अपने अधिकारों को समझ सकें और अन्याय के खिलाफ लड़ सकें। यह विचार उस समय क्रांतिकारी था, क्योंकि ब्राह्मणवादी व्यवस्था ने ज्ञान को अपने एकाधिकार में रखा था। फुले ने इस एकाधिकार को तोड़ने का साहस दिखाया और कहा, "ज्ञान सभी का अधिकार है।" 1873 में ज्योतिबा फुले ने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य था सत्य, तर्क और समानता के आधार पर समाज का पुनर्गठन। इस संगठन ने जातिगत भेदभाव, धार्मिक पाखंड और अंधविश्वास का विरोध किया। फुले का मानना था कि समाज को सुधारने के लिए हमें पहले उन ढोंगों को खत्म करना होगा, जो लोगों को गुलाम बनाए रखते हैं। सत्यशोधक समाज ने विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया, बाल विवाह का विरोध किया और शूद्रों-अतिशूद्रों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस संगठन के माध्यम से फुले ने एक ऐसा मंच तैयार किया, जहाँ शोषित वर्ग अपनी आवाज़ उठा सकें। फुले न केवल समाज सुधारक थे, बल्कि एक प्रभावशाली लेखक भी थे। उनकी किताब 'गुलामगिरी' (1873) भारतीय समाज की गहरी आलोचना करती है। इसमें उन्होंने वर्ण व्यवस्था को गुलामी का मूल कारण बताया और ब्राह्मणवादी सोच को निशाना बनाया। फुले ने लिखा, "जब तक शूद्र और अतिशूद्र अपनी गुलामी को नहीं समझेंगे और इसके खिलाफ संगठित नहीं होंगे, तब तक वे आज़ाद नहीं हो सकते।" उनकी एक अन्य रचना 'तृतीय रत्न' एक नाटक के रूप में थी, जिसमें उन्होंने अंधविश्वास और धार्मिक ढोंग पर तंज कसा। उनके लेखन का उद्देश्य था लोगों को सोचने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना।

फुले का मानना था कि समाज का सच्चा विकास तभी संभव है, जब उसकी आधी आबादी—यानी महिलाएँ—शिक्षित और सशक्त हों। उन्होंने महिलाओं के लिए न केवल शिक्षा की वकालत की, बल्कि विधवा पुनर्विवाह जैसे सुधारों को भी बढ़ावा दिया। उस समय विधवाओं की स्थिति बेहद दयनीय थी। उन्हें सामाजिक बहिष्कार और अपमान सहना पड़ता था। फुले ने अपने घर में एक आश्रय खोला, जहाँ विधवाओं को सम्मानजनक जीवन जीने का मौका मिला। उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ भी आवाज़ उठाई। सावित्रीबाई के साथ मिलकर उन्होंने महिलाओं को यह समझाया कि वे भी पुरुषों के समान हैं और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। फुले का जीवन आसान नहीं था। उनके विचारों ने उस समय की सत्ता और रूढ़िवादी समाज को चुनौती दी, जिसके कारण उन्हें तिरस्कार, विरोध और धमकियों का सामना करना पड़ा। लेकिन वे कभी पीछे नहीं हटे। उनका मानना था कि सच्चाई और न्याय के लिए लड़ाई में डर का कोई स्थान नहीं है। अपने जीवन के अंतिम दिनों तक वे समाज सुधार के लिए सक्रिय रहे। 28 नवंबर, 1890 को उनका निधन हुआ, लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं।

आज जब हम 21वीं सदी में हैं, तब भी फुले के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं। जातिवाद, लैंगिक असमानता और अशिक्षा आज भी समाज में मौजूद हैं। शिक्षा का अधिकार भले ही संवैधानिक रूप से सुनिश्चित हो, लेकिन ग्रामीण इलाकों और वंचित वर्गों तक इसकी पहुँच अभी भी सीमित है। फुले का सपना था एक ऐसा समाज, जहाँ हर व्यक्ति को बिना भेदभाव के सम्मान और अवसर मिले। उनकी जयंती हमें याद दिलाती है कि यह सपना अभी पूरा नहीं हुआ है और इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करने होंगे। महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन हमें सिखाता है कि बदलाव की शुरुआत एक व्यक्ति से हो सकती है, बशर्ते उसका संकल्प मजबूत हो। वे एक दीपस्तंभ थे, जिन्होंने समाज को अंधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाने का रास्ता दिखाया। उनकी जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें—शिक्षा को बढ़ावा दें, अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाएँ और समानता के लिए संघर्ष करें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## समाजशास्त्र आधुनिकता की भेंट चढ़ गई

कभी समाजशास्त्र एक जीवंत विज्ञान हुआ करता था, जो हमारे संबंधों, हमारी संस्कृति और सामूहिक चेतना की व्याख्या करता था। पर आज यही समाजशास्त्र आधुनिकता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। रिश्तों की गर्माहट ठंडी हो गई है, आत्मीयता अब औपचारिकताओं में सिमट गई है और सामाजिक जीवन की जड़ें जैसे हिल चुकी हैं। एक समय था जब वैदिक समाज में 'पड़ोसी' भी परिवार का हिस्सा हुआ करता था। ऋषियों की दृष्टि में समाज 'सह अस्तित्व' का नाम था। अतिथि को देवता माना जाता था, और मोहल्ला एक छोटे गणराज्य की तरह सह-अस्तित्व की मिसाल होता था। वहीं आज, हम जिस फ्लैट में रहते हैं, उसके सामने रहने वाले का नाम तक नहीं जानते। प्रश्न यह नहीं कि समय बदला है, प्रश्न यह है कि हमने बदलते समय में क्या खो दिया? आधुनिकता ने हमें सुविधा दी, पर संबंधों से विछिन्न कर दिया। आज 'स्व' इतना प्रमुख हो गया है कि 'हम' की जगह 'मैं' ने ले ली है। आत्मकेंद्रित सोच, तेज़ होती जीवनशैली, डिजिटल संसार की आभासी मित्रता इन सबने सामाजिकता की परिभाषा ही बदल दी है। दोस्त को बुलाने के लिए भी अब औपचारिक निमंत्रण देना पड़ता है; आत्मीयता जैसे अजनबी बन गई है। समाजशास्त्रियों की चेतावनियाँ भी अब केवल किताबी हो गई हैं। मैक्स वेबर ने जिस "औचित्य की जंजीर" की बात की थी, आज हम उसी में बंध चुके हैं। दुर्खाइम की सामूहिक चेतना अब विज्ञापन की भाषा बन चुकी है। मार्क्स की 'वर्गीय असमानता' अब रिश्तों में भी उतर आई है, कोई भावनाओं का भूखा है तो कोई अपने अहंकार का गुलाम। समाज का यह विखंडन केवल सामाजिक ही नहीं, मानसिक और सांस्कृतिक भी है। बच्चे संयुक्त परिवारों में जीना नहीं जानते, युवा डिजिटल 'फॉलोअर्स' को ही संबंध मानते हैं, और वृद्ध एकाकीपन की चादर में लिपटे हैं। अब प्रश्न उठता है क्या यह प्रवृत्ति अपरिहार्य है? नहीं। यह प्रवृत्ति रोकी जा सकती है, यदि हम सामाजिक शिक्षा, सांस्कृतिक मूल्य और सामूहिक जीवन के आदर्शों को पुनर्स्थापित करें। हमें एक बार फिर 'गांव' जैसी आत्मीयता, 'मोहल्ला' जैसे संवाद और 'परिवार' जैसे सामाजिक संबंधों को जीवन में उतारना होगा। समाजशास्त्र को पुनः जीवित करना होगा शास्त्रों की दृष्टि से, मानवता की भावना से और आधुनिकता को दिशा देते हुए। आधुनिकता को दोष देने की जगह उसे अपने अनुकूल बनाना होगा। वरना वह दिन दूर नहीं जब समाज तो रहेगा, पर 'सम्बंध' इतिहास की वस्तु बन जाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# भौतिक चकाचौंध और सोशल मीडिया से हो रहा रिश्तों का कत्ल

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है। पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है। आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**योगेंद्र योगी**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

चिंताएँ ब्रह्माण्ड की, अपने ही घर पोल।
ले किताब इतिहास की, बांच रहे भूगोल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आधुनिकता की चकाचौंध में स्वार्थी और आत्मकेंदित होता इंसान ?

आधुनिकता की चकाचैंध मे आदमी इतना व्यस्त हो गया है कि उसे दूसरों के बारे मे सोचने का समय ही नहीं है,कि कौन मर रहा है और कौन जी रहा है। एक समय था कि आदमी ही आदमी के काम आता था मगर आज ऐसी हवा चल पड़ी है कि कोई किसी का नहीं है। हर इन्सान मौकापरस्त हो गया है काम निकल जाने पर पहचानने से इन्कार करता है। आज अच्छा करने वाले कम तो बुरा करने वाले अधिक है। जरुरतमंद इन्सान की सहायता करना सबसे बड़ा धर्म है मगर आज लोगों के पास अनैतिक व अवैध कार्यो के लिए समय है मगर एक मजबूर व लाचार की सहायता के लिए समय नहीं है। कुछ दोहरे चरित्र के लोग जो समाजसेवक का चोला ओढ़ते है और समाज के हितैषी बनने का ढौग रचते है अपने काम कि लिए तो साम,दाम दंड,भेद की नीतियां अपनाते है मगर दूसरों के कामों के लिए समय नहीं है। रिश्वत व अवैध कार्य करके अपने बच्चों काम करवा रहे है जबकि एक प्रतिभावान पिछड रहा है।आज इन्सान स्वार्थी व आत्मकेन्द्रित होता जा रहा है वह अपने घर तक ही सीमित होकर रह गया है।कहते है कि किसी का अच्छा करने के लिए बड़ा दिल होना चाहिए। आज कोई किसी को अच्छी सलाह तक देने से गुरेज करता है। आज का इन्सान खुदगर्ज बनता जा रहा है,आज एक गरीब व प्रतिभासम्पन्न आदमी की कोई कद्र नहीं है।आज के आधुनिक इंसानों में संवेदनाएं मरती जा रही है और संवेदनहीनताएं बढ़ती जा रही है। इंसान माया के जाल में इतना उलझा हुआ है कि उसके आगे इंसान को बौना समझता है। इस माया के तराजू पर रिशते तोले जा रहे है। माया के लिए न तो समाज की परवाह है और नही भगवान का डर है।आज माया के कारण रिश्ते टूटते जा रहे है। मगर कहते है कि रिश्ते अगर एक बार टूट जाए और बाद में मिल भी जाए तो दरारें कभी नहीं भरती।माया के कारण इंसान अंधा होता जा रहा है और अपना विवेक खो चुका है। माया इकठठी करने के चक्कर में आज आदमी इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिए समय नहीं है। यह घटिया किस्म के माया के भूखे लोग एक दिन भूखे ही मर जाएगें। पैसे से बड़ा चरित्र होता है मगर माया के अन्धे लोगों को इससे कोई सरोकार नहीं होता। विडवंना देखिए कि आज मानव माया को ही सब कुछ मान बैठा है।कुछ तथाकथित अमीर आज मजदूरों की कमाई से महल बना रहे है मगर जिस दिन यह मजदूरों का पसीना अपना रंग दिखाएगा महल धराशायी हो जाएगें। मजदूरों को उनकी मेहनत का पुरा पैसा नहीं मिलता है धन्नासेठ बने लोग मजदूरों की गाढ़ी कमाई से ऐश कर रहे है मगर कहते है जो मजदूरों का हक मारता है ईश्वर उसे जरुर सजा देता है।मजदूरों की पसीने की कमाई से अपने बच्चों को हाई-फाई स्कूलों पढ़ा रहे है और मजदूरों के बच्चे तरस रहे है।आज ऐसे लोग जो कभी रोटियों को तरसते थे आज यही तथाकथित व माया के कारण अन्धे हुए अमीर लोग ऐसे इतराते है जैसे कुबेर के खानदानी हैं। आज मानव इंटरनैट की दुनिया में मस्त है।चैबीस घंटों मोबाइल से खेल रहाहै।संवेदनहीनता की हदें पार होती जा रही है कुछ तथाकथित लोग लक्षमण रेखा लांघ रहे हैं शमशान घाट पर भी फेसबुक पर व्यस्त रहते है पिछले दिनों एक नौजवान की असमसयिक मौत हो गई।रात का समय था श्मशान घाट में शवयात्रा में शामिल हुए वहां पर कुछ युवक तीन-चार घ्ांटे मोबाईल पर मस्त रहे उनमें जरा भी संवेदना नहीं थी कि एक नौजवान की मौत हुई हैं । कुछ दिन पहले बीमारी से एक महिला की मौत हो गई अभी उसकी मौत का दो दिन नही बीते थे की तीसरे दिन महिला के पड़ोस में एक शादी हो गई। शादी वालों ने जोर-जोर से डीजे लगाया उनमें जरा भी सवेदना नहीं कि घर के सामने किसी की मौत हुई है और वह नाच गाने में मस्त है। खुशी में मस्त लोगों को सोचना चाहिए कि अगर कल को उनके घर में ऐसा मातम छा जाए और पडोसी ऐसा करे तो उनके दिल पर क्या गुजरेगी। ऐसा नहीं करना चाहिए समय-समय पर समाज में ऐसे उदाहरण मिलते रहतें है।आज लोग अन्न की बरबादी कर रहे हैं।आज पता नहीं कितने ही लोग भूखे मर रहे है।अन्न की बरबादी से तो अच्छा है कि किसी भूखे को दे दिया जाए। आज शहरों से लेकर गांव की नालियों में जूठन बहती है। आज लोग चंद स्वार्थों के लिए असभ्य व गंदे लोगों का साथ देते है। आदमी पैसे के पीछे ऐसे भाग रहा है कि बच्चों के लिए समय नहीं है छोटे-छोटे नवजात बच्चों को आया के पास छोड़ देते है और खुद पैसा कमाने चले जाते है बच्चों को क्रेचों में भेज दिया जाता है। पैसा कमाने के चक्कर में बच्चों की परवाह नहीं है। आज बच्चों को मां-बाप का प्यार नहीं मिल रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**नरेंद्र भारती**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**झुग्गी में रहती है मजदूर महिला**

# आयकर ने भेजा 4 करोड़ 88 लाख का नोटिस

**एजेंसी। फिरोजाबाद**

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां झुग्गी में रहने वाली 53 वर्षीय मजदूर महिला को आयकर विभाग से 4 करोड़ 88 लाख 37 हजार 927 रुपये का नोटिस मिला है। नोटिस मिलने के बाद महिला सदमे में है। महिला और उसका पति दोनों ही मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, और एक कच्ची झोपड़ी में रहते हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद की एक झुग्गी में रहने वाली दिहाड़ी मजदूर महिला को आयकर विभाग से 4 करोड़ 88 लाख 37 हजार 927 रुपये का नोटिस मिला है। मामूली मजदूरी कर पेट पालने वाली इस महिला के नाम पर करोड़ों की साबरा और उसके पति दोनों दिहाड़ी मजदूर हैं और झुग्गी में रहते हैं। महिला बताती है कि उसके पास पैन कार्ड है, लेकिन उसने कभी किसी को वह नहीं दिया। सवाल उठता है कि मजदूरी करने वाली महिला को पैन कार्ड की जरूरत क्यों पड़ी। और क्या किसी ने उसका आधार और पैन कार्ड बनवाकर उसका गलत इस्तेमाल किया।

## मजदूर महिला के नाम पर करोड़ों की फर्जी बिक्री का मामला, आयकर विभाग ने भेजा नोटिस



बोगस बिक्री दिखाकर फर्जीवाड़े की आशंका जताई जा रही है। यह मामला बेहद चौंकाने वाला है। आयकर विभाग ने इनको 17 अप्रैल तक जवाब देने के लिए समय दिया है। जानकारी के अनुसार, यह मामला खैरगढ़ इलाके का है। यहां रहने वाली 53 वर्षीय साबरा पत्नी शमसुद्दीन मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पेट पालती है। बीते 30 मार्च को उसे जो सरकारी डाक मिली, जिसके बाद उसका परिवार सदमे में आ गया। आयकर विभाग ने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की धारा 148A(1) के तहत नोटिस जारी किया है। आरोप है कि 2021-22 के असेसमेंट ईयर में साबरा के नाम पर करोड़ों की बोगस बिक्री दिखाई गई है, यानी ऐसी बिक्री जो असल में हुई ही नहीं। इस लेन-देन के आधार पर आयकर विभाग ने टैक्स जमा करने का नोटिस भेजा है। साबरा का कहना है कि उसे इनकम टैक्स का मतलब तक नहीं पता और वो कभी इतने पैसों के बारे में सोच भी नहीं सकती।

# दहेज में नहीं दी बाइक तो घोंट दिया बहू का गला

**एजेंसी। बिहार**

बगहा के चिउटाहा थाना क्षेत्र के मरजादपुर गांव में नवविवाहिता पूजा देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका दीनदयाल नगर के रहने वाले राजकुमार यादव की बेटी थी, जिसकी शादी बीते साल अप्रैल 2024 में संजय यादव से हुई थी। पूजा के मायके वालों को ग्रामीणों से सूचना मिली कि उनकी बेटी छत से गिर गई है और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन जब मरजादपुर गांव पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पूजा का शव आंगन में पड़ा था।

**गला दबाकर की गई बेटी की हत्या : पिता**

पूजा के पिता राजकुमार यादव ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के बाद से ही बेटी पर दहेज में बाइक लाने का दबाव बनाया जा रहा था। जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई उन्होंने कहा कि घटना को आत्महत्या या हादसा दिखाने के लिए उसे छत से गिरने का रूप दिया गया है। पूजा के गले पर निशान और शरीर पर कई चोटों के निशान परिजनों ने देखे हैं।

**पीएम पोषण योजना में छात्र-छात्राओं को मिलता रहेगा पर्याप्त भोजन**

# एमडीएम के लिए 954 करोड़ अतिरिक्त वहन करेगी सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम पोषण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को गर्म पका हुआ भोजन(मिड डे मील या एमडीएम) दिया जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसमें उपयोग होने वाली सामग्री लागत में 9 ।50 फीसदी की वृद्धि की है। इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 954 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत वहन करेगी।

इससे विद्यार्थियों को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन मिलता रहेगा। ये नई दरें 1 मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी। पीएम पोषण योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके अंतर्गत 10 ।36 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय आते हैं। यहां बाल वाटिका और कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत 11 ।20 करोड़ विद्यार्थियों को दिन में एक बार गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है।

इस योजना का उद्देश्य पोषण सहायता प्रदान करना और विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि पीएम पोषण योजना के अंतर्गत भोजन बनाने के लिए दाल, सब्जियां, तेल, मसाले और ईंधन आदि की खरीद के लिए 'सामग्री लागत' प्रदान की जाती है। सामग्री लागत के अलावा, भारत सरकार भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग 26 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न भी उपलब्ध कराती है। भारत सरकार खाद्यान्न की 100 प्रतिशत लागत वहन करती है। इसमें प्रति वर्ष लगभग 9,000 करोड़ रुपये का अनुदान और भारतीय खाद्य निगम डिपो से विद्यालयों तक खाद्यान्न की 100 प्रतिशत परिवहन लागत शामिल है। योजना के अंतर्गत खाद्यान्न लागत सहित सभी घटकों को जोड़ने के बाद प्रति भोजन लागत बाल वाटिका और प्राथमिक कक्षाओं के लिए लगभग 12 व 13 रुपये और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए 17 ।62 रुपये आती है।

केंद्रीय श्रम मंत्रालय का श्रम ब्यूरो, पीएम पोषण के अंतर्गत इन वस्तुओं के लिए मुद्रास्फीति के आंकड़े प्रदान करता है। इन आंकड़ों के अनुसार पीएम पोषण के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) तैयार किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह सूचकांक, देश के 20 राज्यों में फैले 600 गांवों के नमूने से निरंतर मासिक मूल्य एकत्र करने के आधार पर जारी किया जाता है। श्रम ब्यूरो द्वारा उपलब्ध कराए गए मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 'सामग्री लागत' में 9 ।50 फीसदी की वृद्धि की है।



● 1 मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगी

**विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन और शिक्षा में बढ़ोतरी का संकल्प**

इस योजना का उद्देश्य पोषण सहायता प्रदान करना और विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि पीएम पोषण योजना के अंतर्गत भोजन बनाने के लिए दाल, सब्जियां, तेल, मसाले और ईंधन आदि की खरीद के लिए 'सामग्री लागत' प्रदान की जाती है। सामग्री लागत के अलावा, भारत सरकार भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग 26 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न भी उपलब्ध कराती है। भारत सरकार खाद्यान्न की 100 प्रतिशत लागत वहन करती है। इसमें प्रति वर्ष लगभग 9,000 करोड़ रुपये का अनुदान और भारतीय खाद्य निगम डिपो से विद्यालयों तक खाद्यान्न की 100 प्रतिशत परिवहन लागत शामिल है। योजना के अंतर्गत खाद्यान्न लागत सहित सभी घटकों को जोड़ने के बाद प्रति भोजन लागत बाल वाटिका और प्राथमिक कक्षाओं के लिए लगभग 12।13 रुपये और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए 17।62 रुपये आती है।




## 40 करोड़ के हेरफेर और निवेशकों से धोखाधड़ी का मामला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित वेनिस मॉल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई जारी है। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे से ईडी की टीम ने मॉल पर छापेमारी शुरू की, जो अब तक 10 घंटे से ज्यादा का समय बीत जाने के बावजूद जारी है। चार इनोवा गाड़ियों में सवार ईडी की टीम वैनिस मॉल पहुंची थी, जिसके बाद ऑफिस में दस्तावेजों की गहन जांच-पड़ताल शुरू की गई है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई 40 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि के हेरफेर और निवेशकों से धोखाधड़ी के मामलों को लेकर की जा रही है। भसीन ग्रुप की कंपनी भसीन इन्फोटेक एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप है कि उसने निवेशकों से फेस्टिवल सिटी समेत कई प्रोजेक्ट्स में घर और कमर्शियल यूनिट देने का वादा किया था, लेकिन उनकी पूंजी को अन्यत्र निवेश कर दिया गया।

# हाईकोर्ट ने महिला को ही जिम्मेदार ठहराते हुए रेप आरोपी को दी जमानत

**संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बालात्कार के एक मामले में महिला को ही जिम्मेदार ठहराते हुए आरोपी को जमानत दे दी। मामला सितंबर 2024 का है, यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने आरोप लगाया था कि एक व्यक्ति ने उसके साथ नशे की हालत में रेप किया था। हालांकि आरोपी ने दलील दी कि महिला ही उसके साथ जाने के लिए तैयार हुई थी और सहमति से संबंध बने थे। इसके बाद कोर्ट ने पीड़िता से बोला कि तुम ही इस घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार हो।महिला नोएडा की एक बड़ी यूनिवर्सिटी की छात्रा थी। वह अपनी तीन दोस्तों के साथ दिल्ली के हौज खास स्थित एक बार में गई थी। यहां पर उसे कुछ परिचित व्यक्ति से मिली और इसी में आरोपी भी शामिल था। महिला ने जो पुलिस में शिकायत दी थी, उसमें बताया कि शराब पीने के बाद वह नशे में थी और आरोपी उसके आसपास ही मंडरा रहा था। पीड़ित ने बताया कि आरोपी लगातार उसे साथ चलने के लिए कह रहा था। कई बार कहने के बाद वह आराम करने के लिए आरोपी के साथ जाने को तैयार हो गई। महिला ने शिकायत में दावा किया है कि आरोपी रास्ते में उसे आपत्तिजनक तरीके से छू रहा था और गुड़गांव में रिश्तेदार के फ्लैट पर ले गया और बालात्कार किया। लॉ वेबसाइट बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार महिला के विरोध में दी गई दलील में आरोपी ने कहा कि महिला को मदद की जरूरत थी, और वह खुद ही उसके साथ घर पर आराम करने के लिए तैयार हुई थी। आरोपी ने दावा किया कि रेप नहीं हुआ था बल्कि सहमति से संबंध बने थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा, "हमारा मानना है कि यदि पीड़िता के आरोपों को सही भी मान लिया जाए तो इस निष्कर्ष पर भी पहुंचा जा सकता है कि उसने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था और उसके लिए वही जिम्मेदार है। पीड़िता ने अपने बयान में भी यही कहा है। उनकी मेडिकल जांच में हाइमन टूटा हुआ है, लेकिन डॉक्टर ने यौन हिंसा की बात नहीं की है।"कोर्ट ने कहा कि हमारा मानना है कि सारे तथ्यों, सबूत व दलीलों को सुनने के बाद आवेदक को बेल दी जा सकती है। ऐसे में जमानत के आवेदन को स्वीकार किया जाता है। कोर्ट के फैसले के बाद आरोपी को जमानत मिल गई है।

● **मेडिकल रिपोर्ट में हाइमन टूटा हुआ, पर यौन हिंसा के ठोस प्रमाण नहीं।**

# पंजाब में नशे के खिलाफ अभियान के तहत 3279 एफआईआर दर्ज की गईं, 5537 तस्कर हुए गिरफ्तार : हरपाल सिंह चीमा

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब भवन में नशे के खिलाफ युद्ध अभियान को लेकर मीडिया को संबोधित किया। मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब में नशे के खिलाफ युद्ध अभियान 41 दिनों से चल रहा है। अकाली और कांग्रेस सरकार के दौरान पंजाब में नशा फैला। पिछले तीन सालों से पंजाब सरकार नशे के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत अब तक एनडीपीएस के तहत 3279 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 5537 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा के प्रवर्तन अधिकारी को पंजाब में 4 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य पंजाब में आकर नशे को बढ़ावा दे रहे हैं। इस मामले की गहन जांच की जाएगी। अन्य राज्यों के अधिकारियों की गिरफ्तारी चिंता का विषय है। नशे के खिलाफ अभियान में 212 किलो हेरोइन, 7 क्विंटल अफीम की भूसी, 105 किलो अफीम, 6 किलो हशीश और 6 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। मंत्री ने कहा कि जल्द ही एंटी ड्रोन सिस्टम भी खरीदा जाएगा, इसके लिए प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। पंजाब नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाला पहला राज्य है। ऐसा अभियान किसी अन्य राज्य में नहीं चलाया जा रहा है। अमृतसर में चार किलो अफीम के साथ पकड़े गए हरियाणा के अधिकारी से किन राजनेताओं का संबंध है, इसकी जांच की जा रही है।



## ड्रग की फैक्टरी का पर्दाफाश, 17 करोड़ की ड्रग्स जब्त व सात गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई टीम ने लातूर जिले के रोहिना गांव में पतरे की शेड में चल रही ड्रग्स बनाने की एक फैक्टरी का पर्दाफाश किया। डीआरआई ने छापा के दौरान वहां 11 ।36 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इसकी कीमत लगभग 17 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में डीआरआई की टीम ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें एक पुलिसकर्मी शामिल है। डीआरआई टीम छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार डीआरआई टीम ने 8 अप्रैल ड्रग मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद लातूर जिले के रोहिना गांव के एक दूरदराज के पहाड़ी इलाके में पतरे की शेड में ड्रग बनाने की जानकारी मिली थी।

# आज का राशिफल

**मेष :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करें। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृष :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**मिथुन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**कर्क :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**कन्या :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृश्चिक :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।

**मकर :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कुंभ :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे।

**मीन :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मासूम का गला पकड़कर पटक दिया जमीन पर**

# गुस्साई मां ने ले ली अपनी ही बेटी की जान

**एजेंसी। गाजियाबाद**

गाजियाबाद में एक महिला ने अपनी 11 साल की बेटी का कथित तौर पर सिर्फ इसलिए गला घोंट दिया क्योंकि वह उसकी बात नहीं मान रही थी। वह मौसी के घर जाने की जिद कर रही थी। घटना लोनी थाना क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में हुई। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक ऐसी वारदात सामने आई जो यकीन से परे है। यहां एक मां ने अपनी ही बेटी की जान ले ली। आरोपी महिला ने अपनी 11 साल की बेटी का कथित तौर पर सिर्फ इसलिए गला घोंट दिया क्योंकि वह उसकी बात नहीं मान रही थी।घटना लोनी थाना क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में हुई। पुलिस ने बताया कि बुधवार को ये जानकारी दी है। महिला के परिवार के अनुसार, उसका मानसिक स्थिति का इलाज चल रहा है। 40 साल की आरोपी उज्मा ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी आलिया अपनी मौसी के घर जाने की जिद कर रही थी।

लोनी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि उज्मा ने मृतक आलिया को मौसी के घर जाने की इजाजत नहीं दी, लेकिन लड़की ने उसकी बात नहीं मानी। अधिकारी ने बताया, 'अपनी बेटी के बात न मानने से गुस्साई उज्मा ने आलिया की पिटाई कर दी। उसने अपनी बेटी को गर्दन से पकड़कर फर्श पर पटक दिया। इससे लड़की की तत्काल मौत हो गई।' उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचने के बाद पुलिसकर्मियों ने देखा कि आलिया के शरीर पर चोट के निशान थे।

# ममता बनर्जी के 'वक्फ कानून' को लागू नहीं करने के ऐलान पर भड़की भाजपा

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून को लागू नहीं करने के ऐलान पर बिहार सरकार में राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी वोट बैंक की राजनीति कर रही हैं। बिहार सरकार में राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "जब संसद से कोई कानून पारित होता है, तो उसे पूरे देश में लागू किया जाता है। मैं उनसे (ममता बनर्जी) पूछना चाहता हूं कि वह इसे (वक्फ कानून) अपने यहां क्यों नहीं लागू करना चाहती हैं। ये कानून मुसलमानों के हित का है और इसमें भी ये विशेषकर पसमांदा मुसलमानों के हित में हैं। मगर, ममता बनर्जी वोट बैंक की राजनीति कर रही हैं और पश्चिम बंगाल के लोग इस बात को समझ रहे हैं। इस बार उन्हें समझ में आ जाएगा।"उन्होंने आगे कहा, "विपक्ष ने तीन तलाक का भी ऐसे ही विरोध किया और सीएए के बारे में भी कहा था कि सभी मुसलमानों को देश से भगा दिया जाएगा। मगर, प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कहा था कि एक भी मुसलमान देश से बाहर नहीं जाएगा, ये लोगों को भ्रमित करने का काम करते हैं और ऐसी किसी भी भाषा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "वक्फ भारत के पार्लियामेंट से पास कानून है। ममता अगर इस फैसले को नहीं मानती हैं तो देश के कानून में इतने उपाय हैं कि उन्हें ठीक कर दिया जाएगा।

● **वे वोट बैंक के लिए ऐसा कर रही हैं**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 50वां वाराणसी दौरा, भव्य स्वागत की तैयारी

**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का 50वां दौरा करने जा रहे हैं। इस खास मौके पर वे काशीवासियों को 3,884 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें 1,629 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण और 2,255 करोड़ रुपये की 25 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे को लेकर वाराणसी में उत्साह का माहौल है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दौरे के दौरान वाराणसी के रोहनिया क्षेत्र में मेहंदीगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में लगभग 50 हजार लोग उनके संबोधन को सुनने के लिए मौजूद रहेंगे।

स्थानीय प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसकी तैयारियां जोर-शोर से की हैं। जनसभा स्थल पर भीड़ प्रबंधन, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस ने संपूर्ण क्षेत्र में चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की है ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

काशी भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि कार्यकर्ता होल्डिंग, बैनर, ढोल-नगाड़ों और सजावट के साथ प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत करने को तैयार हैं। देश की आजादी के बाद किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र का इतना दौरा नहीं किया, जितना हमारे प्रधानमंत्री जी काशी की चिंता करते हैं और लगातार यहां आते हैं। उनका यह 50वां आगमन काशी के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस दौरे पर 3,887 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास होगा, जो काशी के विकास को नई गति देगा। भाजपा कार्यकर्ता इस मौके को उत्सव के रूप में मना रहे हैं।



# बिहार में तेजस्वी यादव की खटिया खड़ी हो गई है : नित्यानंद राय



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली है, तब से देशद्रोहियों पर सख्त नजर रखी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद को लगभग खत्म करने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। देशद्रोहियों पर कड़ी कार्रवाई हुई है और अब कोई भी बचने वाला नहीं है। उन्होंने वक्फ कानून को लेकर विपक्षी नेताओं पर भी निशाना साधा। तेजस्वी यादव के वक्फ कानून को "डस्टबिन में डालने" वाले बयान पर राय ने कहा कि जनता उनकी राजनीति को नकार रही है। उन्होंने दावा किया कि यह कानून संसद से पास हुआ है और इसे कोई चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। उनका कहना था कि कुछ लोग इस कानून को समझे बिना लोगों को भड़का रहे हैं।

# वक्फ कानून पर तेजस्वी यादव का बयान गरीब पसमांदा मुसलमानों के खिलाफ : गिरिराज



**पटना।** बिहार में वक्फ कानून को लेकर सियासी तापमान चढ़ता जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि अगर 2025 में उनकी सरकार सत्ता में आई तो बिहार में वक्फ कानून को लागू नहीं होने दिया जाएगा। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला और कहा कि उनकी सरकार बनने की बात तो दूर, संसद से पारित कानून पूरे देश में लागू होता है और तेजस्वी का बयान गरीब पसमांदा मुसलमानों के खिलाफ है। तेजस्वी यादव ने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वक्फ कानून को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। तेजस्वी ने भाजपा और जदयू पर मुस्लिम विरोधी नीतियों को लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर जनता ने राजद को मौका दिया तो इस कानून को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

# दिल्ली में बिजली कटौती पर 'आप' ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना




**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने गुरुवार सुबह ट्वीट कर कहा कि "कल रात दिल्लीवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह पर लंबे बिजली कट लगे। मुझे पूरी रात दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से कॉल और मैसेज आते रहे। लोग बहुत परेशान हैं, लेकिन दिल्ली की भाजपा सरकार सो रही है।" बिजली संकट के चलते राजधानी के कई इलाकों में लोग गर्मी और उमस से बेहाल रहे। कई जगहों पर घंटों बिजली नहीं थी जिससे लोगों की नींद भी हराम हो गई। आतिशी के अनुसार, यह स्थिति इसलिए उत्पन्न हुई है क्योंकि मौजूदा सरकार बिजली आपूर्ति व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। इस मामले पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "कल दिल्ली में पीक डिमांड 5462 मेगावॉट थी, और इतनी कम डिमांड पर भी राजधानी के कई इलाकों में कई घंटे बिजली नहीं आई।

### स्लोवाक प्रेसिडेंट ने भारतीय राष्ट्रपति के सम्मान में किया भोज का आयोजन, द्रौपदी मुर्मू ने कहा

# भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम हमारे मजबूत संबंधों का प्रमाण

- राष्ट्रपति मुर्मू और पेलेग्रिनी ने साझे वैश्विक और क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर चर्चा भी की

**ब्रातिस्लावा (आईएएनएस)**



ऐतिहासिक ब्रातिस्लावा कैसल में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में भोज का आयोजन किया गया। स्लोवाकिया के प्रेसिडेंट पीटर पेलेग्रिनी इस कार्यक्रम के आयोजक थे। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर बताया, स्लोवाक कलाकारों ने दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक बंधन को दर्शाते हुए राष्ट्रीय गान सहित आकर्षक म्यूजिकल परफॉर्मेंस दीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए स्लोवाक सरकार और स्लोवाकिया के लोगों को धन्यवाद दिया। पोस्ट में बताया गया, उन्होंने कहा कि योग, आयुर्वेद से लेकर भारतीय व्यंजनों तक, स्लोवाकिया में भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम हमारे लोगों के बीच मजबूत संबंधों का प्रमाण है। उन्होंने दोनों देशों के बीच मैत्री के बंधन को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रेसिडेंट पीटर पेलेग्रिनी ने भारत-स्लोवाकिया संबंधों के अलग-अलग पहलुओं की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। बैठक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान, राष्ट्रपति मुर्मू और पेलेग्रिनी ने साझे वैश्विक और क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर भी चर्चा की। भारतीय पक्ष की ओर से प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में राज्य मंत्री निमूबेन बंभानिया के साथ-साथ सांसद धवल पटेल, संध्या रे और वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। श्री मुर्मू ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेसिडेंट पेलेग्रिनी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और पहल की सराहना की। दोनों नेताओं की उपस्थिति में दो एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। यह लगभग तीन दशकों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की स्लोवाकिया की पहली यात्रा है।

श्री मुर्मू की स्लोवाकिया की दो दिवसीय यात्रा इस बात का संकेत देती है कि भारत स्लोवाक गणराज्य के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को कितना महत्व देता है। इससे रक्षा, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में गहन सहयोग और नई पहलों के शुरू होने की उम्मीद है।

## पीएम आज मप्र के ईसागढ़ के आनंदपुर धाम आएंगे



**भोपाल (हि.स.)।** पीएम मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप आज मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। पीएम गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे। आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गौशाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गौवंश है। आनंदपुर ट्रस्ट यहां कृषि कार्य भी कर रहा है।

## अयोध्या में राम दरबार 6 जून से श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा



- 6 जून तक अन्य सात मंदिरों का निर्माण भी पूरा हो जाएगा
- 5 फुट की राम की प्रतिमा जयपुर में सफेद संगमरमर से तैयार की गई
- इसे राम दरबार में स्थापित किया जाएगा, यहां सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान की भी प्रतिमाएं होंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर में 6 जून को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। जिसमें भगवान राम को राजा के रूप में स्थापित किया जाएगा। मंदिर की पहली मंजिल पर राम दरबार की स्थापना की जाएगी। जिसे श्रद्धालुओं के लिए 6 जून से खोला जाएगा। इस बारे में मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन, 2020 में शुरू हुए मंदिर निर्माण के पूरा होने से भी जुड़ा है।उन्होंने कहा- "रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इस मंदिर के भूतल पर 2024 में हो चुकी है। अब राजा राम को प्रथम तल पर राम दरबार में विराजमान करने की बारी है। अनुमान है कि भगवान राम, उनके भाइयों और माता सीता की प्रतिमाएं अयोध्या पहुंचेंगी और 23 मई को मंदिर के प्रथम तल पर इन्हें स्थापित किया जाएगा।" मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख ने कहा, "जब भगवान राम की प्रतिमा उनके दरबार में स्थापित होंगी तो स्वभाविक है कि एक धार्मिक समारोह के बाद ही यह होगा। यहां पूजा होगी, लेकिन इसे प्राण प्रतिष्ठा कहना ठीक नहीं होगा क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा पहले ही हो चुकी है। हां, राम दरबार को आम श्रद्धालुओं के लिए खोलने से पहले अलग-अलग पूजा होगी। यह पूजा 5 जून को संपन्न होगी।" नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि 23 मई और 5 जून की तिथियों का अपना ज्योतिषीय योग है इसलिए 23 मई को स्थापना करने और 5 जून को पूजा संपन्न होने के बाद राम दरबार को आम लोगों के लिए खोलने का निर्णय किया गया है। पांच फुट की राम की प्रतिमा जयपुर में सफेद संगमरमर से तैयार की गई है और इसे राम दरबार में स्थापित किया जाएगा। यहां सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्नऔर हनुमान की भी प्रतिमाएं होंगी। यह पूछने पर कि क्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह जैसा कोई बड़ा आयोजन होगा, उन्होंने कहा, "इन पहलुओं पर राम मंदिर न्यास द्वारा निर्णय किया जाएगा। हालांकि यह उतने बड़े स्तर का नहीं होगा।" यह पूछने पर क्या पूरा मंदिर 5 जून तक तैयार हो जाएगा और 6 जून से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा, मिश्रा ने कहा, "हां, यह हो जाएगा क्योंकि दूसरा तल भी उसी दिन तैयार हो जाएगा। मुख्य मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा, लेकिन परिसर की दीवार का निर्माण पूरा होने में कुछ और महीने लगेंगे।"

नृपेंद्र मिश्रा ने कहा, "हालांकि, 6 जून तक राम मंदिर के बाहर महर्षि वाल्मीकि मंदिर जैसे अन्य सात मंदिरों का निर्माण पूरा हो जाएगा।" सभी मूर्तियां लगभग तैयार हैं। वस्त्र और आभूषण तैयार कराए जा रहे हैं। 15 अप्रैल के बाद मूर्तियों को लाने का क्रम प्रारम्भ हो जाएगा। सफेद मकराना पत्थर की मूर्तियां भारी हैं इसलिए उन्हें लाकर निर्धारित स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा।" इसमें संत तुलसीदास की मूर्ति स्थापित हो चुकी है। कुल 18 मूर्तियां जयपुर से आनी हैं। सप्त मंडप की महर्षि वाल्मीकि, गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, शबरी, अहिल्या आदि की मूर्तियां तैयार की जा रही हैं।" राय ने कहा कि वस्त्राभूषण बन रहे हैं और परकोटे के अन्नपूर्णा, हनुमान जी, शिव समेत सभी छह मंदिरों के विग्रह भी आने हैं और शेषावतार मंदिर में अभी समय है। उन्होंने यह भी बताया कि अप्रैल तक टावर क्रेन हट जाएगी तब उत्तर, दक्षिण में अधूरे छोड़े गए परकोटे का निर्माण होगा।

## ट्रंप की दादागिरी का ताल ठोककर चीन दे रहा जवाब

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चीन ने अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ वार का जवाब बिना डरे -झूके जैसे को तैसा के तेवर में दे रहा है। जिसको बहुत से देशों के तानाशाही प्रवृति वाले बकवासी सत्ताधारी नेता जिनकी सिट्टी-पिट्टी गुम है , मुँह से बोल नहीं निकल रहा है , साँस रोके ये देख रहे हैं। फ़िलहाल बुधवार को बीजिंग ने अमेरिका से आने वाले सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 84% कर दिया है। इससे पहले, चीन ने अमेरिकी टैरिफ के जवाब में उसके उत्पादों पर 34% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उसके बाद, ट्रंप ने चीन पर 104% आयात शुल्क लगाने का फरमान जारी कर दिया, तो उसके जवाब में बीजिंग ने यह कार्रवाई कर दी। इससे और जले -भूने - भन्नाए ट्रम्प देखिए क्या कर पाते हैं? लेकिन इसका असर अमेरिकी शेयर बाजार पर तो पड़ा ही। बुधवार को अमेरिकी शेयर सूचकांक के वायदा भाव में गिरावट दिखी। अमेरिकी समयानुसार सुबह सात बजकर 08 मिनट पर डॉव ई-मिनिस 709 अंक या 1.87% नीचे आ गया।, एसएंडपी 500 ई-मिनिस में 86.5 अंक या 1.72% की गिरावट दिखी। वहीं, नैस्डैक 100 ई-मिनिस 250.75 अंक या 1.45% नीचे आ गया। इधर चीन ने बुधवार को विश्व व्यापार संगठन से कहा कि बीजिंग पर पारस्परिक शुल्क लगाने के अमेरिका के फैसले से वैश्विक व्यापार में और अस्थिरता आने का खतरा है। चीन ने विश्व व्यापार संगठन को दिए गए एक बयान में कहा, "स्थिति ख़तरनाक रूप से बढ़ गई है। ... प्रभावित सदस्यों में से एक के रूप में, चीन इस लापरवाह कदम पर गंभीर चिंता और दृढ़ विरोध व्यक्त करता है।" वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी एक बैठक के दौरान विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों को दिए गए एक बयान में चीन ने कहा, "चीन व्यापार युद्धों का विरोध करता है, वह अपने वैध हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा।" चीन ने बुधवार को अमेरिका पर डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और कहा कि यह बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को कमजोर कर रहा है। चीन ने डब्ल्यूटीओ के सचिवालय को वैश्विक व्यापार पर जवाबी टैरिफ के प्रभाव का अध्ययन करने और सदस्यों को अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट देने के लिए कहा। डब्ल्यूटीओ को दिए गए चीन के बयान में कहा गया, "पारस्परिक शुल्क व्यापार असंतुलन का समाधान नहीं है- और कभी नहीं होगा। इसके बजाय, वे उल्टा असर डालेंगे, जिससे अमेरिका को ही नुकसान होगा।




- 104% ट्रंप टैरिफ के जवाब में चीन ने अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क किया 84%
- बिना डरे चीन ने यह भी कहा - चीन इस लापरवाह कदम (ट्रंप के टैरिफ) पर गंभीर चिंता व दृढ़ विरोध व्यक्त करता है
- चीन व्यापार युद्धों का विरोध करता है, वह अपने वैध हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा
- अमेरिका ने कहा, चीन डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन कर रहा है, यह बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को कमजोर कर रहा है

### रक्षा मंत्री ने भारत व मित्र देशों के सशस्त्र बल अधिकारियों को किया संबोधित

# एक नए सैन्य हथियार के रूप में उभरा है ड्रोन : राजनाथ

- यूक्रेन-रूस संघर्ष में ड्रोन बने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले हथियार
- भविष्य के लिए स्वदेशी रक्षा इकोसिस्टम एक रणनीतिक आवश्यकता है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



### भविष्य के लीडर्स होने के लिए आवश्यक क्षमता और कौशल हासिल करें

देश विदेश के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से राजनाथ सिंह ने कहा, युद्ध सेनानियों और राष्ट्रीय सुरक्षा के रक्षकों के रूप में, आपको पर्यावरण और इसके प्रभावों के बारे में जागरूक रहने की आवश्यकता है। आपको भविष्य के लीडर्स होने के लिए आवश्यक क्षमता और कौशल हासिल करना चाहिए। आपको प्रमुख गुणों के रूप में अनुकूलनशीलता और दक्षता को अपनाना चाहिए। कल के युद्ध के मैदान में ऐसे लीडर्स की आवश्यकता होगी, जो अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल हो सकें, अपने लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा सकें और अभिनव समाधान निकाल सकें। आपको अपने संबंधित सशस्त्र बलों का दूत बनना चाहिए। परिवर्तन के दूत बनें और बड़े पैमाने पर समाज के बीच आदर्श रोल मॉडल बनें।

यूक्रेन-रूस संघर्ष में ड्रोन एक नए सैन्य हथियार के रूप में उभरे हैं। सैनिकों और उपकरणों की अधिकांश हानि पारंपरिक तोपखाने या बख्तरबंद वाहनों के कारण नहीं, बल्कि ड्रोन के कारण हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यह बात कही। वह वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेस स्टॉफ कॉलेज (डीएसएससी) में भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बल अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती हुई तकनीकें प्रतिरोध और युद्ध में क्रांति ला रही हैं। युद्ध के मैदानों में तकनीकी नवाचार की शक्ति विस्मयकारी है।इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए स्वदेशी रक्षा इकोसिस्टम का निर्माण एक रणनीतिक आवश्यकता है। इसी तरह, 'लो अर्थ ऑर्बिट' में अंतरिक्ष क्षमताएं सैन्य इंटेलिजेंस को नए स्तर पर ले जा रही हैं। यह निरंतर निगरानी, स्थिति निर्धारण, लक्ष्य निर्धारण और संचार को बदल रही हैं, इस प्रकार युद्ध को एक नए उच्च स्तर पर ले जा रही हैं।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि दुनिया ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध के युग में है। जहां साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं, जिनसे एक भी गोली चलाए बिना राजनीतिक-सैन्य लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सीमाओं पर लगातार खतरों का सामना करना पड़ रहा है। पड़ोसी देशों से उत्पन्न छद्म युद्ध और आतंकवाद की चुनौती से ये और भी जटिल हो गए हैं। राजनाथ सिंह ने प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों के अलावा पश्चिम एशिया में संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनावों के समग्र सुरक्षा परिदृश्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी बात की। उन्होंने भविष्य के युद्धों के लिए सक्षम और प्रासंगिक बने रहने के लिए सशस्त्र बलों के परिवर्तन को सख्ती से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण दो आधारभूत स्तंभों - सुरक्षित भारत और सशक्त भारत - पर मजबूती से टिका हुआ है।

## यमन की राजधानी पर रातभर अमेरिकी हवाई हमले, 3 की मौत

**सना (आईएएनएस)**



यमन की राजधानी सना पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं। चिकित्सकों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिन्हुआ को यह जानकारी दी। बुधवार देर रात हवाई हमलों में अल-नहदयन क्षेत्र को निशाना बनाया गया, जो घनी आवासीय बस्तियों से घिरा हुआ है। छर्रे कई घरों पर गिरे और खिड़कियां टूट गईं, तीन लोगों की मौत हो गई। कई घायल नागरिकों को अस्पताल ले जाया गया। यह उत्तरी यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की नवीनतम कड़ी है। अमेरिकी सेना ने 15 मार्च को हूती ग्रुप पर हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए थे। इन हमलों का मकसद ग्रुप को उत्तरी लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाने से रोकना है। बुधवार देर रात हवाई हमलों में अन्य उत्तरी क्षेत्रों को भी निशाना बनाया गया, जिनमें लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेदाह और कामरान द्वीप भी शामिल हैं, जहां अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अमेरिकी सेना ने अभी तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले 9 अप्रैल को यमन के हौथियों ने बताया कि उन्होंने एक और अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। समूह के प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा, "हमारे हवाई रक्षा बलों ने स्थानीय रूप से निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का उपयोग करके अल-जौफ प्रांत के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया।"

**कहानी फिल्म जगत की**

## 'जाट' की स्क्रीनिंग में **धर्मेंद्र** ने किया भांगड़ा, बेटे सनी देओल की फिल्म पर जताई खुशी

धर्मेंद्र के उत्साह और ऊर्जा की हर कोई तारीफ कर रहा है। जिस जोश के साथ उन्होंने भांगड़ा किया, वह लोगों के दिल को छू गया। सोशल मीडिया पर भी लोग उन पर प्यार और सराहना की बरसात कर रहे हैं। धर्मेंद्र ने हाल ही में 2023 की ब्लॉकबस्टर 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में दिल छू लेने वाला किरदार निभाया था, जिसमें उनकी सादगी और स्क्रीन प्रेजेंस को काफी सराहा गया। वहीं बात करें उनके बेटे सनी देओल की, तो 'गदर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद उनकी डिमांड और कीमत दोनों में भारी इज़ाफा हुआ है। '



अभिनेता सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जाट' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज से पहले फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग में कई बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की। इस खास मौके पर वेटरन अभिनेता धर्मेंद्र भी मौजूद रहे। उन्होंने बेटे सनी देओल की फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान अपनी खुशी जाहिर करते हुए भांगड़ा किया, जिसे देखकर हर कोई भावुक और हैरान रह गया। 89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र का जुनून और उत्साह देखने लायक था। उन्होंने वहां मौजूद लोगों के साथ खूब मस्ती की और माहौल को बेहद खुशनुमा बना दिया। फिल्म 'जाट' की स्क्रीनिंग में धर्मेंद्र की एनर्जी और बेटे के लिए उनका प्यार सभी के दिलों को छू गया। सोशल मीडिया पर भी धर्मेंद्र के इस प्यारे अंदाज की जमकर तारीफ हो रही है। 'जाट' एक जबरदस्त मनोरंजक एक्शन फिल्म है, जो दर्शकों को पूरी तरह से बांधे रखती है। इसमें सनी देओल के धांसू डायलॉग्स, दमदार एक्शन सीन, रणदीप हुड्डा से जबरदस्त टकराव और 'छावा' फेम विनीत कुमार की दमदार अदाकारी इसे एक पूरा मसाला पैकेज बनाती है। फिल्म में साउथ स्टाइल का एक्शन देखने को मिलता है, जो दर्शकों के लिए एक नया अनुभव साबित हो सकता है। स्क्रीनिंग के दौरान धर्मेंद्र की उपस्थिति सभी का ध्यान खींच गई। रेड कार्पेट पर पहुंचते ही उन्होंने फिल्म के संगीत पर खड़े होकर भांगड़ा किया, जिससे वहां मौजूद लोग झूम उठे। 89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र के चेहरे की खुशी और ऊर्जा साफ झलक रही थी। वह बेटे सनी देओल की फिल्म को सपोर्ट करने पहुंचे थे, और उन्होंने पूरी महफिल में अपनी उपस्थिति से चार चांद लगा दिए।




## हाईकोर्ट से बुंडू अनुमंडल की समस्याओं पर स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध

**रांची।** बुंडू अनुमंडल के निवासियों ने समस्याओं को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर किया है। रमेश कुमार मुंडा ने न्यायालय से अनुरोध किया है कि बुंडू अनुमंडल की मूल समस्या पर स्वतः संज्ञान ले। बुंडू अनुमंडल को 7 सितंबर 2003 को बना था, लेकिन 22 वर्षों के बाद भी इसका निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है। इससे अनुमंडलवासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें आवश्यक सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। न्यायालय में दायर आवेदन में रमेश कुमार मुंडा ने सरकारी पदाधिकारियों पर लापरवाही और अन्यायपूर्ण कार्यशैली का आरोप लगाया है।

# प्रेम कुमार महतो को शहीद का मिले दर्जा, दोषी पर हो कार्रवाई : बाबूलाल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पिछले दिनों बोकारो स्टील प्लांट बीएसएल के प्रशासनिक भवन के सामने नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों पर सीआईएसएफ ने लाठीचार्ज कर दिया था। इस लाठीचार्ज में 24 वर्षीय प्रेम कुमार महतो की मौत हो गई थी। गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनके आवास जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली।

**भाजपा विस्थापितों की लड़ाई में साथ खड़ी**

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा विस्थापितों की लड़ाई में उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि विस्थापितों की मांग स्वाभाविक है। ये हक की लड़ाई लड़ रहे है। इसलिए प्रेम कुमार महतो की मौत पुलिस की गोली से हुई। ऐसे में उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। कहा कि गोली चलाने वाले पुलिस जवान पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो तथा कठोर सजा दिलाई जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। उन्होंने कहा कि भाजपा इस न्याय की लड़ाई में पीड़ित परिवार और विस्थापितों के साथ खड़ी है।

### मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची स्थित कई खेल परिसरों का किया निरीक्षण, कहा

# झारखंड में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी नई गति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मंत्री सुदिव्य कुमार ने मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम का निरीक्षण कर आगामी सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। वहीं निर्देश दिया कि आयोजन से पूर्व स्टेडियम की सभी आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने खेल विभाग को रांची जिला प्रशासन से फुटबॉल ग्राउंड का हैंडओवर शीघ्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार झारखंड में खेलों को नई ऊंचाई देने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध



कराने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारा प्रयास है कि राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गौरवशाली प्रदर्शन करें और झारखंड और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने मोरहाबादी इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने खेल विभाग द्वारा संचालित हाई परफॉर्मेंस सेंटर का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने फिटनेस उपकरणों एवं अन्य तकनीकी संसाधनों का अवलोकन किया तथा खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके अलावा मंत्री ने खेलगांव परिसर स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम और बैडमिंटन स्टेडियम का निरीक्षण किया और झारखंड राज्य खेलकूद प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जेएसएसपीएस द्वारा प्रस्तुत प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्था की कार्ययोजना की समीक्षा की।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने निर्देश दिया कि खेलगांव परिसरों के जीर्णोद्धार और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित सभी कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि खेलगांव को इस रूप में विकसित किया जाए कि यह भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु पूरी तरह सक्षम हो।

### आजसू के केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# पूर्व कुलपति डॉ एसपी सिंह का योगदान अविस्मरणीय :सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके भूगर्भशास्त्री एवं पूर्व कुलपति डॉ एसपी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने डॉ सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा कि बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी के रूप में डॉ एसपी सिंह का लंबे समय तक पार्टी का जुड़ाव रहा। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। हिमालयन यूनिवर्सिटी,



ईटानगर तथा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति के साथ साथ उन्होंने सीआईटी, टाटीसिलवे के निदेशक एवं जे एन कॉलेज के प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं। पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय योगदान किया। उनकी ख्याति देशझविदेश में थी। उनके श्रद्धांजलि समारोह सभा में आजसू पार्टी सुप्रीमो के साथ पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र शाही मुंडा, सोहेल शाह, डॉ मुकुंद मेहता, शहजाद आलम, हरीश सिंह, देव शंकर, प्रहलाद अग्रवाल, बबलू महतो, राजेश सिंह, रोहित प्रकाश प्रीत, शशि भूषण, दया शंकर झा, विज्ञान सिंह आदि अन्य पार्टी के कार्यकर्ता भी भारी संख्या में उपस्थित होकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

# झारखंड में लागू न हो वक्फ कानून : नायक



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि पश्चिम बंगाल की तर्ज पर झारखंड में भी वक्फ (संशोधन) कानून हेमंत सोरेन सरकार लागू न करे। इस संबंध में झारखंड सरकार खुला ऐलान करे। जिस तरह केंद्र की सरकार ने वक्फ कानून को लागू किया है, उससे पूरे देश के मुस्लिम समाज संशय की स्थिति में हैं और झारखंड के मुस्लिम समाज भी उससे अछूता नहीं हैं। अब देश के साथ-साथ झारखंड में भी लोग आंदोलन करने के मूड में आ चुके हैं। ऐसे में झारखंड की हेमंत सरकार और गठबंधन कांग्रेसी नेतृत्व को यह स्पष्ट करना होगा कि वे वक्फ कानून को झारखंड में लागू करेंगे या नहीं लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत से गैर भाजपाई राज्यों की सरकारें साफ शब्दों में एलान कर चुकी हैं कि वे अपने राज्य में वक्फ कानून को लागू नहीं करेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी साफ शब्दों में कह दिया है कि उनके राज्य में वक्फ (संशोधन) कानून लागू नहीं होगा और वह अल्पसंख्यकों की और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी।

## पाम संडे 13 को, तैयारियां जोरों पर

**रांची।** ईसा मसीह के यरूशलम में प्रवेश के समय हुई घटना को याद करते हुए 13 अप्रैल को मसीही विश्वासियों द्वारा मनाए जाने वाले पाम संडे (खजूर पर्व) की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। ईस्टर से पहले वाले रविवार को मनाए जाने वाले पाम संडे के बाद मसीही विश्वासी महाउपवासकाल-चालीसा काल के पुण्य सप्ताह में प्रवेश कर जाएंगे। इस दिन मसीही खजूर की डाल के साथ चर्च के मिस्सा अनुष्ठान, प्रभुभोज में शामिल होंगे और खजूर डाल के साथ शोभायात्रा निकालेंगे। इसके बाद 18 अप्रैल को यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने की घटना को याद करते हुए गुड फ्राइडे की विशेष धर्म विधि की जाएगी। मृतकों में से यीशु मसीह के जी उठने की घटना को याद करते हुए 20 अप्रैल को ईस्टर का पर्व मनाया जाएगा।



## शिला पूजन कार्यक्रम के लिए सीएम को किया आमंत्रित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत ओम प्रकाश शरण एवं सदस्य प्रणय कुमार, प्रीति वर्मा, अयोध्या दास तथा मिथिलेश कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 14 अप्रैल 2025 को श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के नवनिर्माण के लिए आयोजित होने वाले शिला पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## संगठित अपराध और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर जागरुकता जरूरीः सुदिव्य



**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के अपराध शास्त्र विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध और आतंकवाद विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ डीएसपीएमयू के सभागार में गुरुवार को हुआ। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, राहुल पुरवार, कुलसचिव हेमेंद्र कुमार भगत, डॉ पीएम नायर व डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने शुभारंभ किया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि संगठित अपराध और आतंकवाद जैसे वैश्विक मु?द्दों पर युवाओं और शिक्षाविदों की सहभागिता अत्यंत जरूरी है। राहुल पुरवार ने कहा कि अपराध व आपराधिक गतिविधियों में कमी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों को साथ आने की आवश्यकता है। मौके पर डॉ एमए देव स्मिथ, डॉ प्रिया टोपनो, सूची प्रिया, डॉ संजय कुमार, डॉ कृति निगम, अभिषेक कुमार और विद्यार्थी मौजूद थे।

# आंबेडकर जयंती पर संविधान की प्रति लेकर कांग्रेस बनाएगी मानव शृंखला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती पर संविधान की प्रति के साथ मानव शृंखला बनाएगी । वहीं, 14 अप्रैल को आंबेडकर चौक से स्वामी विवेकानंद चौक देवेंद्र मांझी चौक होते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक तक संविधान की प्रति लेकर मानव शृंखला का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मानव शृंखला कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रांची महानगर, रांची ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदेश एवं जिला अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष माननीय खिजरी मांडर कांके के विधायक, प्रदेश पदाधिकारी बोर्ड/ निगम/ आयोग



के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य एवं प्रदेश मीडिया विभाग सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की बैठक आयोजित की गई है।

उन्होंने बताया कि भाजपा अपने आंतरिक एजेंडों के अनुसार धीरे-धीरे भारत के संविधान पर हमला कर रही है। अपने इसी एजेंडे के तहत संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में संशोधन कर रही है जिससे देश की जनता को संविधान से मिले अधिकारों मे कटौती की जा रही है। संविधान को समाप्त कर लोकतांत्रिक व्यवस्था की जगह राजशाही सत्ता स्थापित करने की मंशा भाजपा पूरी करना चाहती है। भाजपा की इस मंशा का विरोध कांग्रेस देशव्यापी स्तर पर कर रही है। बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान में बदलाव करने की भाजपा की मनोवृत्ति को कांग्रेस कतई पूरा नहीं होने देगी,दलितआदिवासी,पिछड़ों,अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमले के विरोध में राजधानी रांची में विरोध स्वरूप मानव श्रृंखला निर्माण का आयोजन किया जा रहा है।

## ऑटो हटाने के विवाद में युवक और गर्भवती को पीटा

**रांची।** डोरंडा नीम चौक की रहने वाली जीतन परवीन ने पिंटू और चांद के विरूद्ध उनके पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। जीतन परवीन ने पिंटू और चांद के विरूद्ध डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जीतन परवीन ने पुलिस को बताया कि आरोपी उनके घर के बाहर में अपना ऑटो खड़ा कर देता है। बुधवार को जब उनके पुत्र काबिज ने ऑटो हटाने को कहा तो आरोपियों ने उनके पुत्र के साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने गई उनकी गर्भवती पुत्री को भी आरोपियों ने पीटा। इसके बाद वह थाना पहुंचीं और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे मणिपुर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दो दिवसीय दौरे पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मणिपुर पहुंचे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मणिपुर के कामजोंग जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। मणिपुर पहुंचने पर मणिपुर भाजपा के प्रदेश महामंत्री के सरतकुमार सिंही, विधायक के गोविंददास, विधायक एल सुसिंद्रो मैतेई, विधायक बसंत कुमार सिंह, विधायक इबोमचा सिंह, विधायक एस कुंजाकेशोर सिंह, विकास बसनेत द्वारा स्वागत किया गया एवं उनके साथ आत्मीय संवाद हुआ। तत्पश्चात रक्षा मंत्री संजय सेठ ने मणिपुर के राजपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की एवं मणिपुर में सैनिक स्कूल एवं एनसीसी के विस्तार पर सकारात्मक बातचीत की।

रक्षा मंत्री श्री सेठ ने कामजोंग




**राज्य में चल रहे विकास कार्य की समीक्षा की राज्यपाल से भी मिले**

जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में स्वास्थ्य शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे वित्तीय समावेश कृषि बिजली सहित अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की। साथ ही बन धन विकास कार्यक्रम के तहत मणिपुर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह के साथ मिलकर उनके द्वारा चलाए जा रहे कार्य योजनाओं को जाना।

## एचइसी में आवंटित क्वार्टरों के सरेंडर करने की प्रक्रिया फिर शुरू

**रांची।** एचइसी प्रबंधन ने आवंटित क्वार्टरों को सरेंडर करने की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू कर दी है। यह प्रक्रिया पिछले कई माह से बंद थी। जो कर्मी एचइसी से इस्तीफा देकर दूसरी कंपनी चले गये या जो अपना मकान बना लिये हैं, उनके क्वार्टर के सरेंडर करने की प्रक्रिया आवेदन देने के बाद भी प्रबंधन नहीं कर रहा था। इस कारण उन्हें प्रबंधन द्वारा लगाये गये मार्केट रेट पर किराया देना पड़ रहा था। यह रेंट दो से तीन गुना अधिक है। प्रक्रिया शुरू होने के बाद पिछले दो दिनों में 30 से अधिक लोगों ने क्वार्टर सरेंडर किया है। इधर, हटिया कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव ने प्रबंधन के इस फैसले का स्वागत किया है।

## कांके चौक पर लगेगी अनिल टाइगर की प्रतिमा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व जिला परिषद् सदस्य सह भाजपा नेता स्वर्गीय अनिल टाइगर की जयंती गुरुवार को लालपुर के होटल सिटी पैलेस में मनाई गई। मौके पर अनिल टाइगर की पत्नी समेत कई लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कुरमी विकास मार्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि पुलिस अनिल टाइगर की हत्या में शामिल



मुख्य साजिशकर्ता को जल्द गिरफ्तार करे। संजय महतो ने कहा कि अनिल महतो गरीबों की मदद करते थे। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत उनकी हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि अनिल टाइगर की कांके चौक पर जल्द प्रतिमा लगेगी। मौके पर पत्नी लता देवी, पुत्र सुरज महतो, संजय लाल महतो, जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, भाजपा नेता युवराज पासवान, गोपेश्वर सिंह, राजकुमार महतो, पंकज महतो सहित अन्य लोगों ने भी श्रद्धांजलि दी।

## रामनवमी पर्व के सफल आयोजन पर समिति ने जिला प्रशासन का जताया आभार

**रांची।** रामनवमी पर्व के सफल, शांतिपूर्ण एवं भव्य आयोजन को लेकर गुरुवार को श्री महावीर मंडल समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से औपचारिक रूप से मुलाकात की व प्रशासन के कुशल प्रबंधन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष जय सिंह यादव एवं पवन कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सागर कुमार, सुशील बाजपेयी, राजू यादव, दीपक सिंह, सुजीत कुमार, आलोक दुबे, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, मंत्री राहुल सिन्हा (चंकी), सह मंत्री सुभाष साहू, बलराम, संतोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, दीपक ओझा मौजूद थे। वहीं केंद्रीय युवा महावीर मंडल से नंदकिशोर सिंह चंदेल सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, विन्दुल वर्मा, अभिषेक यादव व मणिकांत राव मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**ऊंची उड़ान भरनी है...**

आगे आने का मौका मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियों में खेलों से आत्मीय लगाव देखने को मिलता है। उनके पास संसाधनों की कमी होती है, लेकिन खेलों के प्रति दीवानगी देखते ही बनती है। सिमडेगा और खूंटी के सुदूर इलाकों में रहने वाले गरीब बच्चे-बच्चियों के हाथों में हॉकी स्टिक देख कर आप सहज अनुमान लगा सकते हैं कि उनका हॉकी से किस तरह का जुड़ाव है। हमारा राज्य हॉकी के साथ फुटबॉल और अन्य खेलों में भी आगे बढ़े, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खेल प्रतियोगिताओं का सफल और शानदार आयोजन करता आ रहा है। हॉकी में हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई टूनार्मेंट आयोजित कर मिसाल पेश की है, जिसकी सराहना देश और दुनिया ने की है। अब फुटबॉल के भी कई बड़े आयोजन करने की योजना है, ताकि यहां के फुटबॉल खिलाड़ियों को एक बेहतर माहौल दिया जा सके। मुख्यमंत्री सोरेन ने इस मौके पर पढ़ाई के साथ फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रहीं बच्चियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। बच्चियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ट्रस्ट से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी में काफी बदलाव आया है। पढ़ाई के साथ खेलों में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। देश विदेश में होने वाले फुटबॉल प्रतियोगिताओं में शामिल होने का मौका मिल चुका है। आज हमारे लिए फुटबॉल से बढ़कर कुछ भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई और कहा, आप जैसी बच्चियां फुटबॉल में झारखंड का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान बच्चियों ने भी मुख्यमंत्री से सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने वालों में युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर, चाइल्ड डेवलपमेंट ऑफिसर निहारिका, युवा स्कूल की प्रिंसिपल श्रुति, लाइफ स्किल प्रोग्राम की कोऑर्डिनेटर अंकिता के साथ कई बच्चियां शामिल थीं।

**ईमानदारी से मेहनत करें अलग पहचान मिलेगी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बच्चियों से कहा कि अगर आपको ऊंची उड़ान भरनी है, तो सपने जरूर देखना चाहिए। जब आप सपना देखेंगी, तभी आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि काम कोई भी छोटा या बड़ा नहीं होता है। आप किसी भी क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकती हैं। लेकिन, जिस भी क्षेत्र में जाएं, वहां ईमानदारी से मेहनत करें। आपके कार्यों से आपको निश्चित तौर पर अलग पहचान मिलेगी।

**600 बच्चियां ले रहीं फुटबॉल का प्रशिक्षण :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर ने बताया कि रांची के ओरमांझी में ट्रस्ट की ओर से तीन तरह के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों को सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन द्वारा भी सपोर्ट किया जा रहा है। इसके तहत यहां गरीब बच्चियों के लिए स्कूल संचालित किया जा रहा है, जहां कक्षा 2 से 12वीं तक की पढ़ाई होती है। वहीं, 600 बच्चियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावे, लाइफ स्किल्स वर्कशॉप्स के जरिए बच्चियों के लिए स्वास्थ्य, करियर, कैंपस प्लेसमेंट आदि को लेकर इवेंट्स होते हैं। यहां की बच्चियां विदेशों में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा खूंटी जिले में नया कैंपस बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट को भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से इसमें हर संभव सहयोग किया जाएगा।

**10 एकड़ जमीन के ...**

से विवादित जमीन पर दखल करने और बिक्री करने की कोशिश की। लेकिन, मृतक अनिल महतो ने देवव्रत नाथ शाहदेव का लगातार विरोध किया। इस घटना के बाद भी कई बार देवव्रत नाथ शाहदेव ने अपने सहयोगियों के माध्यम से उस जमीन पर दखल करने एवं बिक्री करने का प्रयास किया। परंतु, मृतक अनिल महतो ने देवव्रत नाथ शाहदेव का लगातार विरोध किया, जिसके परिमाणस्वरूप देवव्रत नाथ शाहदेव के द्वारा उस भूमि पर न तो कब्जा किया जा सका और न ही उसकी बिक्री की जा सकी।

पुलिस ने बताया कि इसी दौरान दिसंबर 2023 में देवव्रत नाथ शाहदेव के पक्ष में हरमू निवासी विनोद पासवान नामक व्यक्ति आया। और, अनिल महतो ने विवाद के समाधान के लिए विनोद पासवान के घर बैठक की। बैठक के दौरान अनिल टाइगर ने यह मांग रखी कि प्रति डिसमिल 50,000 रुपए की दर से 4.5 करोड़ रुपए दिए जाएं, तभी स्थानीय जोतकार विरोध नहीं करेंगे। लेकिन, बैठक के दौरान ही देवव्रत नाथ शाहदेव और मृतक अनिल महतो के बीच रुपए लेन-देने के बात पर समझौता नहीं हो पाया। इस कारण कहासुनी हुई और देवव्रत नाथ शाहदेव ने अनिल महतो को धमकी देते हुए उनपर पिस्टल तान दिया, जिसके परिणामस्वरूप समझौता वार्ता फिर से विफल हो गई।

बताया गया कि मृतक अनिल महतो ने देवव्रत नाथ शाहदेव के विवादित भूमि का अवैध कब्जा किए जाने के सभी प्रयास का लगातार विरोध किया, जिससे देवव्रत नाथ शाहदेव में आक्रोश था। जमीन पर दखल नहीं होने और उसकी बिक्री नहीं होने के कारण उसे आर्थिक नुकसान भी हो रहा था। इसी वजह से देवव्रत नाथ शाहदेव ने अनिल टाइगर को रास्ते से हटाने के लिए उनकी हत्या करने की योजना बनाई। इसके बाद आक्रोश में देवव्रत नाथ शाहदेव ने जमीन कब्जा किए जाने की प्रक्रिया में अनिल महतो उर्फ अनिल टाइगर द्वारा की जा रही बाधा को दूर करने के लिए अनिल महतो की हत्या की साजिश रची। वहीं, हत्या के लिए अभिषेक सिंह उर्फ सूरज सिन्हा को 2,00,000 रुपए की सुपारी दी।

पुलिस जांच के क्रम में हत्या की योजना और घटना को अंजाम देने में शामिल सात अपराधियों को चिह्नित किया गया, जिनमें देवव्रत नाथ शाहदेव के अलावा अभिषेक सिन्हा, रोहित वर्मा, अमन सिंह, जिशान अख्तर, मनीष चौरसिया और अजय कुमार रजक शामिल हैं। इसमें चार अपराधी अमन सिंह, मनीष चौरसिया, जिशान अख्तर और अजय कुमार को गिरफ्तार कर किया गया है। वहीं, एक आरोपी रोहित वर्मा को वारदात के दिन ही मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अपराधियों का अपराधिक इतिहास भी रहा है।

# वक्फ कानून के समर्थन में प्रस्ताव पारित करे झामुमो : अजय साह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो को सुझाव दिया है कि आगामी महाधिवेशन में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ एवं आदिवासी जमीन का सुरक्षा कवच वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में प्रस्ताव लाए तो राज्य का भला होगा। उन्होंने झामुमो पर आदिवासियों के नाम पर केवल राजनीतिक दिखावा करने का आरोप लगाया और मांग की है कि पार्टी अधिवेशन के मंच से स्पष्ट रूप से बताएं कि वह आदिवासियों की जमीन की रक्षा करना चाहती है या तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है। अजय ने कहा कि झामुमो बार-बार आदिवासी हितों की बात करती है, लेकिन जब जमीन पर उनकी सुरक्षा की बात आती है, तो पार्टी चुप्पी साध लेती है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पारित वक्फ संशोधन कानून ने शेड्यूल 5 में आने वाली आदिवासी जमीनों को वक्फ एक्ट के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा है। यह कानून उन



आदिवासियों के लिए एक क्रांतिकारी सुरक्षा कवच है, जिनकी जमीन पर अवैध कब्जे लगातार हो रहे थे।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह कानून आने के बाद अब उन घटनाओं पर रोक लगेगी, जिनमें मुस्लिम वक्फ बोर्ड के नाम पर बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही थी। बांग्लादेशी घुसपैठ से राज्य की डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव आया है, जिसके कई भयावह परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने संशोधित वक्फ कानून को एक ऐसा ऐतिहासिक और दूरगामी कदम बताया, जो आदिवासियों की भूमि सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## आज का मैच

चेन्नई सुपर किंग्स Vs कोलकाता नाइट राइडर्स

दिनांक 11 अप्रैल शुक्रवार | स्थान चेन्नई | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 05 | 01 | 04 | 02 |
| आरसीबी | 04 | 03 | 01 | 06 |
| पीके | 04 | 03 | 01 | 06 |
| सीएसके | 05 | 01 | 04 | 02 |
| डीसी | 03 | 03 | 00 | 06 |
| एलएसजी | 05 | 03 | 02 | 06 |
| एमआइ | 05 | 01 | 04 | 02 |
| जीटी | 05 | 04 | 01 | 08 |
| केकेआर | 05 | 02 | 03 | 04 |
| आरआर | 05 | 03 | 02 | 04 |

# दिल्ली को मिला 164 रनों का लक्ष्य



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच शुरू हो गया है। दोनों टीमें इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं और यह मैच एक रोमांचक जंग का वादा करता है। बहरहाल, दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। फिलिप सॉल्ट ने 37 तो टिम डेविड ने 37 रन बनाकर स्कोर 163 तक पहुंचा दिया।

**दिल्ली कैपिटल्स खेल रही**

दिल्ली को फाफ डु प्लेसिस और जेक फ्रेजर अच्छी शुरूआत नहीं दे सकते। दूसरे ओवर में जहां फाफ 2 रन बनाकर यश दयाल का शिकार हुए तो तीसरे ओवर में भुवनेश्वर ने जेक फ्रेजर की 7 रन पर विकेट निकाल दी। अभिषेक पोरेल 7 गेंदों पर 7 रन बनाकर भुवी की गेंद पर ही आऊट हो गए। इससे पांच ओवर में ही दिल्ली का स्कोर 3 विकेट खोकर 31 रन हो गया।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 163/7 (20 ओवर)**

फिलिप सॉल्ट के साथ विराट कोहली ओपनिंग पर आए। सॉल्ट ने टीम को तेजतर्रार शुरूआत दी। उन्होंने तीसरे ओवर में मिशेल स्टार्क की ओवर में 30 रन खींच लिए। वह चौथे ओवर में 17 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल एक रन बनाकर आऊट हो गए। रजत पाटीदार ने एक छोर संभाला तभी विराट कोहली विपराज का शिकार हो गए। उन्होंने 14 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 22 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टन 4 तो जितेश शर्मा 3 रन बनाकर आऊट हो गए। इस दौरान पाटीदार ने क्रुणाल के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। लेकिन तभी कुलदीप ने आकर पाटीदार (25) का विकेट निकाल लिया। क्रुणाल पांड्या ने 18 रन बनाए। वह भी विपराज का शिकार हुए। क्रुणाल पांड्या ने 18 रन बनाए। वह भी विपराज का शिकार हुए। टिम डेविड ने फिर एक छोर संभाला और 4 छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर स्कोर 7 विकेट पर 163 तक पहुंचा दिया।

टॉस जीतने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे। मेरी उंगलियां ठीक हैं, उन्हें बचा रही हैं, लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो मैं चारों ओवर गेंदबाजी करूंगा। फाफ फिट है, वह अंदर है और रिजी बाहर है। हमने अपना क्रम तय कर लिया है और केएल मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेगा।

स्पिनरों की यहां भूमिका होगी, लेकिन मोटे गेंदबाज भी विकेट ले सकते हैं। उन्हें अपनी भूमिका निभानी होगी जिसके लिए उन्हें चुना गया है, हमारे पास दो अच्छे लेग स्पिनर हैं। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि हम लक्ष्य का पीछा करना पसंद करते, लेकिन सतह कठोर दिखती है, हम एक अच्छा स्कोर बनाने और उसका बचाव करने की कोशिश करेंगे। मैं हमेशा अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करता हूं, लेकिन मैं योजना भी बनाता हूं। घरेलू मैच जीतना भी महत्वपूर्ण है, गति बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। हमारे लिए कोई बदलाव नहीं है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार।

# संजू सैमसन पर लगा स्लो ओवर रेट के चलते 24 लाख रुपये का जुर्माना



> सैमसन और उनकी टीम पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत जुर्माना लगाया गया है।

एजेंसी

**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स को बुधवार शाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के हाथों 58 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, स्लो ओवर रेट के चलते राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगा है।

गुरुवार को आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सैमसन और उनकी टीम पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत जुमार्ना लगाया गया है। बयान में कहा गया, इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाएगा।

आरआर का पिछला स्लो ओवर रेट अपराध रियान पराग की कप्तानी में हुआ था, जब गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच जीतने के बाद उन पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। उस खेल में, सैमसन अपनी उंगली की चोट के कारण बतौर एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे थे। आईपीएल 2025 में स्लो ओवर रेट जुमार्ना झेलने वाले अन्य कप्तानों में मुंबई इंडियंस (एमआई) के हार्दिक पांड्या, लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के ऋषभ पंत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के रजत पाटीदार शामिल हैं। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के मैच की बात करें तो, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने शानदार 82 रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए लाल मिट्टी की पिच पर आरआर को पूरी तरह से मात दी और जीटी को 217 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। 24 रन देकर 3 विकेट चटकाए और जीटी ने आरआर को 19.2 ओवर में 159 रन पर आउट कर दिया। आरआर के लिए, शिमरोन हेटमायर (52), सैमसन (41) और पराग (26) को छोड़कर कोई भी दोहरे अंक में नहीं पहुंच सका। टूनार्मेंट में जीटी की लगातार चौथी जीत ने अब उन्हें आईपीएल 2025 का नया टेबल टॉपर बना दिया है।

## एक नजर

### गौतम अदाणी ने नेशनल पैरा टीटी में उपलब्धियों के लिए नूरजहां जमानी को दी बधाई

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अदाणी एयरपोर्ट्स की नूरजहां जमानी को यूटीटी नेशनल पैरा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के लिए बधाई दी है। गौतम अदाणी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में नूरजहां के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, अदाणी में एक और शानदार सप्ताह! उन्होंने लिखा, अदाणी एयरपोर्ट्स की नूरजहां जमानी को ढेरों बधाइयां। यूटीटी नेशनल पैरा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, उसके बाद नेशनल पैरा टेबल टेनिस 2024-25 में महिला सिंगल्स (क्लास 6) में फिर से स्वर्ण, मिक्स डबल्स में रजत और महिला डबल्स में कांस्य पदक जीते। यह अद्भुत सफलता हम सबके लिए गर्व की बात है।

### दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान बावुमा को कोहनी में लगी चोट

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से दो महीने पहले कोहनी में चोट लग गई है। बावुमा को क्रिकेट साउथ अफ्रीका के चार-दिवसीय सीरीज के प्रथम श्रेणी फाइनल में लायंस के लिए टाइटंस के खिलाफ खेलने की उम्मीद थी, जो गुरुवार को वांडरर्स में शुरू हो रहा है। लेकिन, वह जोहान्सबर्ग नहीं पहुंचे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, लायंस को बुधवार देर रात पता चला कि बावुमा हल्की चोट के कारण मैच नहीं खेल पाएंगे। चैंपियंस ट्रॉफी के समापन के बाद से बावुमा ने किसी भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया है। हालांकि, वह पिछले सप्ताह नाइट्स के खिलाफ ब्लोमफोंटेन में खेले गए मैच के लिए लायंस की टीम का हिस्सा थे। इस मैच को रद्द कर दिया गया था। बावुमा को 2022 में बायीं कोहनी में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके कारण उन्हें उस साल दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड दौरे से हटना पड़ा और तीन महीने तक मैदान से बाहर रहना पड़ा।

### थाईलैंड की टेनिस खिलाड़ी मानन्चाया ने कहा

# भारत में खेलने का अनुभव शानदार



एजेंसी

**पुणे।** भारत के पुणे में आयोजित बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 टूनार्मेंट में थाईलैंड की मानन्चाया सावनकावे शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। महलुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में एमएसएलटीए, एआईटीए और पीएमडीटीए के संयुक्त आयोजन में चल रहे इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में उन्होंने अब तक अपने दोनों मुकाबले जीतकर सबका ध्यान खींचा है। पहले दिन थाईलैंड की टीम ने हांगकांग, चीन के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मानन्चाया ने शानदार वापसी करते हुए होन्ग यी कोडी वोंग को 3-6, 6-3, 6-1 से हराकर अपनी टीम को विजयी शुरूआत दिलाई।

दूसरे दिन थाईलैंड की टक्कर मेजबान भारत से हुई। इस बार मानन्चाया का सामना भारत की सहजा यमलपल्ली से हुआ। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां मानन्चाया ने पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन सहजा ने टाई-ब्रेक में दूसरा सेट जीतकर मुकाबले में वापसी की। दुर्भाग्यवश तीसरे सेट में चोट के चलते सहजा को मैच से रिटायर होना पड़ा और मुकाबला मानन्चाया के नाम रहा।

भारत में खेलने के अनुभव पर मानन्चाया ने एक आदिकारिक बयान में कहा, ह्लमैं जूनियर स्तर से ही भारत में खेल रही हूं और यहां आकर हमेशा अच्छा लगता है। कभी-कभी गर्मी और उमस के कारण मुश्किल होती है लेकिन अब इसकी आदत हो गई है। भारतीय खिलाड़ी अब काफी बेहतर हो रहे हैं और उनके खिलाफ खेलना अच्छा लगता है। उन्होंने हाल ही में भारत में आयोजित डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में भी हिस्सा लिया था और कहा, यहां की सुविधाएं मुंबई ओपन जैसी ही बेहतरीन हैं। पहले की तुलना में अब चीजें और बेहतर हो रही हैं और मैं हमेशा भारत आकर खुश होती हूं।

### 128 वर्षों बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की होगी वापसी

# क्रिकेट में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीम स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90-90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है।




ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है। प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे में 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# जेएलआर इंडिया ने वित्त वर्ष 25 में बेची अब तक की सबसे अधिक 6,183 कारें

**मुंबई।** जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया ने गुरुवार को ऐलान किया कि वित्त वर्ष 25 में कंपनी ने अब तक की सबसे अधिक 6,183 यूनिट्स की बिक्री की है। इसमें वित्त वर्ष 24 के मुकाबले 40 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। टाटा मोटर्स की सहयोगी कंपनी जेएलआर ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में कंपनी की थोक वॉल्यूम में 39 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और इस दौरान डीलर्स को कुल 6,266 यूनिट्स भेजे गए थे। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही मजबूत रही है। इस दौरान रिटेल बिक्री 1,793 यूनिट्स और थोक बिक्री 1,710 यूनिट्स रही है। जेएलआर के सभी मॉडल्स में डिफेंडर बिक्री में शीर्ष पर रहा। डिफेंडर की बिक्री में सालाना आधार पर 90 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी की जानकारी के मुताबिक, स्थानीय स्तर पर निर्मित रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिनकी बिक्री में क्रमशः 72 प्रतिशत और 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि कंपनी की वृद्धि कुल लक्जरी कार बाजार से आगे निकल गई है। अंबा ने कहा, वित्त वर्ष 2024 में 81 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के आधार पर कंपनी ने चालू वर्ष में खुदरा और थोक विकास के साथ लक्जरी कार उद्योग को पीछे छोड़ दिया है। अंबा ने कहा कि कंपनी प्रीमियम उत्पाद पेशकशों और अच्छे ग्राहक अनुभव के माध्यम से वित्त वर्ष 2026 में इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस हफ्ते की शुरूआत में, वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में टाटा मोटर्स की वैश्विक स्तर पर थोक बिक्री में 3 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वैश्विक स्तर पर, जेएलआर को मिलाकर कंपनी की थोक बिक्री मार्च तिमाही में 3,66,177 यूनिट्स रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की थोक बिक्री 3,77,432 यूनिट्स रही है। टाटा देवू रेंज सहित वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 3 प्रतिशत घटकर 1,07,765 यूनिट्स रह गई।

> इस साल मे अब तक 6,183 यूनिट्स की बिक्री हुई है।

> अंबा ने कहा, वित्त वर्ष 2024 में 81 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के आधार पर कंपनी ने चालू वर्ष में खुदरा और थोक विकास के साथ लक्जरी कार उद्योग को पीछे छोड़ दिया है।



# 90 दिन की अमेरिकी टैरिफ राहत से अधिक सस्टेनेबल व्यापार समझौते होंगे : विशेषज्ञ

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ फ्रंट पर अस्थायी राहत ने व्यवसायों और भारत को सप्लाई चेन को स्थिर और संचालन को अनुकूलित करने की सुविधा दी है। उद्योग विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा कि इससे नीति निमार्ताओं को अधिक सस्टेनेबल व्यापार समझौतों की दिशा में काम करने का अवसर भी मिला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन व्यापारिक साझेदार देशों के लिए रेसिप्रोकल टैरिफ में 90 दिनों के लिए 10 प्रतिशत की कम दर की घोषणा की है, जिन्होंने अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाकर जवाबी कार्रवाई नहीं की है, जैसे भारत। वहीं, जवाबी कार्रवाई करने के लिए चीन पर शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया गया है।

एसईएमआई आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा, भारत और कई दूसरे देशों के लिए टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का 90 दिवसीय विराम एक मौलिक नीतिगत बदलाव के बजाय 'रणनीति को फिर से तैयार करने' को दशार्ता है। यह अमेरिकी उपभोक्ताओं और वैश्विक भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से एक स्वागत योग्य विकास है। उन्होंने कहा कि इस रोक से वैश्विक व्यापार की गतिशीलता का दोबारा मूल्यांकन का रास्ता खुल गया है, लेकिन अधिकांश अमेरिकी आयातों पर मौजूदा 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ और 90 दिनों के बाद आने वाले टैरिफ के कारण तनाव और अनिश्चितता बनी हुई है।

देश-विशिष्ट टैरिफ लगाने का कदम वैश्विक व्यापार परिदृश्य के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण विकास है। बीडीओ इंडिया के टैक्स और नियामक सेवाओं के पार्टनर प्रशांत भोजवानी ने कहा, इसका प्रभाव कर से परे है और इससे सप्लाई चेन, बिजनेस मॉडल में व्यवधान पैदा हो सकता है।

# अमेरिका की डेल्टा को पछाड़ इंडिगो बनी दुनिया की सबसे मूल्यवान एयरलाइन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो अमेरिका की डेल्टा एयरलाइन को पछाड़कर 23.24 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ दुनिया की सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई है। इंडिगो का शेयर बुधवार को उच्चतम स्तर 5,265 रुपये पर पहुंच गया, जिसके कारण कंपनी का बाजार पूंजीकरण डेल्टा एयरलाइन के मार्केट कैप 23.18 अरब डॉलर से अधिक हो गया। हालांकि, यह बढ़त कुछ देर के लिए कयाम रही। कारोबार के अंत में इंडिगो का बाजार पूंजीकरण कम होकर 23.16 अरब डॉलर हो गया। आखिरी कारोबारी सत्र में इंडिगो का शेयर 5,149.9 रुपये पर बंद हुआ। महावीर जयंती के कारण आज शेयर बाजार बंद है। ऑफिशियल एयरलाइन गाइड (ओएजी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो एयरलाइंस सीट क्षमता के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइन के रूप में उभरी है, जो 2024 में सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत बढ़कर 134.9 मिलियन सीटों तक पहुंच गई है।

# फेस आइडी या क्यूआर से अब होगा आधार सत्यापन

## नया आधार एप शीघ्र

**नई दिल्ली।** भारत सरकार बेहतरीन तकनीकी सुविधा के लिए नए-नए प्रयास करती रहती है। केंद्रीय संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक नए आधार एप की लॉन्चिंग की घोषणा की है। मंत्री ने कहा कि यह एप आधार सत्यापन की प्रक्रिया को पहले से कहीं ज्यादा सहज, फास्ट और सिक्योर बनाएगा। नया आधार एप उपयोगकताओं को अब किसी प्रकार की हार्डकॉपी या आधार की फोटो साथ रखने के जरूरत को खत्म कर देगा। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने नए एप को लेकर कहा कि आधार वेरिफिकेशन अब वढकपेमेंट जितना आसान हो जाएगा, हालांकि यह एप फिलहाल बीटा टेस्टिंग में है लेकिन जल्द ही इसे लॉन्च किया जाएगा।

**यूजर्स को इस एप में क्या-क्या मिलेगा?**

नए आधार एप को लेकर सरकार का कहना है कि आधार के इस नए के जरिए फेस आईडी और क्यूआर स्कैनिंग के जरिए डिजिटली वेरिफिकेशन होगा यानी वेरिफिकेशन के लिए मोबाइल नंबर पर ओटीपी की आवश्यकता नहीं होगी। अब आधार के नए एप से उपयोगकताओं को अनुमति के बिना डेटा शेयर नहीं किया जाएगा। अब आपका डेटा आपके ही कंट्रोल में रहेगा। वेरिफेकिशन के लिए डॉक्यूमेंट की फोटोकॉपी देने की जरुरत नहीं होगी यानी होटल, एयरपोर्ट जैसे जगहों पर फोटोकॉपी अब देने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार का दावा है नए एप के आने से आधार को लेकर फजीर्वाड़ा नहीं होगा। अब आप आधार कार्ड को फॉटोशॉप करके एडिट नहीं कर पाएंगे।

**क्या सच में नए एप की आवश्यकता है?**

वैसे तो डिजिटल आधार का यूज लंबे समय से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त होटल जैसी जगहों पर पहले से ही मास्क आधार का यूज हो रहा है। अब डिजियात्रा एप की बात करें तो फ्लाइट के सफर को आसान बना ही दिया है तो अब ऐसे में इस एप भी क्या जरुरत है। तो फिर इस नए एप की कोई खासी जरुरत नहीं थी, लेकिन एप को बिना टेस्ट के किए कुछ भी कहना अभी लाजमी नहीं होगा। पब्लिक वर्जन रिलीज के बाद ही इस एप के बारे में बता पाएंगे।